हिन्दी दैनिक
जन-जन की वाणी...
# सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 11



खेल

## आईपीएल जैकब बेथेल के जाने के बाद आरबीसी ने टीम सेफर्ट को टीम में किया...

Page 10



देश

## धुले जिले के दौरे के दौरान महाराष्ट्र विधानमंडल की समिति को रिश्वत देने का...

कृष्ण पक्ष, उत्तर भाद्रपद, विक्रम संवत् 2082


• औरंगाबाद • शुक्रवार • 23 मई 2025 • वर्ष 27 • अंक 161 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

### सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |





| ₹ 97,910 | ₹ 1,01,000 |
|---|---|

### आज का इतिहास

**2010 :** भारत के उच्चतम न्यायालय ने बिना विवाह किये महिला और पुरुष का एक साथ रहना अपराध नहीं माना।

**1947 :** ब्रिटेन के मंत्रिमंडल ने भारत के दो राज्यों में विभाजन के लिए लॉर्ड माउंटबेटन के प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त की, एक मुस्लिम और दूसरा हिंदू। वाइसराय को भारत के सचिव, लॉर्ड लिस्टोवाल के साथ बातचीत की एक श्रृंखला है।

### न्यूज बाइट्स

#### किसानों को सीएसआर से जोड़े : जगदीप धनखड़

**नई दिल्ली (ए.)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कृषि को कंपनी सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) से जोड़ने का आह्वान करते हुए गुरुवार को कहा कि विकसित भारत का मार्ग किसानों से होकर गुजरता है। श्री धनखड़ ने आज गोवा में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद -केंद्रीय तटीय कृषि अनुसंधान संस्थान परिसर में किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय अर्थव्यव्यस्था को विकसित बनाने के प्रयासों में किसानों की सहभागिता बढ़ायी जानी चाहिए। उद्योगों को अपने सीएसआर कोष को कृषि में लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस कोष का प्रयोग कृषि संबंधी अनुसंधान में किया जाना चाहिए और किसानों को इसमें शामिल किया जाना चाहिए।

#### केंद्र सरकार की आवासीय सुविधाओं में दिव्यांगजनों के लिए चार प्रतिशत आरक्षण

**नई दिल्ली (ए.)।** सरकार ने दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए केंद्र सरकार की आवासीय सुविधाओं में दिव्यांगजनों के लिए चार प्रतिशत आरक्षण का निर्णय लिया है। आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने गुरूवार को बताया कि सरकार के सबका साथ, सबका विकास के दृष्टिकोण से प्रेरणा लेते हुए आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने सभी नागरिकों के लिए समान अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से यह कदम उठाया है।

#### पाकिस्तान से कोई भी संपर्क द्विपक्षीय ही होगा : भारत

**नई दिल्ली (ए.)।** भारत सरकार ने गुरुवार को स्पष्ट रूप से दोहराया है कि पाकिस्तान के साथ किसी भी प्रकार का संवाद या संपर्क सिर्फ द्विपक्षीय स्तर पर ही संभव होगा और यह भी तब, जब पाकिस्तान आतंकवाद से स्थायी रूप से नाता तोड़ेगा। यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत-पाकिस्तान के बीच लड़ाई रुकवाने का श्रेय लेने पर प्रतिक्रिया स्वरूप दिया गया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने नई दिल्ली में नियमित प्रेस ब्रीफिंग के दौरान इस मुद्दे पर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि इस विषय पर पहले भी स्पष्ट रूप से भारत का पक्ष रखा जा चुका है और उसमें किसी तरह का बदलाव नहीं आया है। उन्होंने संक्षिप्त टिप्पणी करते हुए कहा, "अपनी पिछली ब्रीफिंग में मैंने इस मुद्दे को संबोधित किया था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 26,000 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का किया उद्घाटन, शिलान्यास और लोकार्पण

# पीएम ने 103 अमृत स्टेशनों का किया लोकार्पण

» 1300 से अधिक रेलवे स्टेशन अमृत भारत स्टेशन के रूप में होंगे विकसित : पीएम » यात्री ही रेलवे स्टेशनों के मालिक हैं, ध्यान रखें कि यहां नुकसान और गंदगी न हो

- हमारी सरकार ने तीनों सशस्त्र सेनाओं को खुली छूट दी, तीनों सेनाओं ने मिलकर ऐसा चक्रव्यूह रचा कि पाकिस्तान को घुटने टेकने पर मजबूर होना पड़ा।
- ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद से निपटने के लिए तीन सिद्धांत निर्धारित किए हैं।
- अब भारत ने स्पष्ट कर दिया है, पाकिस्तान को हर आतंकवादी हमले की भारी कीमत चुकानी पड़ेगी और यह कीमत पाकिस्तान की सेना, पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को भी चुकानी पड़ेगी।





### सिंदूर बारूद में बदल जाता है तो क्या होता है परिणाम : पीएम

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि राजस्थान की धरा सिखाती है कि देश से बड़ा कुछ नहीं है। पहलगाम आतंकियों ने धर्म पूछकर हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ा था। इसके बाद हर देशवासी ने संकल्प लिया था कि आतंकियों को मिट्टी में मिला देंगे। हमारी सरकार ने तीनों सेनाओं को खुली छूट दी, सेनाओं ने ऐसा चक्र रचा कि पाकिस्तानियों को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। दुनिया ने और देश के दुश्मनों ने देख लिया कि जब सिंदूर बारूद बन जाता है, तो नतीजा क्या होता है। शौर्य के सम्मान में देशभर में तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि जो सिंदूर मिटाने निकले थे, उन्हें मिट्टी में मिलाया है, ये प्रतिशोध का खेल नहीं, यह न्याय का नया स्वरूप है। ये ऑपरेशन सिंदूर है, यह सिर्फ आक्रोश नहीं, ये समर्थ भारत का रौद्र रूप है, ये भारत का नया स्वरूप है। अब पाकिस्तान से कोई व्यापार नहीं होगा, सिर्फ पीओके पर बात होगी। पाकिस्तान को पानी नहीं मिलेगा। पाई-पाई के लिए मजबूर होना पड़ेगा। नए भारत के निर्माण में सुरक्षा और समृद्धि दोनों जरूरी हैं।

विशेष सं. | बिकानेर (राजस्थान)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीकानेर में भारत माता के जयकारों के बीच कहा कि विकसित भारत का संकल्प और मजबूत हो रहा है। देशभर में विकास का महायज्ञ चल रहा है, हमारी सड़कें और रेलवे नेटवर्क विकसित हों, इसके लिए 11 सालों में अभूतपूर्व काम हुआ है। विकास कार्यों पर देश पहले से 6 गुना ज्यादा पैसा खर्च कर रहा है। भारत में विकास कार्यों को देखकर दुनिया हैरान है। पीएम ने 26,000 करोड़ रुपये की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास करने के साथ-साथ इन्हें राष्ट्र को समर्पित किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राजस्थान के बीकानेर में आयोजित कार्यक्रम से देश के 103 अमृत स्टेशनों के वर्चुअल उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव नर्मदापुरम रेलवे स्टेशन पर उपस्थित हो कर उद्घाटन समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश के नर्मदापुरम, कटनी, ओरछा, सिवनी, शाजापुर और श्रीधाम अमृत स्टेशनों का उद्घाटन हुआ। सभी स्टेशन अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होंगे। इन स्टेशनों में भारतीय संस्कृति, विरासत और यात्री सुविधाओं का समावेश किया गया है। बीकानेर में आयोजित कार्यक्रम में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय विधि और न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि अमृत भारत स्टेशन योजना (एबीएसएस) के तहत भारत के 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 86 जिलों में स्थित 103 अमृत स्टेशनों को 1100 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित किया गया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत अपनी ट्रेनों के नेटवर्क को आधुनिक कर रहा है। वंदेभारत, अमृत ट्रेन और नमो ट्रेनें भारत की नई गति को दर्शाती है। देश के 70 रुटों पर वंदेभारत ट्रेन चल रही हैं। 34 हजार किलोमीटर से ज्यादा के नए रेल ट्रैक बिछाए गए हैं। ब्रॉडगैज ट्रैकों पर मानव रहित क्रॉसिंग अब इतिहास बन चुका है। देश के पहले बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है। हम 1300 से अधिक स्टेशनों को आधुनिक बना रहे हैं। इन्हें अमृत भारत स्टेशन नाम दिया गया है, इनमें से 103 स्टेशन बनकर तैयार हो गए हैं। इन स्टेशनों पर विकास भी और विरासत भी का नजारा दिखाई देता है। ओरछा स्टेशन पर भगवान श्रीराम की छवि दिखाई देगी। इसी प्रकार सभी स्टेशनों पर हजारों साल पुरानी विरासत के दर्शन होंगे। ये स्टेशन राज्यों में पर्यटन को बढ़ावा देंगे और युवाओं को रोजगार के मौके भी मिलेंगे। साथ ही देश के चिनाब नदी पर बना रेलवे ब्रिज, मुंबई में अटल सेतु, दक्षिण में पंबन ब्रिज देखने को मिलेगा।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि यात्री रेलवे स्टेशनों के मालिक हैं। ध्यान रखें कि यहां नुकसान और गंदगी न हो। सरकार हजारों करोड़ रुपए लगा रही है, ये पैसा मजदूर, स्थानीय व्यापारियों को मिल रहा है। रेलवे स्टेशनों के उन्नयन से किसानों को माल ढुलाई में सहूलियत मिलती है। इंफ्रास्ट्रक्चर के कार्यों से युवाओं को भी फायदा मिलता है। राजस्थान में सिंचाई परियोजनाओं को पूर्ण करने के साथ नदियों को जोड़ा जा रहा है। पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना से कई जिलों के किसानों को फायदा होगा।

### आतंकवादी हमले का निर्णायक जवाब दिया जाएगा

आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से स्थापित तीन प्रमुख सिद्धांतों को रेखांकित करते हुए, प्रधानमंत्री ने पहले सिद्धांत के बारे बताते हुए कहा कि अब भारत पर किसी भी आतंकवादी हमले का निर्णायक जवाब दिया जाएगा, जिसका समय, तरीका और शर्तें पूरी तरह से भारत के सशस्त्र बलों द्वारा निर्धारित की जाएंगी। दूसरा, उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत परमाणु खतरों से नहीं डरेगा। तीसरा, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत अब आतंकवादी मास्टरमाइंड और उन्हें समर्थन देने वाली सरकारों के बीच अंतर नहीं करेगा। प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान के स्टेट और नॉन स्टेट के बीच के दावे के अंतर को खारिज कर दिया। आतंकवाद को बढ़ावा देने में पाकिस्तान की भूमिका को उजागर करने के लिए वर्तमान में जारी वैश्विक प्रयासों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं और विदेश नीति विशेषज्ञों से युक्त सात अलग-अलग समूह दुनिया के सामने पाकिस्तान का असली चेहरा पेश करने के लिए सक्रिय रूप से अपनी भूमिका निभा रहे हैं। श्री मोदी ने कहा कि पाकिस्तान कभी भी भारत के साथ सीधे टकराव में जीत नहीं सकता। उन्होंने अतीत में पाकिस्तान को बार-बार मिली असफलताओं का जिक्र करते हुए कहा कि खुली लड़ाई में सफल न होने के कारण पाकिस्तान ने लंबे समय से आतंकवाद को भारत के खिलाफ हथियार के रूप में इस्तेमाल किया है, हिंसा का सहारा लिया है और भय का माहौल बनाया है। उन्होंने घोषणा की कि पाकिस्तान ने भारत के संकल्प को कम करके आंका है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके नेतृत्व में देश मजबूत और अडिग है। श्री मोदी ने कहा कि भारत पर किसी भी आतंकवादी हमले के गंभीर परिणाम होंगे, जिसकी भारी कीमत पाकिस्तान को चुकानी पड़ेगी और यह उसकी सेना और उसकी अर्थव्यवस्था को भी चुकानी पड़ेगी।

## बिहार को मिले दो अमृत भारत रेलवे स्टेशन

निज संवाददाता | पटना



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार में पुनर्विकसित दो अमृत भारत रेलवे स्टेशनों का वर्चुअल माध्यम से गुरुवार को लोकार्पण किया। इनमें गोपालगंज जिले का थावे जंक्शन और भागलपुर जिले का पीरपैंती रेलवे स्टेशन शामिल है। पीएम ने बिहार के दो समेत देश भर के 103 अमृत भारत रेलवे स्टेशनों का वर्चुअल तरीके से उद्घाटन कर यात्रियों को सौंपा। पीरपैंती रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पीरपैंती से भाजपा विधायक ललन कुमार मौजूद रहे। कहलगांव से भाजपा विधायक पवन यादव और मालदा डिवीजन के डिवीजनल रेलवे मैनेजर मनीष कुमार गुप्ता भी इस अवसर पर मौजूद रहे।

ललन कुमार ने कहा कि नए स्टेशन को यात्री सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है जिसमें ऊंचे और चौड़े प्रवेश द्वार और बेहतर सुविधाएं शामिल हैं, ताकि यात्रियों को अधिक आरामदायक अनुभव मिल सके। थावे रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में भी कई निर्वाचित प्रतिनिधि और रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

थावे और पीरपैंती स्टेशन अपने क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण परिवहन केंद्र के रूप में काम करते हैं। उन्होंने कहा कि थावे उत्तरी बिहार से आने-जाने वाले यात्रियों के लिए एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में काम करता है, जबकि पीरपैंती बिहार के पूर्वी हिस्सों को पश्चिम बंगाल से जोड़ता है। लगभग 19 करोड़ की लागत से पीरपैंती स्टेशन का रिडेवलपमेंट किया गया है। पुरानी बिल्डिंग की जगह वहां भव्य और आधुनिक सुविधाओं से लैस सुसज्जित स्टेशन भवन बनाया गया है। पीरपैंती भागलपुर रेल एरिया का बड़ा व्यापारिक केन्द्र भी है। साथ ही यहां से बड़ी संख्या में लोग ट्रेन की यात्रा करते हैं। झारखंड के सीमावर्ती इलाकों से भी लोग इसी स्टेशन से ट्रेन की यात्रा करते हैं नए अमृत भारत पीरपैंती स्टेशन पर आधुनिक पैसेंजर लाउंज, सुसज्जित भवन, पोर्टिको, सरकुलेटिंग एरिया, गार्डन, लाइटिंग आदि की व्यवस्था की गई है। 12 मीटर चौड़ा फुट ओवर ब्रिज भी इसी योजना के तहत बन रहा है जो अगले कुछ दिनों में चालू हो जाएगा। स्टेशन पर लिफ्ट की सुविधा भी दी जा रही है।

## कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा आश्रित हितलाभ का भुगतान

निज संवाददाता | पटना



कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) द्वारा एक संवेदनशील और मददगार कदम के तहत दिवंगत बीमित कर्मचारी सफीरूल की पत्नी अस्फेरा खातून और माता जमीला बोया को आश्रित हितलाभ योजना के अंतर्गत आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। यह सहायता उन्हें सफीरूल की कार्यस्थल पर हुई मृत्यु के उपरांत दी गई है। विशाखापत्तनम में हेल्पर के पद पर कार्यरत सफीरूल की मृत्यु 10 अगस्त 2023 को कार्य के दौरान हुई थी। वे अपने परिवार के एकमात्र कमाऊ सदस्य थे और पूरा परिवार आर्थिक रूप से उन्हीं पर निर्भर था। इस घटना के बाद उनके नियोजक द्वारा दुर्घटना की रिपोर्ट भेजी गई, जिसके बाद कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा पूरी जांच की गई और आश्रितों को मासिक पेंशन देने का निर्णय लिया गया।

इस योजना के तहत दिवंगत सफीरूल की पत्नी और माता को प्रति दिन 555 की दर से 16,650 प्रतिमाह की पेंशन दी जाएगी। इसके अलावा, दुर्घटना की तिथि से लेकर अब तक का लगभग 3,33,000 का बकाया भुगतान भी उनके खाते में अंतरित किया जा रहा है। यह राशि बीमा लाभ के रूप में प्रदान की जा रही है। उल्लेखनीय है कि कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अनुसार, यदि कोई कर्मचारी कार्य के दौरान या कार्यस्थल और निवास के बीच आवागमन के दौरान दुर्घटना का शिकार हो जाता है, और दुर्भाग्यवश उसकी मृत्यु हो जाती है, तो उसके परिवार को वेतन का 90% तक मासिक पेंशन देने का प्रावधान है। इस अवसर पर आयोजित एक सादे समारोह में कर्मचारी राज्य बीमा निगम के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। इसमें पूर्वी क्षेत्र के बीमा आयुक्त प्रणय सिन्हा, मुख्यालय के बीमा आयुक्त अनिल कुमार साहू, झारखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक राजीव रंजन और बिहार क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक सीए निरंजन कुमार मौजूद थे।

## बिहार में वाटर मेट्रो चलाने की तैयारी

- पटना से हाजीपुर-सोनपुर तक हुआ सर्वे

निज संवाददाता | पटना



बिहार में जल्द ही पानी पर तैरने वाली मेट्रो चलने वाली है। राजधानी पटना में गंगा नदी में वाटर मेट्रो चलाने की तैयारी हो रही है। केरल से आई टीम ने हाल ही में पटना से हाजीपुर, सोनपुर तक इसका सर्वे भी किया। वाटर मेट्रो नदी में चलने वाली एक तरह की इलेक्ट्रिक बोट होती है। इसमें यात्रियों को सभी तरह की आधुनिक सुविधाएं मिलती हैं। साथ ही इसका किराया भी सार्वजनिक परिवहन की तरह बहुत कम होता है। पटना में इसी साल वाटर मेट्रो शुरू करने की योजना है। इसके चलने से उत्तर बिहार के इलाकों से राजधानी पटना तक आवागमन का एक और विकल्प लोगों को मिल जाएगा।

विभिन्न मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, वाटर मेट्रो को पटना मेट्रो रेल सेवा से भी जोड़ा जाएगा। प्रोजेक्ट के तहत पटना में गंगा नदी के किनारे आधुनिक वाटर मेट्रो स्टेशन बनेंगे। एनआईटी स्टेशन पर पटना मेट्रो को जोड़ा जाएगा। केरल से कोच्चि मेट्रो रेल लिमिटेड के अधिकारी पिछले दिनों पटना आए थे। उन्होंने गंगा और गंडक नदी में वाटर मेट्रो के लिए सर्वे किया। टीम ने पटना के दानापुर, दीघा, बिदुपुर, गायघाट के अलावा सोनपुर और हाजीपुर का भी दौरा किया। बता दें कि कोच्चि में पहले से वाटर मेट्रो चलाई जा रही है। अब इसी तर्ज पर पटना समेत देश के अन्य शहरों में भी वाटर मेट्रो चलाने पर काम चल रहा है। यह परियोजना केंद्र सरकार के पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के अधीन है। भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) द्वारा इस पर काम किया जा रहा है, जिसमें कोच्चि मेट्रो (केएमआरएल) की मदद ली जा रही है। बिहार में चलने वाली वाटर मेट्रो को इलेक्ट्रिक के साथ ही सौर ऊर्जा से भी चलाया जाने की योजना है।

## दिल्ली में बिहार के चार लोगों की मौत पर सीएम मर्माहत



**पटना (नि.सं.)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दिल्ली के द्वारिका सेक्टर 23 के पास वाहन दुर्घटना में बिहार के गया जी जिला निवासी चार लोगों की मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दुर्घटना काफी दुखद है। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री ने मृतक के शोक संतप्त परिवार को मुख्यमंत्री राहत कोष से दो-दो लाख रुपये अनुग्रह अनुदान उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। साथ ही अन्य विभागों से भी मिलने वाली अनुमान्य सहायता राशि मृतक के आश्रितों को उपलब्ध करायी जायेगी। मुख्यमंत्री ने नई दिल्ली के स्थानिक आयुक्त को निर्देश दिया है कि दिल्ली सरकार से समन्वय स्थापित कर मृतकों के पार्थिव शरीर को उनके मूल निवास स्थान तक पहुंचाने की व्यवस्था करें। साथ ही इस दुर्घटना में घायल लोगों के समुचित इलाज कराने का भी निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की ईश्वर से कामना की है।

## बिहार में तीन दिन में तक 60 लाख आयुष्मान कार्ड बनेंगे, लगेंगे कैंप

निज संवाददाता | पटना

बिहार में इस महीने 3 दिनों तक अभियान चलाकर 60 लाख आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे। इस अभियान की तारीख 26 से 28 मई निर्धारित की गई है। इस दौरान गांवों में सभी पंचायत सरकार भवनों, वार्ड कार्यालयों और वसुधा केंद्रों में कैंप लगाए जाएंगे। 70 साल की आयु से ऊपर के 4 लाख लोगों के भी कार्ड बनाए जाएंगे। पंचायत स्तर पर चलने वाले इस अभियान की सफलता को लेकर बिहार के मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने गुरुवार को समीक्षा बैठक की और पदाधिकारियों को कई अहम निर्देश दिए।

## 1777 हवलदार और 386 एएसआई का हुआ तबादला

निज संवाददाता | पटना

बिहार पुलिस महकमे में गुरुवार को बड़े पैमाने पर अधिकारियों का तबादला किया गया। बिहार पुलिस मुख्यालय ने एक साथ 1777 हवलदारों और 386 एएसआई का तबादला आदेश जारी कर दिया है। यह फैसला हाल ही में 19 और 20 मई को आयोजित स्थानांतरण समिति की बैठक में लिए गए निर्णयों के आधार पर लिया गया है। मुख्यालय से जारी आदेश में यह स्पष्ट किया गया है कि जिन हवलदारों की प्रतिनियुक्ति अंगरक्षक के रूप में की गई है, उनका स्थानांतरण गृह विभाग (विशेष शाखा), बिहार पटना के ज्ञापांक-3663, दिनांक 02.05.2017 के प्रावधानों के अनुरूप किया गया है। हालांकि ऐसे हवलदारों का तबादला तत्काल प्रभाव से लागू नहीं होगा, जब तक वे अंगरक्षक के रूप में तैनात रहेंगे। उनकी प्रतिनियुक्ति समाप्त होते ही उन्हें स्थानांतरित जिले में योगदान देना होगा। तबादला आदेश के तहत सभी स्थानांतरित हवलदारों को 01 जून 2025 से अपने नए जिलों में योगदान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। वहीं, आदेश में यह भी कहा गया है कि जिन कर्मियों की सेवानिवृत्ति निकट है, जो गंभीर चिकित्सा स्थिति में हैं, या पति-पत्नी दोनों सरकारी सेवा में हैं, ऐसे मामलों में स्थानांतरण आदेश लागू नहीं होगा। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है और संबंधित पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिया गया है कि वे स्थानांतरित अधिकारियों को समय से कार्यमुक्त करें, ताकि वे नए पदस्थापन स्थल पर समय पर योगदान दे सकें।

बिहार की 1.5 लाख महिलाओं को मिलेगी सुविधा, पटना, गया सहित 8 जिलों से होगी शुरुआत

## पारा 40 पार होते ही अकाउंट में आएंगे 300 रुपए


निज संवाददात | पटना

जेठ की आग उगलती गर्मी में काम करने वाली महिलाओं को अब अपने काम के अलावा 300 रुपए अलग से दिए जाएंगे। जिस-जिस दिन पारा 40 डिग्री सेल्सियस को पार करेगा उन्हें इसका लाभ मिलेगा। इसके लिए शर्त बस इतनी है कि इन्हें हीट वेव इंश्योरेंस कराना होगा। बिहार में पहली बार इस योजना की शुरुआत हो रही है। इसकी पहल ट्रेड यूनियन संगठन सेल्फ एप्लायड वीमेन एसोसिएशन- (सेवा) की तरफ से की गई है। पायलट प्रोजेक्ट के तहत इस योजना की शुरुआत राज्य के 8 जिलों पटना, गया, मुंगेर, भागलपुर, बांका, कटिहार, पूर्णिया और सीवान से किया जा रहा है। यहां दिहाड़ी मजदूरी करने वाली लगभग डेढ़ लाख महिलाओं को इसका फायदा मिलेगा। सेवा से जुड़ी अधिकारियों की मानें तो इस इंश्योरेंस का उद्देश्य असंगठित क्षेत्र में काम करने वाली कामकाजी महिलाओं को लाभ पहुंचाना है। इसका लाभ खेती या दूसरे सेक्टर में काम करने वाली दिहाड़ी मजदूरों को मिलेगा। सेवा ने बिहार में इस साल डेढ़ लाख महिलाओं को इससे जोड़ने का लक्ष्य रखा है। आने वाले सालों में हीट वेव इंश्योरेंस के दायरे का विस्तार भी किया जाएगा। इसका लाभ बिहार की अन्य जिलों की महिलाओं को भी दिया जाएगा। हीट वेव इंश्योरेंस की सुविधा पाने के लिए असंगठित क्षेत्र की कामकाजी महिलाओं को पहले सेवा की सदस्यता लेनी होगी। इसके बाद ये इस इंश्योरेंस के लिए आवेदन कर सकेंगी। आवेदन के दौरान इन्हें आधार कार्ड के साथ 300 रुपए की फीस देनी होगी। सेवा की अधिकारियों की मानें तो शुल्क के रूप में अदा की गई 300 रुपए की राशि एक महीने बाद 100 रुपए इंसेंटिव के साथ 400 रुपए के रूप में वापस की जाएगी। इस स्कीम से डेली वेजेज पर काम करने वाली महिलाओं को आर्थिक तौर पर काफी मदद मिलेगी। इस स्कीम से डेली वेजेज पर काम करने वाली महिलाओं को आर्थिक तौर पर काफी मदद मिलेगी।

बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय का तीसरा दीक्षांत समारोह

## राज्यपाल ने 265 छात्रों को दी डिग्री, आठ को मिला गोल्ड मेडल, चार को डॉक्टरेट की मिली उपाधि

निज संवाददाता | पटना



बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना का तृतीय दीक्षांत समारोह आज ऊर्जा ऑडिटोरियम, पटना में आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर राज्यपाल डॉ. आरिफ मोहम्मद खान, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, कुलपति डॉ. इंद्रजीत सिंह शामिल हुए। इस दौरान राज्यपाल ने सभी गोल्ड मेडलिस्ट छात्रों को डिग्री दी। इस मौके पर कुलपति डॉ. सिंह ने विश्वविद्यालय की प्रगति के बारे में बताया। इसके साथ ही इस दीक्षांत समारोह में बिहार पशु चिकित्सा महाविद्यालय, पटना; इंदिरा गांधी नय तकनीकी संस्थान, पटना तथा मत्स्यिकी महाविद्यालय, किशनगंज के कुल 265 विद्यार्थियों को डिग्रियां दी गई। समारोह में बी.टेक (डेयरी टेक्नोलॉजी) के 46, वेटरनरी साइंस के 103 तथा मत्स्यिकी विज्ञान के 55 छात्र-छात्राओं को डिग्रियां दी गईं।

## संक्षिप्त समाचार

### बुद्धा डेंटल कॉलेज में होगी पीएचडी कराने की सुविधा

**बोधगया।** मगध विश्विद्यालय अन्तर्गत शिक्षा विभाग के सभागार में कुलपति प्रो एसपी शाही की अध्यक्षता में विद्वत परिषद् की बैठक हुई। इसमें सर्वप्रथम गत विद्वत परिषद् की बैठक की संपुष्टि की गई। बैठक में कई एजेंडा पर विचार विमर्श किया गया। सर्वप्रथम विगत 20 मई को मगध विश्विद्यालय, बोधगया अन्तर्गत सभी अंगीभूत महाविद्यालयों के प्राचार्यो के साथ हुए बैठक एवं नामांकन से संबंधित लिए गए निर्णय की संपुष्टि की गई। बुद्धा डेंटल कॉलेज में पीएचडी कराने के लिए निर्णय लिया गया, साथ ही मगध विश्विद्यालय अन्तर्गत एवं नवादा विधि महाविद्यालय में एलएलएम की पढ़ाई शुरू कराने तथा स्नातकोत्तर विभागों के साथ-साथ महाविद्यालयों में एनईपी 2020 को सख़्ती से लागू करने का निर्णय लिया गया। ज्ञातव्य हो कि कुलपति प्रो शाही लंबित परीक्षाओं को लेकर गंभीर हैं। इस संदर्भ में गर्मी की पूर्व से निर्धारित छुट्टी को रद्द कर दिया गया है और इन छुट्टियों में भी परीक्षा सम्पन्न कराने का फैसला लिया है। बैठक में कुलसचिव प्रो विपिन कुमार, अधिष्ठाता प्रो ब्रजेश कुमार राय, समाज विज्ञान संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो आरएस जमुआर, शिक्षा संकाय के संकायध्यक्ष डॉ सुधीर कुमार मिश्रा, विज्ञान संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो वीरेंद्र कुमार, सीसीडीसी डॉ संजय तिवारी, कुलानुशासक प्रो उपेंद्र कुमार सिंह तथा सभी विभागों के विभागाध्यक्ष एवं अन्य विभागों के प्रभारी उपस्थित हुए।

### फतेहपुर : विकास शिविर में निपटाए गए 497 मामले

**फतेहपुर**| प्रखंड की नौ पंचायत के महादलित टोला में बुधवार को आयोजित विशेष विकास शिविर विभिन्न योजनाओं से संबंधित 637 मामले आए। इनमें से 497 मामलों का शिविर में ही निपटारा कर दिया गया। शेष 140 मामला तकनीकी कारणों से लंबित रह गया। उसे अगले शिविर में निष्पादन कर दिया जाएगा। बीडीओ शशिभूषण साहू ने बताया कि शिविरों में सबसे अधिक 116 लोगों को श्रम कार्ड निर्गत किया गया है। इसके साथ ही 59 राशन कार्ड, 14 आयुष्मान कार्ड, 60 पेंशन, 62 जॉब कार्ड, 24 आधार कार्ड, 146 जन्म प्रमाण पत्र का लाभ लाभुकों को दिया गया है।

### वजीरगंज में एनडीए की ओर से निकाली गई तिरंगा यात्रा

**वजीरगंज**| ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और सेना के सम्मान में बुधवार की शाम वजीरगंज बाजार में एनडीए की ओर से तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा प्रखंड मुख्यालय से निकलकर दखिनगांव मोड़ तक गई। जिसमें शामिल लोग हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय, वंदे मातरम् का नारा लगाते रहे। वजीरगंज विधायक वीरेन्द्र सिंह ने इसका नेतृत्व किया। यात्रा का समापन दखिनगांव के फतेहपुर रोड में नुक्कड़ सभा के साथ किया गया।

### जलाशयों पर शोध के लिए डॉ. श्वेता को डॉक्टरेट

**मानपुर**|जगजीवन महाविद्यालय में पदस्थापित भूगोल विभाग सहायक प्रोफेसर डॉ. श्वेता पांडेय को डॉक्टरेट की उपाधि मिली है। यह उपाधि उन्हें रांची जिले के जलाशयों की स्थिति और शहरीकरण के प्रभावों पर किए गए शोध के लिए दी गई है। उन्होंने जल प्रबंधन और सामाजिक-आर्थिक जीवन पर जलाशयों के असर का गहन अध्ययन किया। डॉ. श्वेता ने अपने शोध में बताया कि बीते 40 वर्षों में रांची के जलाशयों में पानी की मात्रा घटी है। सूखने की गति बढ़ी है। प्रदूषण भी बढ़ा है। जलाशयों के सिकुड़ने से आसपास की आबादी की आजीविका, जल आपूर्ति, स्वास्थ्य और खेती पर असर पड़ा है। उन्होंने यह भी बताया कि शहरीकरण, अवैध निर्माण, औद्योगिक कचरा और प्रशासनिक लापरवाही इसके मुख्य कारण हैं। डॉ. श्वेता ने सुझाव दिया कि जल संरक्षण के लिए समुदाय की भागीदारी जरूरी है। स्थानीय निकायों को सक्रिय होना होगा। सख्त नीति लागू करनी होगी। उनके इस शोध से पर्यावरण संरक्षण को नई दिशा मिली है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सत्येंद्र प्रजापति ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। कहा कि यह कॉलेज के लिए गर्व की बात है। यह शोध जल संकट झेल रहे क्षेत्रों के लिए उपयोगी होगा।

### सिलाव का प्रसिद्ध खाजा अब 10 देशों में होगा उपलब्ध

**नालंदा।** नालंदा के सिलाव का प्रसिद्ध खाजा अब अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अपनी मिठास बिखेरने को तैयार है। भारत सरकार द्वारा पोस्ट ऑफिस के माध्यम से जीआई टैग प्राप्त मिठाई को विदेश में भेजने की अनुमति मिल गई है। मिठाई अब दुनिया के 10 प्रमुख देशों में उपलब्ध होगी। पटना के ज्ञान भवन में आयोजित 'जीआई टैग प्राप्त बिहारी व्यंजनों के अंतरराष्ट्रीय क्रेता-विक्रेता सम्मेलन 2025' में इस महत्वपूर्ण घोषणा का स्वागत किया गया। सम्मेलन में ऑस्ट्रेलिया, दुबई, कनाडा, सिंगापुर, लंदन, अमेरिका, रूस और अफ्रीका सहित कई देशों के व्यापारियों ने खाजा की बिक्री के लिए उत्साहपूर्वक अपनी रुचि दिखाई। केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान और बिहार के डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने सिलाव के खाजा को अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहचान मिलने पर तारीफ की है।

**विदेशों में बनेगा प्रीमियम उत्पादः** खाजा कारोबारी संजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि विदेशों में केवल शुद्ध घी और गुड़ से बने खाजे को ही भेजा जाएगा। जिससे इसकी गुणवत्ता और स्वाद दोनों बरकरार रहेंगे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत देश के अनुसार अलग-अलग निर्धारित की गई है।

### कुरमावा पैक्स चुनाव में अधिकारी की लापरवाही, वोटिंग की गोपनीयता टूटी

**बोधगया।** कुरमावा पंचायत में बुधवार को पैक्स चुनाव हुआ। पहले कानूनी अड़चन के कारण यह चुनाव टल गया था। अब प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्रमोद नगर के प्राथमिक विद्यालय में चार बूथ बनाए गए। यहां 2699 मतदाताओं के लिए वोटिंग हुई। गर्मी के कारण किसान सुबह से ही मतदान केंद्र पहुंचने लगे। इससे बूथों पर भीड़ बढ़ गई। सुबह 10 बजे तक भीड़ के कारण व्यवस्था बिगड़ गई। इसी दौरान एक बूथ के पीठासीन अधिकारी ने चार-पांच महिलाओं को एक साथ कमरे में बने बूथ में बुलाया। उन्हें बैठाकर बैलेट पेपर पर वोट डलवाया। इससे वोटिंग की गोपनीयता टूट गई। महिलाओं ने किसे वोट दिया, यह बाहर खड़े लोगों को पता चल गया। लोगों को यह भी लगा कि अधिकारी उन्हें यह दिखा रहा था कि किसे वोट देना है। एक व्यक्ति ने इसका विरोध किया। इसके बाद अधिकारी को कुछ देर के लिए बाहर किया गया। वहां मौजूद पुलिस या अन्य कर्मियों ने उसे रोकने की कोशिश नहीं की। लोग अधिकारी के इस व्यवहार से हैरान थे। चारों बूथों पर वोटिंग के लिए दो-दो जगह बनाई गई थी। लेकिन न लाइन व्यवस्थित की गई, न गोपनीयता का ध्यान रखा गया। काफी देर बाद पुलिस बल बढ़ाया गया। तब जाकर लोग लाइन में ठीक से खड़े हुए। मतदान केंद्र के पास कई प्रत्याशी घूमते नजर आए। वे मतदाताओं से अपने पक्ष में वोट देने की अपील करते दिखे। जबकि नियम के अनुसार कोई भी प्रत्याशी मतदान केंद्र से सौ मीटर के दायरे में प्रचार नहीं कर सकता।

### नालंदा में तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर

**नालंदा।** नालंदा में दीपनगर थाना क्षेत्र में बुधवार देर शाम तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को कुचल दिया। हादसे में भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी की मौत हो हो गई। घटना बिहार शरीफ-राजगीर फोरलेन के टाड़पर गांव की है। मृतक की पहचान डॉ. सुनील कुमार(39) के तौर पर हुई है। 2022 से नवादा जिले में पोस्टिंग थी। मूल रूप से शेखपुरा के रहने वाले थे। वर्तमान में वास्तु विहार में परिवार के साथ रह रहे थे।

**पटना पहुंचने से पहले रास्ते में मौत हो गईः** परिजनों ने बताया कि डॉ. सुनील कुमार वास्तु विहार के कारगिल चौक की ओर किसी काम से जा रहे थे। इस दौरान अनियंत्रित ट्रक ने टक्कर मार दी। गंभीर हालत में डॉक्टरों ने पटना रेफर किया था, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।

**पुलिस छानबीन कर रही हैः** वहीं, मामले की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए विहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया है। दीपनगर थानाध्यक्ष जितेंद्र राम ने बताया कि ट्रक को जब्त कर लिया गया है। परिजनों की ओर से अभी आवेदन नहीं मिला है। आवेदन के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सीयूएसबी में पीजी कोर्स की 1158 सीटों पर नामांकन शुरू

निज संवाददाता। गया

दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए स्नातकोत्तर (पीजी) पाठ्यक्रमों में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इस बार कुल 1158 सीटों पर 28 पीजी कोर्सेस में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 2 जून है। इस बार आवेदन में कट-ऑफ तय नहीं है। यानी सीयूईटी-पीजी-25 परीक्षा में शामिल कोई भी पात्र उम्मीदवार आवेदन कर सकता है। कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने आवेदन प्रक्रिया की शुरुआत पर खुशी जताई है। उन्होंने बताया कि इस बार एलएलएम (एक वर्षीय) कोर्स में सीटें 38 से बढ़ाकर 50 कर दी गई हैं। वहीं, विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर परीक्षा नियंत्रक डॉ. शांतिगोपाल पाइन द्वारा संबंधित सूचना जारी कर दी गई है। जन संपर्क पदाधिकारी मो. मुदस्सीर आलम ने बताया कि उम्मीदवार https://cusbcuet.samarth.edu.in/pg/ पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण, पंजीकरण शुल्क जमा और प्रमाणपत्र अपलोड कर सकते हैं।





**28 पीजी कोर्सेस और उनकी सीटेंः** एमएससी बायोटेक्नोलॉजी (35), बायोइनफॉर्मेटिक्स (45), एनवायर्नमेंटल साइंस (45), लाइफ साइंस (45), जियोलॉजी (45), जियोग्राफी एमए/एमएससी (45), एलएलएम (50), मैथमैटिक्स एमए/एमएससी (45), स्टैटिस्टिक्स (45), डाटा साइंस एंड एप्लाइड स्टैटिस्टिक्स (45), कंप्यूटर साइंस (45), आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (45), फिजिक्स (45), केमिस्ट्री (45), एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स व फार्माकोलॉजी - 15-15), एम.कॉम (45), जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन, साइकोलॉजी एमए/एमएससी (45), सोशियोलॉजी (45), एमएसडब्ल्यू (45), इकोनॉमिक्स (45), पॉलिटिकल साइंस एंड इंटरनेशनल रिलेशन्स (45), इतिहास (45), अंग्रेजी (45), हिंदी (45), एमएड (63), एमपीएड (40)। डिप्टी रजिस्ट्रार कुमार कौशल ने बताया कि आवेदन शुल्क सामान्य/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस के लिए 500 रुपए, जबकि एससी/एसटी/पीडब्ल्यूडी वर्ग के लिए 200 रुपए है। शुल्क गैर-वापसी योग्य है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि केवल उन्हीं अभ्यर्थियों को काउंसलिंग व दाखिले का मौका मिलेगा जिन्होंने निर्धारित तिथि से पहले ऑनलाइन पंजीकरण करा रखा है।

**नामांकन प्रक्रिया से जुड़ी महत्वपूर्ण तिथियांः** पंजीकरण की अंतिम तिथिः 2 जून 2025। पहली कट-ऑफ सूचीः 11 जून 2025। प्रवेश शुल्क जमा करने की अवधिः 11 से 15 जून 2025। दूसरी कट-ऑफ सूचीः 20 जून 2025 (यदि सीटें बचती हैं)। तीसरी कट-ऑफ सूचीः 27 जून 2025 (आवश्यकतानुसार)। अंतिम चयनित सूचीः 8 जुलाई 2025। कक्षाओं की शुरुआतः 14 जुलाई 2025। उम्मीदवारों से अपील है कि वे विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.cusb.ac.in पर नियमित रूप से नज़र बनाए रखें। किसी भी तरह की सहायता के लिए ईमेल करेंः admission@cusb.ac.in जानकारी ले सकते।

## गया में वंदे भारत ट्रेन पर पत्थरबाजी

निज संवाददाता। गया



♦ असामाजिक तत्वों ने किया पथराव, इंजन का शीशा टूटा, दहशत में आए यात्री

गया में एक बार फिर वंदे भारत ट्रेन पर असामाजिक तत्वों ने पथराव किया है। वाराणसी से रांची जा रही 20888 वंदे भारत एक्सप्रेस के ऊपर बुधवार की देर शाम शरारती तत्वों ने पत्थरबाजी कर दी। ट्रेन जैसे ही गया जंक्शन पार कर कष्ठा स्टेशन और वेस्ट केबिन के बीच पहुंची, कुछ अराजक तत्वों ने उस पर पथराव शुरू कर दिया। हमले में ट्रेन के इंजन का शीशा पूरी तरह से टूटकर चकनाचूर हो गया। घटना के वक्त ट्रेन की रफ्तार तेज थी। ट्रेन पर पत्थर लगने की आवाज से ट्रेन के अंदर में बैठे यात्री सहम उठे। कुछ कोचों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालांकि, गनीमत रही कि इस हमले में किसी यात्री को चोट नहीं आई। ट्रेन के पायलट एसके सिन्हा, सहायक पायलट सुधीर कुमार और गार्ड सुदर्शन कुमार ने घटना की जानकारी तत्काल रेल प्रशासन को दी। इसके बाद आरपीएफ और रेलवे अफसरों ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी।

**दोषियों की पहचान कर होगी कार्रवाईः** पूर्व मध्य रेलवे के प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त व आरपीएफ आईजी अमरेश कुमार ने घटना पर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि दोषियों की पहचान कर जल्द ही उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बिहार में वंदे भारत पर पत्थरबाजी की यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी इस ट्रेन पर हमले हो चुके हैं। हर बार चेतावनी दी जाती है, जांच की बात होती है।

## कोरोना के न्यू वैरिएंट से देश भर में दहशत

♦ गया जी में गाइडलाइन नहीं हुई जारी, साल 2020 में 22 लोगों की हुई थी मौत



निज संवाददाता। गया

महाराष्ट्र में कोरोना के न्यू वैरिएंट ने देश भर में दहशत पैदा कर रखा है। लेकिन फिलहाल इससे गया जी अछूता है। कोरोना का खौफ अभी न तो लोगों के बीच है और न ही स्वास्थ्य विभाग की ओर से कोई हरकत नजर आ रही है। खास बात यह भी कि स्वास्थ विभाग की ओर से किसी प्रकार की न तो एडवाइजरी ओर न ही गाइड लाइन जारी की गई है। यही कारण है कि जिले के सिविल सर्जन राजा राम भी कोरोना को लेकर बेफिक्र हैं। उन्होंने बताया कि कोरोना को लेकर किसी प्रकार की कोई गाइड लाइन अब तक राज्य मुख्यालय की ओर से नहीं दिया गया है।

**22 लोगों की हुई थी मौतः** कोरोना का अब तक कोई संकेत गया जी में नहीं है। यदि कोई ऐसी बात सामने आती है तो उस पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि साल 2020 में कोरोना के आए दो बार अटैक में गया में 22 लोगों की मौत हो गई थी। कोरोना को लेकर न केवल आम अवाम बल्कि स्वास्थ्य विभाग भी बेफिक्र है। रेलवे स्टेशन पर किसी प्रकार की सजगता नहीं है। आने जाने वाले रेल यात्री बेफिक्र होकर स्टेशन आ जा रहे हैं। उन्हें कोरोना को लेकर किसी बात की चिंता नहीं सता रही है। यहां अब तक स्वास्थ्य विभाग की ओर से किसी प्रकार की जांच की टीम नहीं लगाई गई। सिविल सर्जन राजाराम ने बताया कि कोरोना को लेकर पैनिक होने की जरूरत नहीं है। स्वास्थ्य विभाग कोरोना से सम्बन्धित हर एक सूचना को लेकर अलर्ट है।

## शॉर्ट-सर्किट से 3 मंजिला मकान में लगी आग

♦ कपड़ा गोदाम से तेजी से फैली लपटें, 3 दमकल की गाड़ियों ने 4 घंटे में बुझाई आग



निज संवाददाता। गया

गया के बुनियादगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या-48 स्थित शिवचरण लेन में तीन मंजिला मकान में भीषण आग लग गई। गौरतलब है कि यह घटना काफी घनी आबादी वाले इलाके में हुई है। बताया जा रहा है कि आग लगने का कारण शॉर्ट-सर्किट था। चिंगारी ने ऊपर के फ्लोर पर बने सूती वस्त्र गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया। खास बात यह है कि जिस क्षेत्र में यह घटना हुई है वहां बड़े पैमाने पर सूती वस्त्र तैयार किए जाते हैं। देखते ही देखते आग की लपटें पूरे गोदाम में फैल गई। मकान मालिक दुखन राम के अनुसार, ऊपर के फ्लोर पर बड़ी मात्रा में सूती धागे और कपड़े रखे गए थे, जो पल भर में जलने लगे। धुएं और आग को देखकर स्थानीय लोगों ने शोर मचाया और तुरंत अग्निशमन विभाग को सूचना दी। करीब आधे घंटे के भीतर दमकल की 3 गाड़ियां मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड की टीम ने 4 घंटे में आग बुझाई।

**आसपास के लोगों ने घर खाली कियाः** आग बुझने से पहले गोदाम का सारा सामान जलकर राख हो चुका था। आग इतनी तीव्र थी कि आसपास के मकान के लोग भी डर से घर खाली कर सड़क पर निकल आए। दुखन राम ने बताया कि आग से लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। गनीमत रही कि आग नीचे के फ्लोर या आसपास के मकानों तक नहीं पहुंची, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। घटना के बाद पूरे मोहल्ले में दहशत फैल गई है। लोगों ने बिजली विभाग से समय-समय पर लाइन की जांच की मांग की है।

## बोधगयाः एबीवीपी की हुई तीन दिवसीय समीक्षा बैठक, कई मुद्दों पर चर्चा

निज संवाददाता। गया



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की तीन दिवसीय प्रदेश समीक्षा योजना बैठक बुधवार को बोधगया में सम्पन्न हुई। बैठक में वरिष्ठ पदाधिकारी, विभाग संयोजक, नगर इकाइयों के प्रतिनिधि और सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक का मकसद संगठन की गतिविधियों की समीक्षा, आगामी आंदोलनों की योजना और भावी रणनीति तय करना था। बैठक के अलग-अलग सत्रों में संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण, छात्र समस्याएं, शिक्षा की गुणवत्ता में गिरावट, रोजगारोन्मुख शिक्षा की मांग, विश्वविद्यालयों में सीट कटौती और शुल्क वृद्धि जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। परिषद द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्र निर्माण अभियानों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। प्रदेश मंत्री सुमित कुमार ने कहा कि आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर परिषद 'आपातकाल विरोध यात्रा' निकालेगी। इस यात्रा से तत्कालीन सरकार की अलोकतांत्रिक नीतियों को उजागर किया जाएगा। जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में चले आंदोलन और छात्र स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मान दिया जाएगा। यह यात्रा छात्रों को लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए प्रेरित करेगी। सुमित कुमार ने कहा कि परिषद आने वाले समय में छात्रों के शैक्षणिक अधिकारों की रक्षा के लिए आंदोलन करेगी। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, परीक्षा में अनियमितता और रोजगार से जुड़ी समस्याओं को लेकर राज्य सरकार और कुलपतियों तक बात पहुंचाई जाएगी। परिषद हर मोर्चे पर छात्रों के साथ खड़ी रहेगी। प्रदेश में बढ़ती गर्मी को देखते हुए परिषद ने 'सकोरा अभियान' शुरू करने की घोषणा की। यह अभियान 'स्टूडेंट्स फॉर डेवलपमेंट' मंच के माध्यम से चलेगा। इसके तहत कार्यकर्ता पक्षियों के लिए मिट्टी के सकोरे में पानी और दाना रखवाएंगे। यह पहल पर्यावरण संरक्षण के साथ युवाओं में सामाजिक जिम्मेदारी का भाव भी जगाएगी। समापन सत्र में व्यवस्था प्रमुख अमन शेखर ने सभी आगंतुकों और कार्यकर्ताओं का आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह बैठक परिषद की कार्यसंस्कृति और समर्पित कार्यकर्ताओं का प्रमाण है। यहाँ हुई चर्चाएं आगामी कार्यक्रमों की दिशा तय करेंगी और कार्यकर्ताओं में नया उत्साह भरेंगी। तीन दिन चली इस बैठक में विभिन्न जिलों से आए प्रतिनिधियों ने अपने अनुभव साझा किए। स्थानीय मुद्दों पर बात रखी और संगठन विस्तार के सुझाव दिए। सभी सत्रों में सामूहिक निर्णय और विचार-विमर्श की भावना दिखी। विद्यार्थी परिषद ने इस बैठक से फिर साबित किया कि वह केवल छात्र संगठन नहीं, बल्कि एक विचारधारा और परिवर्तन का प्रतीक है। बैठक में लिए गए निर्णयों का असर आने वाले महीनों में प्रदेश के विश्वविद्यालयों और शिक्षण संस्थानों में दिखेगा।

## बिहारशरीफ में खुलेगा प्रदेश का दूसरा दीदी सिलाई केंद्र




निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा जिले के बिहारशरीफ के दीपनगर क्षेत्र में इस महीने के अंत तक बिहार का दूसरा "दीदी सिलाई केंद्र" शुरू होने जा रहा है। इस महत्वाकांक्षी पहल से न केवल 40 से अधिक जीविका दीदियों को एक छत के नीचे रोजगार मिलेगा, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। इस केंद्र की स्थापना का मुख्य उद्देश्य जीविका से जुड़ी महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाना है। यहां सरकारी स्कूलों के छात्र-छात्राओं की यूनिफॉर्म सिलाई के साथ-साथ आम नागरिकों के लिए भी कपड़े सिलने की सुविधा उपलब्ध होगी। पहले चरण में केंद्र में 30 से 35 सिलाई मशीनें लगाई जाएंगी, जिन्हें भविष्य में आवश्यकतानुसार बढ़ाया जा सकता है। कोइलवर में पहले से ही एक सफल केंद्र एक वर्ष से संचालित है, जहां 900 से अधिक जीविका दीदियां रोजगार प्राप्त कर रही हैं। इस परियोजना के तहत चयनित महिलाओं को नूरसराय स्थित आरसेटी (ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान) में 10 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण में सिलाई कौशल के साथ-साथ केंद्र संचालन से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर भी ध्यान केंद्रित किया जाएगा। जीविका के डीपीएम संजय कुमार पासवान ने कहा कि केंद्र के सुचारू संचालन के लिए एक 'उत्पादक समूह' (प्रोड्यूसर ग्रुप) का गठन किया गया है। यह समूह कच्चे माल की खरीदारी से लेकर तैयार वस्त्रों की आपूर्ति तक की पूरी प्रक्रिया का प्रबंधन करेगा। समूह में कम से कम 20 और अधिकतम 40 सदस्य शामिल होंगी।

## नालंदा जिले के 10 पैक्स में होंगे चुनाव

निज संवाददाता। नालंदा




♦ अध्यक्ष और कार्यकारिणी सदस्यों के लिए वोटिंग, 23 मई को वोटर लिस्ट जारी होगा

नालंदा जिले के 10 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों (पैक्स) में अध्यक्ष और कार्यकारिणी सदस्यों के चुनाव की प्रक्रिया तेज हो गई है। सहकारिता पदाधिकारी(डीसीओ) धर्मनाथ प्रसाद ने बताया की सभी 10 पैक्सों के लिए वोटर लिस्ट तैयार करने का कार्य प्रगति पर है। प्रारंभिक मतदाता सूची 23 मई को प्रकाशित की जाएगी। जिसके बाद दावा-आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। सरमेरा प्रखंड के ससौर, हुसैना, नगर परिषद राजगीर के नाहूब, पथरौरा, राजगीर के गोरौरा, गिरियक के सतौआ, नूरसराय के बरारा, परवलपुर के पिलिच, रहुई के इतासंग भदवा और नगर पंचायत सरमेरा के सरमेरा में चुनाव होने हैं।

**निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से चुनाव कराने के निर्देशः** डीसीओ ने बताया कि सभी पैक्सों को 20 मई तक मतदाता सूची की प्रारंभिक प्रति उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया था। इसके बाद कार्यालय की ओर से इन सूचियों का सत्यापन किया जाएगा। इसके बाद 22 मई तक संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी को सौंप दिया जाएगा। मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद 23 मई से 2 जून तक संबंधित पैक्स क्षेत्र के सदस्य दावा और आपत्ति दर्ज करा सकेंगे। सभी दावों और आपत्तियों के निस्तारण के पश्चात 4 जून को अंतिम लिस्ट जारी की जाएगी। अंतिम वोटर लिस्ट के आधार पर अध्यक्ष और कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव कराया जाएगा। जिला प्रशासन ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी और संबंधित अधिकारियों को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से चुनाव कराने के निर्देश दिए हैं।

पूर्व मध्य रेल
ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्न कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।
1. कार्य का नाम एवं स्थान : डिजाइन, ड्राइंग, संशोधन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशन 25kv OHE, और PSI निर्मली–फोरबेसगंज के बीच, पूर्वी मध्य रेलवे के समस्तीपुर डिविजन में झनझरपुर–लुकाभाजार सेक्शन में पुलों का मोड़ किसी भी अन्य OHE/PSI स्थानों के तहत Dy.CEE/Con/N/SPJ e-Tender No. ELCNMHXETEN-1-25-26
2. अनुमानित कार्य की लागत : ₹7,77,83,247.33, 3. जमा किए जाने वाले बयाना राशि एवं निविदा प्रपत्र का मूल्य : NIT के अनुसार एवं रु शून्य, 4. कार्य पूर्ण करने का समय : 06 माह, 5. निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः09.06.2025 दोपहर 12.00 बजे तक। 6. वैबसाइट विवरण नोटिस बोर्ड का स्थान जहां निविदा की पूर्ण जानकारी देखा जा सकता है तथा कार्यालय का पता जहां से निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है : आई.आर.इ.पी.एस वेबसाईट website: www.ireps.gov.in पर, पर निविदा डाउन लोड किया जा सकता है एवं सीईई/कॉन महेन्द्रूघाट, कार्यालय सीएओ/कॉन ईसीआर ऑफिस परिशर, पटना–800004 में निविदा पट पर देखा जा सकता है। हिन्दी एवं अंग्रेजी की सूचना में किसी प्रकार की भिन्नता पाये जाने पर अंग्रेजी में प्रकाशित सूचना को सही माना जायेगा।
उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण/उत्तर/
पूमरे/महेन्द्रूघाट, पटना
पीआर/0285/सीओएन एमएचएक्स/ईएलईसीटी/टी/25–26/40

# विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर जिलास्तरीय बैठक का आयोजन

निज संवाददाता | नवादा




नवादा जिले में आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को लेकर तैयारियों ने रफ्तार पकड़ ली है। इसी कड़ी में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण जिलास्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में जिले के सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया था। बैठक का उद्देश्य प्रथम स्तरीय जांच (FLC) प्रक्रिया को पारदर्शी, सुगठित और निष्पक्ष रूप से संचालित करना तथा ईवीएम एवं वीवीपैट की जांच प्रक्रिया की जानकारी देना था। बैठक के दौरान निर्वाचन पदाधिकारी ने सबसे पहले ईवीएम और वीवीपैट की तकनीकी जांच से जुड़ी संपूर्ण प्रक्रिया की जानकारी विस्तारपूर्वक दी। सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को यह स्पष्ट किया गया कि एफएलसी के दौरान किन-किन तकनीकी पहलुओं की जांच की जाएगी और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी मशीन बिना जाँच और संतुष्टि के मतदान केंद्र तक न पहुँचे। एफएलसी के दौरान होने वाली संपूर्ण प्रक्रिया की समीक्षा भी बारीकी से की गई, जिसमें सभी प्रतिनिधियों को उनकी भूमिका और जिम्मेदारी से भी अवगत कराया गया। इसके अलावा, विधानसभा-वार मतदाता उपस्थिति अनुपात का विवरण प्रस्तुत किया गया। इससे यह स्पष्ट हुआ कि किन क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता की स्थिति बेहतर है और किन क्षेत्रों में और प्रयास की आवश्यकता है। स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता बढ़ाने के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्वाचन कर्मियों को विशेष दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वोटर की भागीदारी लोकतंत्र की मजबूती है और इसे हर हाल में सुनिश्चित किया जाना चाहिए। बैठक में राजनीतिक दलों को नवादा जिले के कुल मतदाताओं की संख्या से भी अवगत कराया गया। जानकारी के अनुसार, वर्तमान में नवादा जिले में कुल 18,08,649 मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें 9,41,068 पुरुष, 8,67,445 महिला और 136 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, 18 से 19 वर्ष के युवा मतदाताओं की संख्या 20,059, जबकि 20 से 29 वर्ष के युवाओं की संख्या 3,32,149 है। 85 वर्ष से अधिक आयु वाले मतदाता 16,083 हैं और पीडब्लूडी (दिव्यांग) मतदाताओं की संख्या 17,650 बताई गई। जिले का लिंगानुपात 922 है, जो महिला सशक्तिकरण के दृष्टिकोण से एक अहम संकेत माना जा रहा है। बैठक में राजनीतिक दलों को स्पष्ट रूप से बताया गया कि एफएलसी कार्य के दौरान उनकी सहभागिता अनिवार्य है। यदि किसी दल का प्रतिनिधि बैठक में उपस्थित नहीं हो पाता है, तो उसके स्थान पर अन्य प्रतिनिधि का नाम उनके लेटरहेड पर अंकित करते हुए जिला निर्वाचन कार्यालय में जमा कराना होगा। साथ ही यह चेतावनी भी दी गई कि जो भी प्रतिनिधि लगातार तीन दिन एफएलसी प्रक्रिया में अनुपस्थित रहेंगे, उनके विरुद्ध जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा नोटिस जारी किया जाएगा, जिसकी प्रति निर्वाचन आयोग को भी भेजी जाएगी। प्रथम स्तरीय जांच कार्य 24 मई 2025 से 08 जून 2025 तक किया जाएगा। इस प्रक्रिया की निगरानी के लिए वरिष्ठ नोडल पदाधिकारी के रूप में उप विकास आयुक्त तथा डीसीएलआर रजौली को नामित किया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी रवि प्रकाश स्वयं प्रतिदिन इस कार्य की निगरानी करेंगे, ताकि कोई भी चूक न हो और चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता सुनिश्चित की जा सके। बैठक के अंत में रवि प्रकाश ने सभी राजनीतिक दलों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव कराना प्रशासन की प्राथमिकता है और इसमें राजनीतिक दलों की भूमिका न केवल आवश्यक है, बल्कि उनकी भागीदारी से ही चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता और विश्वसनीयता सुनिश्चित की जा सकती है। इस बैठक में जिले के अपर समाहर्ता चन्द्रशेखर आज़ाद, अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर अखिलेश कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी महेश पासवान सहित जिले के सभी प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों ने जिले में एक सफल एवं शांतिपूर्ण विधानसभा चुनाव की दिशा में सकारात्मक सहयोग देने का संकल्प दोहराया।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय उर्वरक निगरानी समिति की बैठक

- समिति ने उर्वरकों की समय पर आपूर्ति एवं उपलब्धता सुनिश्चित करने पर दिया गया बल
- किसानों को उचित मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण उर्वरक उपलब्ध हो



निज संवाददाता | वारिसलीगंज (नवादा)

नवादा जिला पदाधिकारी, नवादा श्री रवि प्रकाश की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला स्तरीय उर्वरक निगरानी समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी खरीफ मौसम को ध्यान में रखते हुए प्रखंड स्तर पर विभिन्न फसलों के अनुसार उर्वरकों की अनुमानित खपत एवं आवश्यकता का आकलन कर उसकी समीक्षा की गई। समिति ने उर्वरकों की समय पर आपूर्ति एवं उपलब्धता सुनिश्चित करने पर बल दिया, जिससे किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक में यह भी समीक्षा की गई कि जिला स्तर से प्राप्त उर्वरकों का वितरण प्रखंड के विभिन्न खुदरा उर्वरक विक्रेताओं के माध्यम से पारदर्शी तरीके से किसानों तक हो रहा है या नहीं। इस प्रक्रिया में टैब (PoS मशीन) के माध्यम से वितरण की निगरानी की गई। साथ ही, उर्वरकों के निर्धारित विक्रय मूल्य, वितरण व्यवस्था एवं गुणवत्ता पर सतत निगरानी बनाए रखने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिला पदाधिकारी ने निर्देशित किया कि किसानों को उचित मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण उर्वरक उपलब्ध हो, यह सुनिश्चित किया जाए। जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा खरीफ वर्ष 2025-26 में विभिन्न फसलों के लक्ष्य के अनुसार उर्वरकों की आवश्यकता के बारे में बताया गया। नवादा जिला में कुल 187 पंचायतों में यूरिया - 19500, डीएपी - 3500, एनपीके - 4000, एमओपी - 500 एवं एसएसपी - 2000 (मे. टन में) की आवश्यकता है। खरीफ 2025 के लिए 01.04.2025 से 19.05.2025 तक यूरिया - 2766.51, डीएपी -100, एनपीके एवं एपीएस- 390.5, एसएसपी - 35 मे. टन की प्राप्ति हुई। उर्वरक की कुल उपलब्धता के बारे में बताया गया कि यूरिया- 4947.373, डीएपी-411.4, एनपीके एवं एपीएस-785.66, एमओपी-131.3 एवं एसएसपी-1125.875 है। खुदरा उर्वरक विक्रेता की संख्या सभी प्रखंडों में 785 एवं पैक्स की संख्या 24 है। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी, विभिन्न प्रखंड कृषि पदाधिकारी, कृषि समन्वयक, उर्वरक कंपनियों के प्रतिनिधि एवं खुदरा विक्रेता उपस्थित थे।

# सीआरसी उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय में किया गया मशाल कार्यक्रम का शुभारंभ

निज संवाददाता | नवादा




नवादा जिले के अकबरपुर प्रखंड अंतर्गत नेमदारगंज स्थित सीआरसी संकुल संसाधन केंद्र उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में तीन दिवसीय मशाल खेल कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ हुआ। इस विशेष आयोजन की शुरुआत मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष व मलिकपुर नेमदारगंज पंचायत की मुखिया उदय यादव तथा सीआरसी संचालक अनिल यादव द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर की गई। कार्यक्रम का आयोजन मनरेगा भवन खेल मैदान में किया गया, जहां बच्चों के जोश और उत्साह ने आयोजन को जीवंत बना दिया। इस मसाला खेल प्रतियोगिता में सीआरसी स्टार के अंतर्गत आने वाले चार विद्यालयों—उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय नेमदारगंज, मध्य विद्यालय नेमदारगंज, मध्य विद्यालय सुपौल, एवं मध्य विद्यालय जफरा—के विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी की। प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए पहले से रजिस्टर्ड 200 बच्चों ने विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जबकि करीब 1000 छात्र-छात्राएं दर्शक के रूप में उपस्थित रहे, जिससे आयोजन स्थल में एक उत्सव जैसा माहौल बन गया। प्रतियोगिता के खेलों में अंडर-14 और अंडर-16 वर्ग के बालक-बालिकाओं ने हिस्सा लिया। इनमें 60 मीटर दौड़, 100 मीटर दौड़, 800 मीटर दौड़, क्रिकेट, बॉल थ्रो, लंबी कूद, कबड्डी, फुटबॉल, वॉलीबॉल और साइकिलिंग जैसे रोमांचक खेल शामिल थे। हर खेल में बच्चों ने अनुशासित तरीके से भाग लिया और खेल भावना का परिचय देते हुए शानदार प्रदर्शन किया। 22, 23 और 24 मई 2025 को आयोजित इस तीन दिवसीय खेल आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों में खेल के प्रति रुचि जागृत करना, शारीरिक विकास को प्रोत्साहन देना, और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान कर उन्हें आगे के स्तर तक ले जाना है। चयनित विजेताओं को पहले प्रखंड स्तरीय और फिर जिला व राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर मिलेगा, जिससे उनके लिए आगे की राह खुल सके। मंच संचालन खेल शिक्षक पंकज कुमार द्वारा किया गया, जिन्होंने पूरे आयोजन को सुव्यवस्थित और प्रेरणादायक ढंग से संपन्न करवाया। कार्यक्रम के दौरान नरेश प्रसाद, सुजीत कुमार, मिथिलेश कुमार, सोनिया, प्रिया, ममता, कुश कुमार समेत कई शिक्षक मौजूद रहे और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। विशेष रूप से मध्य विद्यालय नेमदारगंज के बच्चों ने कई खेलों में प्रथम स्थान प्राप्त किया और अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। प्रतियोगिता समाप्ति के उपरांत 24 मई 2025 को पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें विजेता खिलाड़ियों को मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे।

## भूमि सर्वेक्षण शिविर का किया गया आयोजन

नारदीगंज (नवादा) (नि. सं.)। नवादा जिले के नरहट अंचल अंतर्गत छोटा शेखपुरा गांव में गुरुवार को भूमि सर्वेक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला बंदोबस्त पदाधिकारी मनोज कुमार स्वयं शिविर में पहुंचे और पूरी व्यवस्था का स्थल पर जाकर जायजा लिया। उन्होंने ग्रामीणों व भूस्वामियों से संवाद करते हुए भूमि सर्वे से जुड़े जरूरी दस्तावेजों के बारे में जानकारी दी और लोगों को सर्वेक्षण प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। जिला बंदोबस्त पदाधिकारी ने भूस्वामियों को विशेष रूप से प्रपत्र-2 और प्रपत्र-3(ए) के महत्व के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि भूमि सर्वेक्षण प्रक्रिया में प्रपत्र-2 भूमि स्वामित्व की प्रारंभिक जानकारी से जुड़ा अहम दस्तावेज है, जिसे ऑनलाइन भरना अब अनिवार्य हो चुका है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे समय रहते यह प्रक्रिया पूरी करें ताकि भविष्य में किसी प्रकार की दिक्कत न हो। शिविर में राजस्व पदाधिकारी अशोक कुमार झा तथा शिविर प्रभारी बेबी प्रिया भी उपस्थित रहीं। इन अधिकारियों ने भी लोगों को प्रपत्रों की सही भराई, अभिलेख सत्यापन, जमीन की सीमा निर्धारण, आपसी विवाद के समाधान आदि बिंदुओं पर महत्वपूर्ण जानकारी दी।

# महिला संवाद कार्यक्रम बन रहा है बदलाव का जरिया, 1.5 लाख से अधिक महिलाओं ने लिया भाग, 22 हजार से ज्यादा आकांक्षाएं दर्ज

निज संवाददाता | नारदीगंज (नवादा)



नवादा जिले में महिलाओं की आवाज को मजबूती देने और उन्हें योजनाओं की जानकारी से जोड़ने के उद्देश्य से चलाया जा रहा महिला संवाद कार्यक्रम अब ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं के लिए आशा और आत्मविश्वास का मंच बन चुका है। इस कार्यक्रम के ज़रिए महिलाएं अपनी समस्याएं, आकांक्षाएं और सुझाव न सिर्फ खुलकर रख रही हैं, बल्कि सरकार की योजनाओं के प्रति सजग होकर अपने और अपने परिवार के भविष्य को सशक्त बनाने की दिशा में कदम भी बढ़ा रही हैं। महिला संवाद कार्यक्रम की सबसे खास बात यह है कि इसका दायरा जिले के सभी 13 प्रखंडों तक फैला हुआ है। प्रत्येक प्रखंड में प्रतिदिन एक महिला संवाद रथ के माध्यम से दो-दो कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। यानी नवादा में हर दिन कुल 26 संवाद कार्यक्रम हो रहे हैं, जिनमें सैकड़ों की संख्या में जीविका से जुड़ी महिलाएं और अन्य ग्रामीण महिलाएं हिस्सा ले रही हैं। इस सतत और सघन अभियान के तहत 18 अप्रैल 2025 से लेकर अब तक कुल 890 ग्राम संगठनों में महिला संवाद आयोजित किए जा चुके हैं, जिनमें 1,54,000 से अधिक महिलाएं भागीदारी कर चुकी हैं। इन संवादों का उद्देश्य केवल महिलाओं को सुनना नहीं है, बल्कि उन्हें सरकार की योजनाओं से जोड़ना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। कार्यक्रम के दौरान ऑडियो-विजुअल प्रस्तुति के माध्यम से राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं, जैसे मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, साइकिल योजना, जीविका, स्वयं सहायता समूह, जैसे कई प्रयासों की जानकारी दी जाती है। इसके अलावा लीफलेट्स और सीएम द्वारा भेजे गए व्यक्तिगत संदेश पत्र भी महिलाओं के बीच वितरित किए जा रहे हैं, जिससे वे योजनाओं के प्रति जागरूक हो सकें और लाभ उठा सकें। महिलाएं भी इस मंच का भरपूर उपयोग कर रही हैं। कई लाभान्वित महिलाओं ने कार्यक्रम में अपने अनुभव साझा किए, जिनसे स्पष्ट हुआ कि सरकारी योजनाओं के माध्यम से उन्हें रोजगार, शिक्षा और आत्मसम्मान मिला है। इसी मंच पर महिलाएं अपनी आकांक्षाएं भी खुलकर रख रही हैं, जिनमें सड़क निर्माण, पेयजल सुविधा, स्मार्ट गांव की स्थापना, सिलाई केंद्र, पुस्तकालय और जीविका भवन निर्माण जैसी ज़रूरतें प्रमुख रूप से सामने आई हैं। अब तक इन महिला संवादों में 22,000 से अधिक आकांक्षाएं संकलित की जा चुकी हैं, जिन्हें राज्य सरकार द्वारा संज्ञान में लेकर योजना निर्माण की दिशा में प्रयुक्त किया जा रहा है। बिहार सरकार की सोच है कि किसी भी समाज में असली बदलाव तभी संभव है जब महिलाएं उस बदलाव की धुरी बनें। यही कारण है कि महिला संवाद कार्यक्रम को व्यापक रूप से प्रचारित किया जा रहा है और इसकी सफलता राज्य के हर जिले से झलक रही है। महिलाओं की भागीदारी, उनकी मुखरता और योजनाओं में उनकी भागीदारी से यह साफ हो गया है कि यह अभियान एक सामाजिक क्रांति का रूप ले चुका है। नवादा जिले में चल रहा यह अभियान इस बात का प्रमाण है कि जब महिलाओं को सही मंच और अवसर दिया जाता है, तो वे न सिर्फ अपनी आवाज़ उठाती हैं, बल्कि विकास की दिशा में कदम भी मजबूती से बढ़ाती हैं।

## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर शनिवार को

नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)। नारदीगंज प्रखंड अंतर्गत पेंशनर भवन नारदीगंज में 24 मई को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज के सौजन्य से आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य पेंशनर समाज के वरिष्ठ नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना है। शिविर में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आने वाले पेंशनर भाग ले सकेंगे। उपस्थित पेंशनरों की स्वास्थ्य जांच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर प्रवीण कुमार द्वारा की जाएगी। डॉक्टर द्वारा सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, बीपी, शुगर, हृदय संबंधी लक्षणों की जांच, दवा परामर्श आदि निःशुल्क रूप से किया जाएगा। पेंशनर समाज के प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद एवं सचिव श्रीकांत सिंह ने संयुक्त रूप से जानकारी दी है। इस स्वास्थ्य शिविर का उद्देश्य पेंशनर समाज को समय पर स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं देना और बीमारी के लक्षणों की प्रारंभिक पहचान करना है, जिससे इलाज में देर न हो। दोनों पदाधिकारियों ने पेंशनर समाज से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचे और निःशुल्क जांच का लाभ उठाएं।

# दो बाइकों पर लदे 250 लीटर शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार, दूसरा फरार

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)




रजौली थाना क्षेत्र के हरदिया पंचायत के सुदूरवर्ती परतौनिया के जंगली क्षेत्र से पुलिस बलों ने दो बाइकों पर लदे कुल 250 लीटर देशी महुआ शराब को जब्त किया। साथ ही एक शराब तस्कर को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि दूसरा तस्कर भागने में सफल रहा। शराब तस्करों के लिए हरदिया के सुदूरवर्ती जंगली क्षेत्र के कच्चे रास्ते से शराब का परिवहन करना सेफ जोन माना जाता है। इसके पीछे का मुख्य कारण है कि बिहार-झारखंड के सीमावर्ती जंगली क्षेत्र में महुआ चुलाई शराब का निर्माण पहाड़ी और पानी वाले स्थानों पर धड़ल्ले से शराब माफियाओं द्वारा किया जाता है। साथ ही शराब की खेंप पहुंचाने के लिए जंगल के कच्ची रास्तों के माध्यम से बाइकों पर औसतन 150-200 लीटर शराब लादकर किया जाता है। हालांकि पुलिस विभाग भी शराब तस्करों के मनसूबों पर पानी फेरने में कोई कसर नहीं छोड़ते हैं। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र को शराब मुक्त बनाए जाने को लेकर ह्यूमन इंटेलीजेंस सहित अन्य कई संसाधनों का उपयोग किया जा रहा है। साथ ही पुलिस बलों के सहयोग शराब निर्माण, , परिवहन, बिक्री, भंडारण एवं सेवन के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। बुधवार की शाम को गुप्त सूचना के आलोक में परतौनिया के जंगली क्षेत्र से दो बाइकों बीआर21भी0911 व बीआर02एपी9620 पर लदे प्लास्टिक के गैलेनों में रहे कुल 250 लीटर देशी महुआ शराब को जब्त किया गया। साथ ही बरवा गांव निवासी गांगों पासवान के पुत्र प्रकाश कुमार को गिरफ्तार किया गया, जबकि दूसरा शराब तस्कर जंगली रास्तों का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। वहीं गिरफ्तार युवक से पूछताछ करने पर बताया कि भागने वाला कुलेश्वर पासवान के पुत्र रामाशीष पासवान है। थानाध्यक्ष ने बताया कि जब्त बाइकों एवं शराब के अलावे गिरफ्तार और फरार शराब तस्कर के विरुद्ध बिहार उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। साथ ही बताया कि गिरफ्तार शराब तस्कर का स्वास्थ्य जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। वहीं फरार होने वाले शराब तस्कर की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस अग्रतर कार्रवाई में जुटी हुई है।

# रेलवे सुरक्षा बल द्वारा ऑपरेशन आहट के तहत कर्मभूमि एक्सप्रेस से 9 बच्चों को मानव तस्करों से कराया गया मुक्त

निज संवाददाता | हाजीपुर(वैशाली)

रेलवे सुरक्षा बल, पूर्व मध्य रेल द्वारा रेल सम्पत्ति की सुरक्षा एवं अवैध सामानों की धर-पकड़ के साथ ही यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने का निरंतर प्रयास किया जाता है। इसी क्रम में, दिनांक 22.05.2025 को रेलवे सुरक्षा बल, बेगूसराय के द्वारा ट्रेन पासिंग ड्यूटी के दौरान गाड़ी सं. 15713 अप के खुलने पर चोर-चोर की आवाज सुनकर भाग रहे एक व्यक्ति को दौड़कर पकड़ा गया जिससे एक यात्री द्वारा चोरी किया गया मोबाइल बरामद किया गया। जांच के उपरांत चोरी किया गया मोबाइल सही यात्री को वापस लौटा दिया गया। ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत दिनांक 22.05.2025 को रेलवे सुरक्षा बल, खगड़िया स्टेशन पर गस्त के दौरान प्लेटफॉर्म सं. 02 के पूर्वी छोर पर 04 नाबालिक बच्चों को संदिग्ध अवस्था में धूमते हुए पाया गया। उनसे पूछताछ करने पर कोई संतोशजनक उत्तर नहीं दे पाए लिहाजा सुरक्षा की दृष्टिकोण से उन्हे आरपीएफ पोस्ट खगड़िया पर लाया गया तथा 1098 पर चाइल्ड हेल्पलाइन, खगड़िया को सूचित किया गया। चाइल्ड हेल्पलाइन के स्टाफ के आने पर चारों नाबालिक बच्चों को पावती लेकर सुपुर्द कर दिया गया। ऑपरेशन आहाट के तहत रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट, मुजफ्फरपुर द्वारा 21.05.2025 को मुखबीर द्वारा मिली सूचना के आधार पर गाड़ी सं. 12407 कर्मभूमि एक्सप्रेस के सामान्य कोच की जांच की गयी। जांच के दौरान वहां से कुछ डरे सहमे बालक पाए गए जिन से पूछताछ करने पर पता चला कि उनलोगों को मजदूरी कराने के वास्ते मुरादाबाद, सहारनपुर एवं अंबाला ले जाया जा रहा था। रेलवे सुरक्षा बल द्वारा बरामद कुल 09 बच्चों को मानव तस्कर के चंगुल से मुक्त कराते हुए बालकों के निशानदेही पर दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर जीआरपी मुजफ्फरपुर को अग्रिम कार्रवाई हेतु सौंप दिया गया।

आपॅरेशन सतर्क के तहत 21 मई, 2025 को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट, सीतामढ़ी को गाड़ी सं. 15558 अमृत भारत एक्सप्रेस से उतरे पार्सल (04 बण्डल सामान) को जांच के दौरान अंग्रेजी शराब बरामद हुआ जिसकी कुल अनुमानित कीमत 77,400 रुपये है। उक्त शराब को विधिवत रूप से जब्त कर अग्रिम कानूनी कार्यवाही हेतु राजकीय रेल थाना/सीतामढ़ी को सौंप दिया गया। इसके साथ ही 21 मई को रेलवे सुरक्षा बल, पोस्ट, पटना द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर गाड़ी सं. 20802 मगध एक्सप्रेस के एसी कोच के अटेंडेंट एवं एसी टेक्निशियन को विभिन्न अंग्रेजी एवं विदेशी ब्रांडों के शराब के साथ पकड़ा गया। शराब को कोच के एसी पैनल के अंदर छुपा कर रखा गया था जिसे लॉक किया हुआ था। उक्त शराब को विधिवत रूप से जब्त कर अग्रिम कानूनी कार्यवाही हेतु राजकीय रेल थाना/पटना को सौंप दिया गया।

# साहित्यकार रत्नाकर को किया गया सम्मानित

निज संवाददाता | वारिसलीगंज (नवादा)



मगही भाषा और साहित्य को समर्पित वरिष्ठ साहित्यकार राम रतन प्रसाद सिंह रत्नाकर को उनके अद्वितीय साहित्यिक योगदान के लिए विश्व मगही परिषद की ओर से सम्मानित किया गया। हालांकि वे स्वास्थ्य कारणों से परिषद द्वारा 20 मई को औरंगाबाद जिले के दाउदनगर में आयोजित पहले ऑफलाइन साहित्यकार समागम में शामिल नहीं हो सके, लेकिन परिषद ने उनके योगदान को सम्मानित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। गुरुवार को परिषद की सम्मान समिति के अध्यक्ष डॉ शिवेंद्र नारायण सिंह स्वयं वारिसलीगंज प्रखंड अंतर्गत मकनपुर गांव पहुंचे, जहां उन्होंने रत्नाकर को प्रशस्ति पत्र और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान उनके साथ परिषद के कई अन्य साहित्यप्रेमी भी उपस्थित थे। इस सम्मान को प्राप्त कर रत्नाकर भावविभोर हो उठे। रत्नाकर जी ने इस अवसर पर कहा, "विश्व मगही परिषद लगातार साहित्य साधकों को पहचान और सम्मान दे रही है, जिससे मगही साहित्य को नई ऊर्जा और प्रेरणा मिल रही है। यह सम्मान मेरे लिए नहीं, बल्कि उस पूरी परंपरा के लिए है, जिसमें मगही भाषा ने अपनी अस्मिता बनाए रखी है।' इस मौके पर डॉ शिवेंद्र नारायण सिंह ने कहा, "रत्नाकर जी मगही साहित्य और संस्कृति के पुरोधा हैं। उन्होंने मगध क्षेत्र की बोली और साहित्य को सहेजने और आगे बढ़ाने में अमूल्य योगदान दिया है। हम सबका यह दायित्व है कि उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए मगही को नई पीढ़ी तक पहुंचाएं।" कोरोना संक्रमण काल से ही विश्व मगही परिषद ऑनलाइन वेबिनार के माध्यम से मगही भाषा के प्रचार-प्रसार में सक्रिय है। संक्रमण समाप्त होने के बाद यह पहला मौका था जब परिषद ने एक भव्य ऑफलाइन आयोजन किया, जिसमें देशभर से हिंदी और मगही के साहित्यकारों ने भाग लिया। हालांकि रत्नाकर की अनुपस्थिति ने आयोजन में थोड़ी कमी ला दी, लेकिन परिषद ने उनकी उपस्थिति की अनुभूति उनके गांव जाकर पूरी की। इस सम्मान समारोह में गांव के बुद्धिजीवी, साहित्य प्रेमी और परिषद के कई प्रतिनिधि भी शामिल हुए, जिन्होंने रत्नाकर के योगदान को सराहा और उन्हें शाबाशी दी।

## फैलेरिया के 21 मरीजों के बीच कीट का वितरण

कौआकोल (नवादा) (नि. सं.)। फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कौआकोल में फाइलेरिया पीड़ित मरीजों के लिए शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान फाइलेरिया के 21 मरीजों के बीच मोरबिडिटी मैनेजमेंट एंड डिसेबिलिटी प्रीवेंशन (एमएमडीपी) किट का वितरण कर इसकी जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें 12 दिनों की फाइलेरिया रोधी दवाओं के साथ उचित परामर्श भी दिया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ० रामप्रिय सहगल ने बताया कि फाइलेरिया से प्रभावित अंगों की साफ-सफाई के साथ नियमित देखभाल भी जरुरी है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से उनके बीच एमएमडीपी किट प्रदान किया जा रहा है। इस किट में एक-एक टब, मग, बाल्टी तौलिया, साबुन, एंटी फंगल क्रीम आदि शामिल हैं। लगातार इसका इस्तेमाल करने से प्रभावित अंगों के सूजन में भी कमी आएगी। मौके पर स्वास्थ्य प्रबंधक रविचन्द प्रसाद, पिरामल संस्था के गौतम कुमार समेत अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।

# महाप्रबंधक ने की निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा

निज संवाददाता | हाजीपुर (वैशाली)




पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने हाजीपुर मुख्यालय में आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में पूर्व मध्य रेल की निर्माण परियोजनाओं के प्रगति की समीक्षा की। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक अमरेन्द्र कुमार, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण (उत्तर) राम जन्म, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण (दक्षिण) रामाश्रय पाण्डेय एवं अन्य उच्चाधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक के दौरान महाप्रबंधक ने पिछले वर्षों में निर्माण संगठन द्वारा पूरी की गयी परियोजनाओं की समीक्षा की तथा भविष्य में पूरी की जाने वाली निर्माण परियोजनाओं के मद्देनजर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। समीक्षा बैठक में पीपीटी के माध्यम से निर्माण विभाग की उपलब्धियों एवं भविष्य के लिए निर्धारित लक्ष्यों से महाप्रबंधक महोदय को अवगत कराया गया। महाप्रबंधक द्वारा मुजफ्फरपुर-सगौली, सगौली-बाल्मिकीनगर, समस्तीपुर-दरभंगा दोहरीकरण परियोजना, हाजीपुर-सगौली, अररिया-सुपौल, अस्थावां-बरबीघा, कोडरमा-तिलैया नई लाईन परियोजना, टोरी-शिवपुर तीसरी लाईन, गोमो फ्लाई ओवर, सिन्द्री यार्ड रिमॉडलिंग सहित अन्य निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गयी। बैठक को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक ने कहा कि हमें रेलवे के प्रत्येक क्षेत्र में नई तकनीक का ज्यादा-से-ज्यादा प्रयोग करना होगा ताकि लोगों की अपेक्षा पर खरे उतरते हुए उन्हें बेहतर परिणाम दे सकें। उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए निर्माणाधीन रेल परियोजनाओं को निर्धारित लक्ष्य पर पूरा करने पर बल दिया। उन्होंने पूर्व मध्य रेल में चल रही निर्माण परियोजनाओं की नियमित एवं गहन मॉनिटरिंग का निर्देश दिया ताकि इसे समय पर पूरा किया जा सके। उन्होंने आरओबी/आरयूबी/बाईपास के निर्माण पर जोर दिया ताकि बिना अवरोध के रेल एवं सड़क यातायात जारी रह सके। पूर्व मध्य रेल द्वारा वर्ष 2024-25 के दौरान 44 किमी नई लाइन तथा 73 किमी दोहरीकरण परियोजना से जुड़े कुल 117 किलोमीटर का निर्माण कार्य पूरा किया गया। संरक्षा को प्राथमिकता देते हुए 2024-25 में 07 आरओबी एवं 19 आरयूबी का निर्माण कार्य पूरा किया गया। इसके साथ ही 30 नए इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग, 122 रूट किमी पर ऑटोमैटिक ब्लॉक सिगनलिंग तथा 149 रूट किमी रेलखंड पर 'कवच' की कमीशनिंग की गई। इसी क्रम में वर्ष 2025-26 के दौरान नई लाइन (90 किमी) तथा दोहरीकरण (184 किमी) परियोजना से जुड़े लगभग 274 किलोमीटर का कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### 28 मई को बीएड प्रवेश परीक्षा, भोजपुर में 15 केंद्र

**आरा**। आरा बीएड कोर्स सत्र 2025-27 में नामांकन के लिए 28 मई को होने वाली संयुक्त प्रवेश परीक्षा की तैयारी को लेकर बुधवार को ऑनलाइन बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता नोडल यूनिवर्सिटी ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय ने की। इसमें वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के नोडल ऑफिसर प्रो केके सिंह सहित अन्य अधिकारी शामिल हुए। बैठक में शांतिपूर्ण और कदाचार मुक्त परीक्षा संचालन को लेकर जरूरी गाइडलाइन जारी की गई। भोजपुर जिले में परीक्षा के लिए 15 केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर कुल छह हजार आठ सौ सत्तर परीक्षार्थी शामिल होंगे। सभी केंद्रों पर आब्जर्वर के साथ मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। परीक्षा सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक होगी। छात्र और छात्राओं के लिए अलग-अलग केंद्र तय किए गए हैं। महिलाओं के लिए नौ और पुरुषों के लिए छह केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा जिन केंद्रों पर होगी। इनमें टीएसआई महिला कॉलेज, एचडी जैन कॉलेज, राजकीय कन्या प्लस टू विद्यालय, टाउन प्लस टू विद्यालय, एचपीडी जैन प्लस टू विद्यालय, डॉ नेमीचंद शास्त्री कन्या विद्यालय, पयहारी महाराज जी कॉलेज, जगजीवन कॉलेज, एसबी कॉलेज, एमएम महिला कॉलेज, एसबी प्लस टू विद्यालय, महाराजा कॉलेज, अल हफीज कॉलेज, अमीरचंद प्लस टू विद्यालय और राजकीय कन्या पाठशाला शामिल हैं।

### 26 मई से स्नातक में नामांकन के लिए विवि का खुलेगा पोर्टल

**आरा**। आरा वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के अंगीभूत एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित स्नातक स्तरीय पाठ्यक्रम सत्र, 2025-29 में नामांकन के लिए पोर्टल 26 मई को खुलेगा। भोजपुर, बक्सर, रोहतास और कैमूर जिले के कॉलेजों में नामांकन के लिए 10 जून तक पोर्टल खोला जाएगा। नामांकन के नोडल पदाधिकारी प्रो. धीरेंद्र कुमार सिन्हा ने बताया कि गत वर्ष की तर्ज पर ही विश्वविद्यालय में वर्तमान में पूर्व से कार्यरत एजेंसी द्वारा ही स्नातक नामांकन का कार्य लिया जायेगा। सर्वसम्मति से सहमति बनी है कि नामांकन ऑनलाइन माध्यम से लिए जायेंगे। इसके लिए 26 मई से 5 जून तक पोर्टल खोला जाएगा।आवश्यकता पड़ने पर इस पोर्टल को सक्षम प्राधिकार से अनुमोदन एवं स्वीकृति के उपरान्त अगले पांच दिनों के लिए और खोला जायेगा। नामांकन समिति के सदस्यों में सहमति बनी है कि नामांकन प्रक्रिया को ससमय पूरा करने के लिए विश्वविद्यालय कटिबद्ध है। समिति ने पूरी प्रक्रिया को माह जून में सम्पूर्ण रूप से सम्पादित करने का लक्ष्य रखा है। गौरतलब हो कि नामांकन राजभवन द्वारा अनुमोदित सीबीसीएस आधारित यूजी रेगुलेशन के अनुरूप ही लिया जायेगा। आरक्षण रोस्टर के पालन, कोटा सीटों, एनएसएस, एनसीसी, स्पोर्ट्स आदि सीटों पर नियमानुसार नामांकन लेने पर सहमति बनी है।

### नीलाम पत्र वादों की समीक्षा, सप्ताह में दो दिन चलेगा कोर्ट

**आरा**। जिला पदाधिकारी भोजपुर तनय सुल्तानिया ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए नीलाम पत्र वादों की समीक्षा बैठक की। बैठक में सभी नीलाम पत्र पदाधिकारियों से वादों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गई। डीएम ने दफा 7 के तहत नोटिस जारी करने, बॉडी वारंट की संख्या बढ़ाने और सभी अभिलेखों को सही ढंग से संधारित कर ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड करने की प्रक्रिया तेज करने का निर्देश दिया। उन्होंने लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए सप्ताह में दो दिन कोर्ट करने को कहा। साथ ही, सभी नीलाम पत्र पदाधिकारियों को संबंधित बैंकों से समन्वय कर लंबित मामलों के निष्पादन में तेजी लाने का निर्देश दिया। डीएम ने प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट गूगल डॉक्यूमेंट पर अपलोड करने और समय पर मासिक प्रतिवेदन भेजने को भी कहा। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रमोद कुमार, सदर अनुमंडल पदाधिकारी रश्मि सिन्हा, स्थापना उप समाहर्ता, एलडीएम, बैंक प्रतिनिधि, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी सत्य प्रकाश आदि थे।

### डालसा ने ट्रांसजेंडर समुदाय को दी सितारा योजनाओं की जानकारी

**बक्सर**। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डालसा) की ओर से मंगलवार को ट्रांसजेंडर समुदाय के सदस्यों को केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित 'सितारा योजनाओं' की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के हाशिए पर रह रहे इस वर्ग को सरकारी योजनाओं से जोड़ना और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर डालसा की सचिव सह अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पूजा सिंह ने ट्रांसजेंडर्स को कानूनी अधिकार, सरकारी योजनाएं और सामाजिक सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दीं।

### रोको टोको अभियान में 18 अभियुक्त गिरफ्तार, 86 हजार 500 वसूला जुर्माना

**बक्सर**। बक्सर जिले में अलग अलग इलाकों से पिछले 24 घंटे में कुल 18 अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।पुलिस के अनुसार हत्या के प्रयास में 2, एससी एसटी एक्ट में 1 , शराब के सेवन में 11 वारंट में 1, अन्य मामलों में 3 अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। वहीं पुलिस के द्वारा जगह-जगह वाहन चेकिंग अभियान भी चलाया गया। जिसमें 86 हजार 500 रूपए जुर्माना वसुला गया। पुलिस ने पिछले 24 घंटे में 24 वारंट व 73 आचरण प्रमाण पत्र का निष्पादन किया गया। पुलिस के अनुसार हत्या के प्रयास में 2, एससी एसटी एक्ट में 1 , शराब के सेवन में 11 वारंट में 1, अन्य मामलों में 3 अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

### हर घर झंडा अभियान को ले कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दिखाई एकजुटता

**आरा**। जिला कांग्रेस पार्टी के भू सम्पदा प्रभारी अशोक यादव की अध्यक्षता में बुधवार को अनाइठ धोबी धटवा में हर घर झंडा कार्यक्रम चलाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। अशोक यादव ने कहा कि कांग्रेस का संकल्प है कि आरा विधानसभा की हर गली, हर मोहल्ले में पार्टी का झंडा लहराए। उन्होंने कहा कि लोगों की रुचि देखकर लगता है कि यह अभियान सफल होगा। कार्यक्रम में बिहार स्टेट बार काउंसिल के सदस्य सह प्रदेश डेलीगेट पन्नग कुमार त्रिपाठी, आनंद तिवारी, अभिषेक कुमार, रविंद्र कुमार, शिवम कुमार, अखिलेश कुमार, प्रीतम कुमार, संतोष कुमार, मंगल कुमार, राजू यादव, मना कुमार, शैलेष यादव, बांटी कुमार, विजय कुमार और टिंकू कुमार मौजूद थे।

### केरल मॉडल पर 1600 नारियल पौधरोपण, खुलेंगे लघु उद्योग

**आरा**। दक्षिण भारत के राज्यों की तरह भोजपुरी क्षेत्र में भी नारियल की बागवानी को प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके साथ ही नारियल पेड़ों से प्राप्त डाभ, नारियल और इससे आधारित अन्य सामग्रियों के लिए लघु उद्योग खोले जाएंगे। नारियल से जुड़े उत्पादों की मार्केटिंग की जाएगी।इसके लिए भोजपुर जिले में किसानों को अब नारियल की बागवानी और लघु उद्योगों से जोड़ा जाएगा। नारियल विकास योजना के तहत इस साल जिले में कृषि विभाग द्वारा 1600 नारियल के पौधे बांटे जाएंगे। योजना का संचालन जिला उद्यान कार्यालय कर रहा है। पौधा लेने के लिए पोर्टल खुल गया है। इच्छुक किसान horticulture.bihar.g ov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। दक्षिण भारत के केरल, तमिलनाडु और कर्नाटक में नारियल के हर हिस्से का उपयोग कर घरेलू और निर्यात उद्योग चल रहा है। भोजपुर में भी अब इसी मॉडल पर काम शुरू हो रहा है। नारियल के सूखे पत्तों से बनने वाला झाड़ू बिहार के शहरी और ग्रामीण बाजारों में भी बड़ी मांग रखता है। झाड़ू निर्माण कम लागत में अधिक मुनाफे वाला व्यवसाय है। खासकर महिला स्वयं सहायता समूहों और युवाओं के लिए यह अच्छा रोजगार विकल्प बन सकता है। नारियल के सूखे पत्तों से हाथ से बनने वाला झाड़ू मजबूत और टिकाऊ होता है। किसानों को मिलेगा 21.25 में एक पौधा जिला उद्यान पदाधिकारी दीवाकर भारती ने बताया कि यदि किसान समूह बनाकर झाड़ू निर्माण करें, तो यह स्थायी आय का जरिया बन सकता है।

# कोरोना वायरस का मिला नया वैरिएंट, आरा में कोई केस नहीं

निज संवाददाता। आरा



कोरोना वायरस ने एक बार फिर से चिंता बढ़ा दी है। एशिया के कई देशों में कोरोना वायरस तेजी से पैर पसारते नजर आ रहा है। यह महामारी एक बार फिर से अब भारत तक पहुंच चुका है। भारत में अभी कोरोना के मामले कम हैं, लेकिन थोड़ी बढ़त जरूर हुई है। 19 मई तक 11 राज्यों को मिलाकर 257 एक्टिव केस सामने आए हैं। हालांकि, सबसे ज्यादा मामला महाराष्ट्र, केरल और तमिलनाडु से सामने आया है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग पूरी तरीके से तैयार है। आरा रेलवे स्टेशन में फिलहाल हालात सामान्य है। स्टेशन पर लोग पहले की तरह सामान्य स्थिति में है। बिना मास्क के लोग आसानी से आ जा रहे है। भीड़ भी है। मानो कोरोना वायरस को सभी भूल गए है। स्थिति सामान्य हो चुकी है। लेकिन एक सवाल उठता लाजमी हो रहा है। महाराष्ट्र और केरल से आने वाले यात्रियों की जांच हो रही है या नहीं।

**महाराष्ट्र से आने वालों की संख्या अधिकः** आरा में महाराष्ट्र से आने वालों की संख्या बहुत अधिक है। महाराष्ट्र समेत, गुजरात, दिल्ली, राजस्थान में ज्यादातर लोग बिहार के है। यहां दिल्ली, महाराष्ट्र, राजस्थान और गुजरात के लिए यहां से कई ट्रेनें है, जो आरा रुकती है और सैकड़ों लोग उतरते है। गर्मी की छुट्टी भी है। लोग इस छुट्टी में दूसरे दूसरे शहर जा रहे है और छुट्टी मना कर आ रहे है। बस स्टैंड की भी स्थिति इसी तरीके से भीड़ भाड़ बनी हुई है। बस स्टैंड पर भी जांच की अब तक कोई व्यवस्था नहीं की गई है। अगर आरा सदर अस्पताल की बात करें तो मौजूदा स्थिति में क्वारैंटाइन सेंटर नहीं है। क्योंकि, यहां अभी तक एक भी कोरोना का मरीज नहीं मिला है। आरा में अभी गर्मी का सितम जारी है। अगर गर्मी बढ़ती है, तो हालत पहले की तरह ना हो उसपर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। फिलहाल, कोरोना का मामला केरल, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, पुडुचेरी, गुजरात, दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा, सिक्किम और वेस्ट बंगाल से मामले सामने आया है।

**आरा में नहीं है कोरोना वायरस का केसः** सदर अस्पताल के सिविल सर्जन शिवेंद्र कुमार सिन्हा ने बताया कि कोरोना वायरस आरा में नहीं है। यहां के लोग कोरोना के बारे में समझ गए है। स्थिति सामान्य है। एक भी मरीज नहीं है। अगर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट करता है तो हम और हमारी टीम पूरी तरीके से तैयार है। टीम लू को लेकर तैयारी कर रही है। क्योंकि पिछले साल लू से बहुत लोगों की मौत हो गई थी। अब विभाग इसे लेकर पूरी तरह से तैयार है। बाढ़ को लेकर भी हमारी टीम पूरी तरीके से तैयार है। अगर ऐसा कुछ भी होता है तो हम तैयार रहेंगे।

## भोजपुर में जहरीले सांप ने मिस्त्री को काटा



निज संवाददाता। आरा

◆ अस्पताल पहुंचने से पहले गई जान, मौत के बाद परिजन झाड़-फूंक कराने ले गए

भोजपुर में शटरिंग मिस्त्री को जहरीले सांप ने काट लिया। परिजनों को 2 घंटे बाद सूचना मिली। आनन-फानन में अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान हथरा निवासी हरेंद्र कुमार(25) के तौर पर हुई है। मृतक की पहचान उदवंतनगर थाना क्षेत्र के तेतरिया गांव की है।

**शौच के लिए गया था, जहरीले सांप ने काट लियाः** मृतक के चाचा शत्रुघ्न चौधरी ने बताया कि चार साल से किराए के मकान में रह रहा था। शटरिंग का काम करता था। बुधवार को शौच के लिए बधार गया था। इस दौरान जहरीले सांप ने काट लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मौत की खबर सुनते ही परिजनों के बीच कोहराम मच गया। सभी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। जानकारी के मुताबिक बिना पोस्टमार्टम कराए ही परिजन अस्पताल से शव लेकर चले गए। मौत के बाद झाड़-फूंक कराने के लिए उत्तर प्रदेश के अमवा स्थित सती माई मंदिर लेकर गए।

## शाम को मोहल्ले में दिखा फिर फंदे से लटका मिला

◆ बक्सर में 19 साल के युवक ने लगाई फांसी, जांच में आईपीएल का एंगल



निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर में बुधवार रात 19 वर्षीय युवक ने अपने कमरे में फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। इसकी खबर लगते ही ठठेरी बाजार मोहल्ले में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान संतोष शर्मा के बेटे प्रियांशु कुमार शर्मा के रूप में हुई है।

**शाम को मुहल्ले में घूमते दिखा, रात में मिली लाशः** स्थानीय लोगों के मुताबिक, प्रियांशु को शाम 5 बजे तक मोहल्ले में घूमते और ऊपर के कमरे में झाड़ू लगाते देखा गया था। रात 9 बजे जब परिजन कमरे में पहुंचे तो प्रियांशु फंदे से लटका मिला। सबसे पहले उसकी चाचा की बेटी ने उसे देखा और शोर मचाया। इसके बाद आनन-फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**घर पर अकेला था युवकः** घटना के समय घर के अन्य सदस्य बाहर थे और युवक घर पर अकेला था। मृतक की मां किराए के मकान में रहती थीं। ऐसे में किसी को भनक तक नहीं लगी कि वह आत्मघाती कदम उठाने जा रहा है।

**पुलिस कर रही जांच, आईपीएल एंगल भी सामने आयाः** सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। पुलिस मामले की जांच के दौरान आईपीएल से जुड़े पहलुओं को भी खंगाल रही है। हालांकि, आत्महत्या के असली कारण का खुलासा जांच के बाद ही हो सकेगा।

**मोहल्ले में पसरा मातमः** मोहल्ले में हर कोई स्तब्ध है कि 19 साल के नौजवान ने आत्महत्या जैसा कदम क्यों उठाया। एक पड़ोसी ने बताया, "प्रियांशु अच्छा लड़का था, किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। अचानक ऐसा करना चौंकाने वाला है।"

## छिनतई मामले में कोढ़ा गैंग के सदस्य के घर छापेमारी

◆ 4.90 लाख रुपए बरामद, बदमाश फरार, भोजपुर में रुपए से भरा थैला छीना था



निज संवाददाता। आरा

भोजपुर पुलिस ने छिनतई मामले में कोढ़ा गैंग के सदस्य के घर छापेमारी की। मौके से 4.90 लाख रुपए बरामद हुआ है। 13 मई को नवादा थाना क्षेत्र के पश्चिम ओवर ब्रिज के पास वारदात को अंजाम दिया था। बरामद रुपए पीड़ित को सौंप दिया गया है। इस मामले में कोढ़ा गैंग के सुमित कुमार यादव और उसके 2 साथियों की तलाश की जा रही है। सुमित कटिहार जिले के जुरावगंज-नया टोला का रहने वाला है। सदर एएसपी परिचय कुमार ने इसकी पुष्टि की है।

**ससुर के साथ रुपए निकालने बैंक पहुंचे थेः** एएसपी ने बताया कि 13 मई को बक्सर के अरख निवासी सुमंत कुमार सिंह अपने ससुर लाल साहेब सिंह के साथ कतीरा एसबीआई बैंक पहुंचे थे। बैंक से चार लाख 90 हजार रुपए निकाला। निकासी करने के बाद प्लास्टिक के थैले में रुपए रखकर बैंक से बाहर निकले। ई-रिक्शा पकड़कर घर जा रहे थे। इस दौरान बदमाशों ने ओवर ब्रिज के पास झपटा मारकर थैला छीन लिया। पहचान छिपाने के लिए एक ने गमछा से फेस कवर कर रखा था, दूसरे ने हेलमेट पहना था। पीड़ित ने अज्ञात के खिलाफ FIR दर्ज कराई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए छानबीन शुरू की गई। नवादा इंस्पेक्टर बिपिन बिहारी के नेतृत्व में टीम ने सीसीटीवी फुटेज खंगाला। जिसके आधार पर रेकी करते हुए एक बदमाश को चिन्हित किया गया।

**कटिहार से रुपए बरामदः** फुटेज को एसटीएफ कोढ़ा सेल के पास भेजा गया। जांच के दौरान कोढ़ा गैंग के सुमित यादव की संलिप्तता सामने आई। इसके बाद एक टीम को कटिहार भेजा गया। छापेमारी में सुमित के घर से 4 लाख 90 हजार रुपए बरामद हुआ। इस बीच वो भाग निकला। इससे पहले भी भोजपुर पुलिस ने दो घटनाओं में कोढ़ा गैंग के पास से 3 लाख 49 हजार रुपए बरामद किया था।

## पूर्वी गुमटी पर बन रहा ब्रिज जुलाई तक होगा तैयार

निज संवाददाता। आरा



सांसद सुदामा प्रसाद ने बुधवार को आरा रेलवे स्टेशन और पूर्वी गुमटी पर बन रहे लाइट आरओबी का निरीक्षण किया। यह ब्रिज करीब 3 करोड़ की लागत से बन रहा है। इसकी लंबाई 62 मीटर और रैम्प की लंबाई 132 मीटर होगी। अधिकारियों ने बताया कि इसका निर्माण कार्य जुलाई तक पूरा कर लिया जाएगा। पूर्वी गुमटी बंद होने से 52 तापा गांव, गोढ़ना रोड, मिल रोड, अनाइठ समेत कई दक्षिणी मोहल्लों की कनेक्टिविटी टूट गई थी। इससे लोगों के रोजगार पर असर पड़ा। सांसद ने कहा कि यह ब्रिज लोगों की वर्षों पुरानी मांग थी। इसके लिए उन्होंने लोकसभा, रेलवे मंत्री, डीआरएम और रेलवे स्टैंडिंग कमिटी में कई बार मुद्दा उठाया। 28 अप्रैल को रेलवे जोनल मीटिंग में भी यह मामला उठाया गया था। उन्होंने कहा कि ब्रिज बनने से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। निरीक्षण के बाद सांसद आरा रेलवे स्टेशन परिसर पहुंचे। वहां बंद एस्केलेटर, पेयजल सुविधा, प्लेटफार्म की सफाई, प्रतीक्षालय, यूरिनल, कुली विश्राम कक्ष और टीटीई कक्ष का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान माले नेता राजनाथ राम, सुधीर कुमार, दिलराज प्रीतम, अमित कुमार बंटी, जिप सदस्य भीम यादव, रविंद्र रजक, मनोज गुप्ता, संतलाल, निजी सहायक चन्दन कुमार, सूरज कुमार, टुनटुन जी मौजूद थे। रेलवे से सहायक मंडल इंजीनियर (लाइन) धनंजय कुमार सिन्हा, सहायक मंडल इंजीनियर (गति शक्ति) आरके रत्नाकर, स्टेशन प्रबंधक एनके राय, वाणिज्य मैनेजर भी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान सांसद ने स्टेशन परिसर में कई नलों में लकड़ी की टोटी और बंद पुस्तकालय देखा। इस पर उन्होंने स्टेशन प्रबंधक और आईओडब्लयू को निर्देश दिया कि बंद पड़े नलों को जल्द चालू किया जाए। उन्होंने कहा कि इस गर्मी में यात्रियों को पानी के बिना नहीं छोड़ा जा सकता। बंद पुस्तकालय को खोलने के लिए भी कहा। स्टेशन प्रबंधक ने बताया कि इसकी चाबी किसी और के पास है। सांसद ने यात्रियों, कुलियों और कर्मचारियों से भी मुलाकात की। यात्रियों ने शिकायत की कि प्रतीक्षा कक्ष की सुविधा नहीं है। बक्सर निवासी भीम सिंह ने बताया कि सेकंड एसी का टिकट होने के बावजूद वातानुकूलित प्रतीक्षालय नहीं है। एक अन्य यात्री ने बताया कि यूरिनल के लिए पैसे लिए जा रहे हैं। आरओ का ठंडा पानी उपलब्ध नहीं है। टीटीई लॉबी में भी सुविधा नहीं है। एक टीटीई पर दुर्व्यवहार का आरोप भी लगाया गया। कुलियों ने बताया कि उनकी संख्या 45 है, लेकिन उन्हें वर्दी नहीं दी जा रही। पहले जो पास मिलता था, वह भी बंद कर दिया गया है। यात्रियों ने प्लेटफॉर्म नंबर चार पर गंदगी की शिकायत की। सांसद सुदामा प्रसाद ने कहा कि सभी समस्याओं को कमिटी बैठक और अधिकारियों से मिलकर हल कराया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बंद पड़े नलों को चालू किया जाए।

## थाने से 200 मीटर की दूरी पर चोरी

निज संवाददाता। बक्सर



◆ बक्सर में बेटी की शादी के गहने और 80 हजार रुपए नगद ले गए चोर

बक्सर के नगर थाना क्षेत्र में चोरों ने एक सरकारी कर्मचारी के घर को निशाना बनाया है। थाने से मात्र 200 मीटर दूर सिंचाई विभाग के सरकारी आवास में यह चोरी हुई। चोरों ने बंद घर से करीब 10 लाख रुपए के गहने और 80 हजार रुपए नगद चुरा लिए।

**मुंडन समारोह में गया था परिवारः** पीड़ित लाल बाबू ठाकुर सिंचाई विभाग सोन नहर प्रमंडल में उच्च वर्गीय लिपिक हैं। वह परिवार के साथ बक्सर सरकारी आवास में रहते है। एक दिन पहले गाजीपुर में एक मुंडन समारोह में गए थे। बुधवार दोपहर लौटने पर उन्होंने घर का सामान बिखरा पाया। उनको समझते देर नहीं लगी की घर में भीषण चोरी हुई है।

**गहने और नकदी चुरा कर हो गए फरारः** चोरों ने बंद घर के पिछले दरवाजे को तोड़कर प्रवेश किया। उन्होंने अलमारियां और बक्से तोड़कर बेटी की शादी के लिए रखे गहने और नकदी चुरा ली। उसके बाद फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने पुलिस की गश्ती व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं।

**मामले की जांच शुरूः** नगर थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पीड़ित द्वारा आवेदन दिया जा रहा है जिसके आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर चोरों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। क्षेत्र में चोरी की घटनाओं से लोगों दहशत में है। सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।

## चौसा गढ़ की प्राचीन मृण्मूर्तियां सीता-राम संग्रहालय में प्रदर्शित होंगी

निज संवाददाता। बक्सर



चौसा गढ़ से प्राप्त दुर्लभ टेराकोटा मृण्मूर्तियों को सीताराम उपाध्याय संग्रहालय, बक्सर में प्रदर्शित किया जाएगा। इन मूर्तियों का प्रलेखन कार्य पूरा हो चुका है। संग्रहालय में चौसा मृण्मूर्ति दीर्घा के नाम से एक नई गैलरी विकसित की जा रही है।

**2011 से 2014 तक हुआ था पुरातात्विक उत्खननः** चौसा गढ़ का पुरातात्विक उत्खनन 2011 से 2014 तक बिहार सरकार के पुरातत्व निदेशालय द्वारा किया गया था। डॉ. उमेश चंद्र द्विवेदी और डॉ. जलज कुमार तिवारी जैसे विशेषज्ञों ने 50 मृण्मूर्तियों का विस्तृत अध्ययन किया है।

**रामायण की घटनाओं पर आधारित हैं मूर्तियांः** इन मूर्तियों में अधिकतर रामायण की घटनाओं पर आधारित हैं। इनमें सीता हरण, राम-लक्ष्मण का युद्ध, हनुमान और सुग्रीव की मूर्तियां शामिल हैं। कुछ मूर्तियों पर चौथी शताब्दी ईस्वी की ब्राह्मी लिपि में अभिलेख भी मिले हैं। विशेष रूप से, शिव-पार्वती विवाह की कल्याण सुंदर मूर्ति अब तक भारत में मिली इस प्रकार की सबसे प्राचीन मूर्ति है। अन्य आकर्षक मूर्तियों में अशोक वाटिका में वानरों का दृश्य, नंदी पर विराजमान शिव और युद्धरत कार्तिकेय शामिल हैं।

**टेराकोटा मंदिर के अवशेष भी मिलेः** गुप्तकाल के टेराकोटा मंदिर के अवशेष भी यहां मिले हैं, जो देश में अपनी तरह के सबसे पुराने हैं। ये सभी मूर्तियां भारतीय कला और संस्कृति के अमूल्य खजाने हैं।

## गीधा औद्योगिक क्षेत्र से जहरीला धुआं और गंदे पानी से 16 गांवों में है संकट

निज संवाददाता। आरा



गीधा औद्योगिक क्षेत्र की कंपनियों से निकल रहे जहरीले धुएं और गंदे पानी ने आसपास के 16 गांवों के लोगों की जिंदगी मुश्किल कर दी है। खेतों की फसलें खराब हो रही हैं। आम की फसल पर भी असर पड़ा है। हवा में उड़ते राख और धूल के कणों से सांस लेना दूभर हो गया है। जानवर बीमार हो रहे हैं। लोग मास्क लगाकर घर से निकलते हैं। गीधा इंडस्ट्रियल एरिया की स्थापना 1990-91 में शुरू हुई थी। बियाडा ने गीधा गांव के किसानों से जमीन अधिग्रहण किया। ग्रामीणों को उम्मीद थी कि यहां उद्योग लगेंगे, तो रोजगार मिलेगा। सरकार ने वादा किया था कि हर परिवार से एक सदस्य को नौकरी मिलेगी। 62 लोगों को नौकरी देने की बात हुई थी। पर अब तक सिर्फ 15 लोगों को ही इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने नौकरी दी। बाकी लोग मजदूरी कर रहे हैं। गीधा औद्योगिक क्षेत्र 250 एकड़ में फैला है। यहां सरकारी और निजी कंपनियों की दर्जनों इकाईयां चल रही हैं। इनमें सिलिंडर निर्माण, फूड प्रोसेसिंग, पेंट, राइस मिल, फ्लोर मिल, कोल्ड स्टोर, दवा, कागज, मुर्गी दाना और पाइप प्लांट शामिल हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, कोईलवर के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. उमेश कुमार सिंह ने बताया कि गीधा क्षेत्र से गुजरने वाले लोग मास्क और चश्मा लगाकर ही निकलें। उन्होंने कहा कि यहां के लोग जब इलाज के लिए अस्पताल आते हैं तो उन्हें सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। ग्रामीणों ने बताया कि गीना औद्योगिक क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं के निदान के लिए स्थानीय स्तर पर कार्यालय और अधिकारी नहीं है। जहां लोग अपनी लिखित शिकायत दर्ज कराएं और उसकी पावती रसीद भी मिले।

## संक्षिप्त समाचार

### एक महीना नामांकन में बीता, दूसरा छुट्टियों में बीतेगा

**भागलपुर**। टीएमबीयू में पीएचडी से जुड़े रिसर्च मेथडोलॉजी कोर्स में नामांकन के लिए हुए इंटरव्यू का रिजल्ट जारी होने के बाद एक महीना नामांकन की प्रक्रिया में बीत गया। अब दूसरा महीना गर्मी की छुट्टियों मे बीत जाएगा क्योंकि छुट्टी शुरू हो चुकी है और 19 जून तक रहेगी। कोर्स छह महीने का है। अब बचे हुए चार महीने ही कोर्स की पढ़ाई होगी या दो महीने की पढ़ाई की भरपाई आगे कराई जाएगी, तय नहीं हो पा रहा है। छात्रों की बड़ी परेशानी यह है कि अब उनके पीएचडी की कुल तीन साल की अवधि की गिनती रिसर्च मेथडोलॉजी कोर्स में नामांकन से ही होगी। यानी छह महीने रिसर्च मेथडोलॉजी का कोर्स और बाकी ढाई साल में पीएचडी की पूरी प्रक्रिया करनी होगी। रिसर्च मेथडोलॉजी कोर्स की दो महीने की पढ़ाई भरपाई नहीं होगी तो छात्रों को चार महीने ही पढ़ने को मिलेंगे। अगर दो महीने की पढ़ाई की भरपाई की जाएगी तो पीएचडी की बाकी प्रक्रिया ढाई साल से कम समय में करनी होगी। मामले को लेकर सामाजिक विज्ञान संकाय के डीन डॉ. सीपी सिंह ने कहा कि रिसर्च मेथडोलॉजी कोर्स की पढ़ाई की भरपाई को लेकर अभी कुछ भी तय नहीं हुआ है।

### छात्रों के विकास के लिए संस्थान प्रयासरत रहे

**भागलपुर**। पूरनमल बाजोरिया शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, नरगाकोठी, चंपानगर में नैक मूल्यांकन के उद्देश्य से पांच दिवसीय कार्यशाला की शुरुआत हुई। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर मुख्य अतिथि डॉ. राजेश कुमार तिवारी ने किया । इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. राजकुमार भी मौजूद रहे। डॉ. तिवारी ने नैक के पांचवें मानदंड 'स्टूडेंट सपोर्ट एवं प्रोग्रेसन' पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह मानदंड कॉलेज और विश्वविद्यालय के मूल्यांकन में अहम भूमिका निभाता है। इसमें छात्र समर्थन, प्रगति, भागीदारी, गतिविधियां और पूर्व छात्रों की भागीदारी जैसे पहलू शामिल हैं। उन्होंने कहा कि छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए संस्थान को लगातार प्रयासरत रहना चाहिए। कमजोर छात्रों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देना जरूरी है।

### छात्र पैरवी को लेकर कॉपियों पर लिख रहे कॉलेज का नाम

**भागलपुर**। सरकारी स्कूलों में फर्जी हाजिरी बनाने वाले शिक्षकों की जांच कर उन पर कार्रवाई होगी। विभाग ने इसको लेकर भागलपुर के डीईओ सहित सभी डीईओ को निर्देश दिया है। इसको लेकर भागलपुर जिला शिक्षा ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। डीपीओ स्थापना देवनारायण पंडित ने बताया कि कल से इसकी जांच होगी। इसके लिए अटेंडेंस कोषांग की विशेष टीम औचक तरीके से स्कूलों के हाजिरी की जांच करेगी। फर्जी हाजिरी मिलेगी तो संबंधित शिक्षक पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। साथ ही जिन शिक्षकों की उपस्थिति से संबंधित मामलों में पूर्व में स्पष्टीकरण देना पड़ा है । भागलपुर| टीएमबीयू में टीएनबी कॉलेज केन्द्र पर चल रही परीक्षा में शामिल एक बीएड कॉलेज के परीक्षार्थी उत्तरपुस्तिका पर अपने कॉलेज का नाम और अपना रोल नंबर लिख रहे हैं। वे ऐसा इसलिए कर रहे हैं ताकि परीक्षा के बाद पैरवी करा सकेंगे। परीक्षार्थी उत्तरपुस्तिका के सभी पन्नों पर ऐसा कर रहे हैं। इसकी वजह यह कि परीक्षा केन्द्र पर ही कॉपियों की कोडिंग की जानी है। कोडिंग में आमतौर पर छात्र की किसी तरह की पहचान से जुड़ा पहला पन्ना हटाकर उस जगह कोडिंग कर दी जाती है। छात्र इसीलिए सभी पन्नों पर अपनी पहचान लिख रहे हैं ताकि पहला पन्ना हट जाए तब भी उनकी पहचान अन्य पन्नों से हो सके और मूल्यांकन के समय पैरवी कर वांछित अंक प्राप्त किया जा सके। बताया गया कि केन्द्र पर चार कॉलेजों के सत्र 2024-26 फर्स्ट ईयर और सत्र 2023-25 के फाइनल ईयर की परीक्षा हो रही है। इसमें एक कॉलेज के छात्र ऐसा कर रहे हैं। वीक्षकों ने पूछताछ की तो छात्रों ने स्वीकार भी किया और कहा कि उनके प्राचार्य ने ऐसा करने को कहा था। तब कॉपियों से कॉलेज का नाम व छात्रों के रोलनंबर मिटाए गए और कॉपी को सील किया गया। केंद्राधीक्षक प्रो. एसएन पांडे ने कहा कि उन्होंने इस मामले की शिकायत टीएमबीयू के परीक्षा नियंत्रक से की है। टीएमबीयू के परीक्षा नियंत्रक कृष्ण कुमार ने कहा कि शिकायत मिलने पर उन्होंने इसकी पड़ताल की। केन्द्राधीक्षक से कहा है कि वे इस तरह की गड़बड़ी पर ध्यान रखें। भागलपुर| टीएमबीयू में पीजी हॉस्टल गर्मी की छुट्टियों में खुले रहेंगे। डीएसडब्ल्यू प्रो. बिजेन्द्र कुमार ने दो दिन पूर्व छात्राओं की ओर से की गई इस मांग को मान लिया है। छात्राओं ने उनसे कहा था कि छुट्टी में हॉस्टल बंद होंगे तो उन्हें घर जाना होगा। इधर जून में नेट है और अन्य परीक्षाओं की भी तैयारी करनी है। इसलिए हॉस्टल खुले रखे जाएं। डीएसडब्ल्यू ने ऐसे में हॉस्टल खुले रखने का निर्देश दिया है।

### सीमा विवाद में नाले का निर्माण नहीं, सड़क पर पानी

**भागलपुर**। वार्ड नंबर 39 के बीवी मोकीमन लेन में सीमा विवाद के कारण विकास पूरी तरह ठप है। यहां न नाला है, न पानी की व्यवस्था। सड़क पर झाड़ू तक नहीं लगता। लोग नाराज हैं। मोहल्ले के करीब 300 लोगों का वोट वार्ड नम्बर 40 में है, जबकि क्षेत्र वार्ड नम्बर 39 में आता है। इसी कारण दोनों पार्षदों के बीच जिम्मेदारी को लेकर टकराव है। नतीजा, कोई काम नहीं हो रहा। स्थानीय निवासी मो. शाहिद हुसैन ने बताया कि 2022 के पार्षद चुनाव में बीवी मोकीमन लेन का वोट वार्ड नम्बर 40 में चला गया। नाला निर्माण के लिए दोनों पार्षदों से शिकायत की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। वार्ड 40 के पार्षद बदरुउद्दीन उर्फ चुन्ना ने कहा कि यह क्षेत्र उनकी सीमा में नहीं आता। इसलिए वे कोई काम नहीं करा सकते। उनका कहना है कि बीवी मोकीमन लेन वार्ड नम्बर 39 का हिस्सा है। नाला और सफाई की जिम्मेदारी वार्ड 39 की पार्षद की है। वार्ड नंबर 39 की पार्षद शाहिदा खातून ने कहा कि नाला निर्माण पास हो चुका है। नापी भी हो गई है। जल्द काम शुरू होगा। उन्होंने बताया कि सड़क पर नाली का पानी बहता है, इसलिए झाड़ू नहीं लगता। लोगों को लगता है कि उन्हें वोट नहीं मिला, इसलिए काम नहीं कर रहीं। लेकिन ऐसा नहीं है। बोर्ड की बैठकों में लगातार इस मुद्दे को उठाया गया है।

# 4 साल के बेटे ने शहीद पिता को दी मुखाग्नि, वर्दी से लिपटकर रोई बेटी, पत्नी बोली-अफसर बनने वाले थे

निज संवाददाता | भागलपुर

जम्मू-कश्मीर के नौशेरा सेक्टर में शहीद हुए संतोष यादव गुरुवार को पंचतत्व में विलीन हो गए। 4 साल के बेटे लक्ष्य ने उन्हें मुखाग्नि दी। इससे पहले तीनों बेटियों ने पिता को सेल्यूट किया। सेना के अधिकारियों ने तिरंगे में लिपटी जवान की वर्दी बड़ी बेटी दीक्षा को दी। वो वर्दी से लिपटकर रोने लगी। भागपुर के इस्माइलपुर गांव से 1 किलोमीटर दूर संतोष यादव का अंतिम संस्कार हुआ। शहीद के अंतिम संस्कार में पूरा गांव उमड़ पड़ा। साथी जवानों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। प्रशासन के साथ सेना का अधिकारियों ने शहीद को श्रद्धांजलि दी। पार्थिव शरीर के घर पहुंचने से पहले ही लोगों की भीड़ सेना की गाड़ी के साथ-साथ दिखाई दी। भारत माता के नारे लगे। लोगों ने घरों की छतों से फूल बरसाए।

**अंतिम संस्कार में पूरा गांव उमड़ा**







**पिता से बात करने की जिद करता रहा बेटा**: पार्थिव देह के घर पहुंचते ही 4 साल का बेटा पिता से लिपटकर रोने लगा। वो बार-बार लोगों से ये कह रहा था- 'पापा से बात करवाओ, वो उठ क्यों नहीं रहे हैं।' शहीद की पत्नी भी पार्थिव शरीर के पहुंचते ही फूट-फूटकर रो पड़ी। रोते-रोते कह रही थी, 'एक अक्टूबर को मेरे पति की वर्दी पर स्टार लगता। उनका प्रमोशन होने वाला था। वो JCO बनते।' शहीद की पत्नी ने हाथ जोड़कर पार्थिव शरीर की परिक्रमा भी की। भागलपुर से नवगछिया तक भारत माता के नारे लगे

**सड़कों पर तिरंगा लिए खड़े रहे लोग**: जवान की पार्थिव देह को फूलों से सजी सेना की गाड़ी में सुबह 8 बजे के करीब गांव लाया गया। रास्ते में भागलपुर से नवगछिया तक भारत माता के नारे लगते रहे। जिन रास्तों से जवान को लाया गया लोग सड़कों पर तिरंगा लिए दिखाई दिए। सेना की गाड़ी के साथ देश भक्ति गीत बजते रहे। शहीद संतोष यादव के भाई अभिनव कुमार ने बताया- 'भाई की मौत आतंकियों के साथ मुठभेड़ में हुई है। वो 4 साल में रिटायर्ड होने वाले थे। अपने बड़े बेटे को भी सेना में भेजना चाहते थे।'

# ठनका गिरने से 14 साल के किशोर की मौत

निज संवाददाता | मुंगेर

मुंगेर में बुधवार देर शाम ठनका की चपेट में आकर एक 14 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। घटना संग्रामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत दुर्गापुर गांव की है। मृतक की पहचान शंभू यादव के पुत्र गोखुल कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

**घूमने निकला था, ठनका की चपेट में आया**: जानकारी के अनुसार, बुधवार शाम अचानक तेज आंधी और बारिश शुरू हुई। कुछ देर बाद जब मौसम शांत हुआ तो गोखुल घर से स्कूल की ओर घूमने निकल गया। इसी दौरान अचानक आकाशीय बिजली गिरी और वह चपेट में आ गया। हादसे में मौके पर ही गोखूल की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही गांव के समाजसेवी मृत्युंजय कुमार और परिजन उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर लेकर पहुंचे। ड्यूटी पर



मौजूद चिकित्सक एएन साव ने जांच किया, जिसके बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

**पुलिस मौके पर, मुआवजे की प्रक्रिया शुरू**: घटना की सूचना मिलते ही संग्रामपुर थाना के पुलिस निरीक्षक अंकित कुमार और सौरभ कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए मुंगेर भेज दिया है। संग्रामपुर अंचल अधिकारी ने बताया कि वज्रपात से मौत की सूचना मिल चुकी है। नियमानुसार मुआवजा देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मृतक परिवार को अविलंब उचित आर्थिक सहायता देने की मांग की है।


# 'हिंदू बनकर दोस्ती की,शादी से पहले कहा- इस्लाम कबूल करो', पीड़िता बोली- पहचान छिपाकर मिला

निज संवाददाता | भागलपुर

**अश्लील वीडियो बनाया, पुलिस केस दर्ज नहीं कर रही**

भागलपुर में नाबालिग लड़की ने मुस्लिम लड़के पर शादी का झांसा देकर यौन शोषण और जबरन धर्म परिवर्तन कराने का आरोप लगाया है। पीड़ित पक्ष का ये भी आरोप है कि आवेदन देने के बाद भी पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया। इस थाने से उस थाने भेजते रहे। पीड़िता ने बताया कि 'पढ़ाई करने मैं लाइब्रेरी जाती थी।

ऑनलाइन गेम खेलने के दौरान सोशल मीडिया के जरिए एक लड़के से जान पहचान हुई।' 'उसने अपना नाम राज बताया और अपने धर्म के बारे में नहीं बताया था। मिस्टर ब्रोकन के नाम से सोशल मीडिया में अकाउंट बनाया था।' 'हमारे बीच बातचीत होने लगी, फिर 16 मई को लड़का भागलपुर आया। रेलवे स्टेशन के पास एक होटल में रूका। मुझे वहां बुलाकर अश्लील फोटो और वीडियो बना लिया।' फिर वायरल करने की धमकी देकर 19



मई को सीवान बुलाया। घर में बिना किसी को बताए रात 8:30 बजे पटना के लिए ट्रेन पकड़ी। पटना से सीवान चली गई। किसी तरह वहां से हम दोनों बुधवार को भागलपुर पहुंचे।

**एक थाने से दूसरे थाने दौड़ाती रही पुलिसः** पीड़ित परिजनों का आरोप है कि कोतवाली थाना की पुलिस ने केस दर्ज न कर शाम 4 बजे इशाकचक थाना भेज दिया। इशाकचक पुलिस ने कोतवाली का मामला बता कर शाम 4.30 में वापस वहीं भेज दिया। फिर रात 9 बजे तक कोतवाली पुलिस ने यह कहते हुए केस दर्ज नहीं किया कि परिजनों का आवेदन नहीं मिला है। परिवार का ये भी कहना है कि उन्हें डराया गया कि पुलिस जांच करेगी तो आपलोग परेशान हो जाएंगे। इसलिए यह लिखकर दें कि हम केस नहीं करना चाहते हैं और अपनी बेटी को ले जा रहे हैं। मामला धर्मपरिवर्तन से भी जुड़ा था। बावजूद पुलिस ने एक्शन नहीं लिया। जिसके बाद एसएसपी हृदय कांत को सूचना दी गई।

**आरोपी से पूछताछ की जा रही हैः** कोतवाली इंस्पेक्टर ने बताया कि घरवालों ने इशाकचक पुलिस को मौखिक बताया था। इसलिए उनलोगों को वहां भेजा था। वापस लड़के को हमारे पास लेकर आ गए। किसी ने आवेदन नहीं दिया है, इसलिए केस दर्ज नहीं हुआ है। युवक से पूछताछ की जा रही है।

# मॉडर्न हुए बिहार के दो रेलवे स्टेशन, पीरपैंती-थावे रेलवे स्टेशन में वीआईपी इंतजाम

निज संवाददाता | भागलपुर

अमृत भारत योजना के तहत भागलपुर के पीरपैंती और गोपालगंज के थावे रेलवे स्टेशन का आधुनिकीकरण का काम पूरा हो गया है। 30.68 करोड़ रुपए की लागत से बने इन दोनों ही स्टेशनों को मूलभूत सुविधाओं के साथ अपग्रेड किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह बीकानेर के पालना से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए 103 रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन किया। इनमें पीरपैंती और थावे रेलवे स्टेशन भी शामिल है। दोनों ही रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधाओं के हिसाब से बेहतर तरीके से इंटीरियर डिजाइन किया गया है। अंदर यात्रियों के लिए वेटिंग रूम से लेकर अन्य फैसिलिटीज को मॉडर्न रूप दिया गया है।

18.93 करोड़ से रेलवे स्टेशन का किया गया रेनोवेशनः पीरपैंती स्टेशन को 18.93 करोड़ की लागत से रेनोवेट किया गया है। स्टेशन पर फैसिलिटीज को बढ़ाते हुए लिफ्ट लगाया गया है, जिससे यात्रियों को सामान ले जाने में आसानी हो। इसके अलावा, स्टेशन के लुक को बढ़ाने के साथ-साथ अराइवल और डिपार्चर ब्लॉक, पैदल यात्री मार्ग, आकर्षक मूर्तियां लगाई गई हैं। स्टेशन की डिजाइन और इंटीरियर स्थानीय कला और आसपास के ऐतिहासिक स्मारकों से प्रेरित है, जो आधुनिक वास्तुकला को क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत के साथ जोड़ता है। ये मिश्रण पीरपैंती स्टेशन को एक अलग पहचान देता है, जो बिहार की समृद्ध परंपराओं को दर्शाता है। स्थानीय विधायक ललन पासवान ने कहा, 'यात्रियों की बढ़ती मांग को लेकर स्टेशन को रेनोवेट करना जरूरी था। आने वाले दिनों में पीरपैंती को पूरी तरह से विकसित कर लिया जाएगा।'

'विक्रमशिला कटरिया पुल बनेगा, पीरपैंती से गोड्डा के लिए फोरलेन बनेगा, एनएच 80 और मिर्जा चौकी फोरलेन का निर्माण हो रहा है। ऐसे में पीरपैंती रेलवे स्टेशन जंक्शन हो जाएगा।' पीरपैंती के रेलवे यात्री ने बताया, 'पहले से स्टेशन ज्यादा सुंदर और बेहतर बन गया है। प्लेटफॉर्म वगैरह बढ़िया बन गया है। लाइटिंग की व्यवस्था की गई है। रात को आने-जाने में भी दिक्कत नहीं होती है। रेलवे स्टेशन की सुंदरता भी काफी बढ़ गई है।

गोपालगंज के थावे स्टेशन को किस तरह से अपग्रेड किया गयाः थावे जंक्शन को 11.75 करोड़ रुपए की लागत से आधुनिक मॉडल स्टेशन के रूप में विकसित किया गया है। स्टेशन को मधुबनी पेंटिंग और थावे भवानी की धार्मिक झलकियों से सजाया गया है। यात्रियों को अब बैठन की बेहतर व्यवस्था मिलेगी। स्वच्छ शौचालय, शुद्ध पेयजल, डिजिटल डिस्प्ले और वेटिंग एरिया जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। वाराणसी रेल मंडल के जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार ने बताया, 'भारतीय रेल आगामी 50 वर्षों की जरूरतों को देखते हुए स्टेशनों का पुनर्विकास कर रहा है। थावे जंक्शन पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल का प्रमुख स्टेशन है।' 'यह सीवान, छपरा कचहरी और कप्तानगंज से रेल लाइनों से जुड़ा है। स्टेशन से लखनऊ, गोरखपुर, पटना और टाटानगर तक सीधी ट्रेन सेवाएं उपलब्ध हैं। स्थानीय लोगों और रेल यात्रियों ने इन सुविधाओं के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताया है।'

प्लेटफॉर्म पर बैठने से लेकर शानदार वेटिंग एरिया की सुविधाः स्टेशन परिसर को स्वच्छ, सुंदर और यात्रियों के अनुकूल बनाया गया है। अब यहां यात्रियों के बैठने की बेहतर व्यवस्था, शुद्ध पेयजल, स्वच्छ शौचालय, डिजिटल डिस्प्ले और वेटिंग एरिया जैसी आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। 400 वर्ग मीटर में स्टेशन बिल्डिंग में सुधार कर इसे आकर्षक स्वरूप दिया गया है। यात्रियों को धूप और बारिश से बचाने के लिए तीनों प्लेटफॉर्म को बेहतर बनाया गया है। प्लेटफॉर्म के लेवल में सुधार किया गया है। एक नंबर प्लेटफॉर्म पर कोटा स्टोन लगाया गया है। 1030 वर्ग मीटर में सर्कुलेटिंग एरिया का विकास एवं विस्तार किया गया है।

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सं. एलआरसी-3_बोगी-ब्लास्टिंग-पीटी II, दिनांक 20.05.2025,** उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर (एलएचबी), पूर्व रेलवे, लिलुआ, हावड़ा, पिन-711204 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए वित्तीय एवं तकनीकी संपन्न निविदाकारों से ई-निविदा (खुली निविदा) आमंत्रित की जाती हैः **कार्य का नामः** पीओएच के समय एलएचबी बोगी फ्रेम की शॉट ब्लास्टिंग, जिसमें बोगियों के साथ-साथ उसके कम्पोनेंट की स्ट्रिपिंग, सफाई और पेंटिंग कार्य (आपूर्ति और प्रयोग के आधार पर) शामिल है। **कार्य का अनुमानित मूल्य :** रु. 8,56,43,200/-, **बयाना राशिः** रु. 5,78,200/-, **निविदा कागजात का मूल्य :** रु 0.00, **निविदा की अंतिम तिथि और समयः** दिनांक 10.06.2025 को 14.00 बजे। वेबसाइट जहाँ निविदा का संपूर्ण विवरण उपलब्ध हैः **www.ireps.gov.in** MISC-72/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइटः www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: एफ/सीआर/डब्ल्यूसी/112 आरटी3, दिनांकः 21.05.2025,** मुख्य कारखाना प्रबंधक, पूर्व रेलवे लोकोमोटिव वर्कशॉप, जमालपुर, जिला-मुंगेर, बिहार-811214 द्वारा इच्छुक निविदाकारों, जो निर्धारित समय सीमा के अंदर संदर्भित कार्य के लिए पर्याप्त वित्तीय एवं तकनीकी संसाधनों के साथ प्रमाणित, अनुभवी एवं क्षमता संपन्न हैं, से खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम:** 09 सेट पावर पैक की ओवरहॉलिंग (जीर्णोद्धार) एवं आरंभ करना (जमालपुर प्रस्तुत एम-IV टावर कार के 01 कमिन्स इंजन मॉडल एन855 आर एवं 01 हिंदुस्तान ट्रांसमिशन (एलिशन) मॉडल नं. सीआरटी-5633 तथा फूलटास प्रस्तुत एम-IV टावर कार के 08 कमिन्स इंजन मॉडल एनटी855 आर एवं 08 हिंदुस्तान ट्रांसमिशन (एवटेक) मॉडल सीआरटी-5633)। **मात्राः** 09 (नौ) सेट। **निविदा मूल्यः** रु. 1,87,43,290.90, **निविदा कागजात का मूल्यः** शून्य, (जीसीसी, अप्रैल, 2022 के पार्ट-I के कार्य निविदाओं के क्लॉज 03 के अनुसार)। **बोली प्रतिभूतिः** रु. 2,43,700/-, **कार्य की समापन तिथिः** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 24 माह के अंदर संपूर्ण कार्य का निष्पादन किया जाएगा। हालांकि जीर्णोद्धार किए गए प्रत्येक पावर पैक की डिलीवरी पावर पैक के संग्रह की तिथि से 45 दिनों के अंदर की जानी चाहिए। **प्रस्ताव की वैधताः** 60 दिन। **निविदा की अंतिम तिथि और समयः** दिनांक 12.06.2025 को 15.00 बजे। निविदा कागजात वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध होगा। **'समरूप कार्य की प्रकृति' की परिभाषा:** "निविदाकार रेलवे/मेट्रो रेल के टावर वैगनों में प्रयुक्त किसी भी प्रस्तुतकारक के इंजन/ड्राइव के ओईएम या उनके अधिकृत डीलर होने चाहिए जिनके पास रेलवे/मेट्रो रेल के टावर वैगनों के इंजन/ड्राइव की मरम्मत/जीर्णोद्धार का अनुभव होना चाहिए।" MISC-74/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइटः www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

### किशोरावस्था शिक्षा पर दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न

**भागलपुर**। बरारी स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय कार्यशाला का समापन मंगलवार को हुआ। विषय था किशोरावस्था शिक्षा व शिक्षक क्षमता बढ़ाना। कार्यशाला सीबीएसई के निर्देशन में हुआ। इसका उद्देश्य किशोरों के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक व व्यावहारिक परिवर्तनों को समझना व उनसे जुड़ी समस्याओं से निपटने के लिए शिक्षकों को तैयार करना था। सीबीएसई की रिसोर्स पर्सन अरुणिमा खरे और श्वेता ने सभी सत्रों का संचालन किया। उन्होंने शिक्षण पद्धतियों के माध्यम से शिक्षकों को किशोरों की समस्याओं से संवेदनशीलता के साथ निपटने की जानकारी दी। सत्रों में रोल-प्ले, केस स्टडी, समूह चर्चा सहित अन्य गतिविधि शामिल था। मौके पर प्राचार्य सह सहायक क्षेत्रीय अधिकारी अनिल कुमार ,रफत जहां खानम, निरेंदर प्रकाश सिंह, पूनम सिंह, आशुतोष कुमार, डॉ. चन्द्रहास भारती, डॉ. विमलेश झा, मनीष कुमार, प्रमोद कुमार मंडल, प्रिया कुमारी, शाम्भवी झा, शिल्पी कुमारी, अनु श्री, डॉ. शिवशंकर कुमार सिंह और गवेन्द्र नारायण सिंह आदि थे।

**JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED**
(Govt. of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO Bhawan, Kutchary Road,
Ranchi-834001, Jharkhand.Ph No.: +91-651-2225878,
CIN: U45200JH2013SGC001752,
e-mail Id-juidcolimited@gmail.com

NIT No.: JUIDCO/NIT/OB Garhwa/654 Date- 22.05.2025

**e-Procurement (Tender Notice)**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Construction of New Nagar Parishad Office Building at Garhwa under Garhwa Nagar Parishad |
| 2 | Mode of Bid Submission | e-tendering (http://jharkhandtenders.gov.in ) |
| 3 | Estimated Cost (Rs.) | Rs. 11,73,74,780/- (Rupees Eleven Crore Seventy-Three Lakh Seventy-Four Thousand Seven Hundred and Eighty) only. |
| 4 | Time of Completion | 11 Months (Including Monsoon & Mobilization Period) |
| 5 | Tender Fee and Bid Security to be submitted online | Tender document fee : Rs 25,000/- (Rupees Twenty-Five Thousand) only Non-Refundable. Bid Security : Rs 11,73,750/- (Rupees Eleven Lakh Seventy Three Thousand Seven Hundred and Fifty) only |
| 6 | Date/Time of Publication of Tender on Website | 23.05.2025 17:00 Hrs |
| 7 | Last Date/Time of Bid Submission | 13.06.2025 17:00 Hrs |
| 8 | Date/Time of opening of Bid | 14.06.2025 17:30 Hrs |
| 9 | Bid Submission Address | Jharkhand Urban Infrastructure Development Company Ltd., JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi, Jharkhand- 834001 |
| 10 | Helpline Number of e-procurement Cell | 0651-2225878 |

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Sd/-
Project Director (Technical)
JUIDCO Ltd, Ranchi

PR 353202 Urban Development and Housing(25-26)#D

**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**प्राचार्य का कार्यालय**
**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भण्ड़रिया, गढ़वा**

**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भण्ड़रिया, गढ़वा में शैक्षण्कि सत्र 2025–26–27 में नामांकन संबंधित सूचना**

1. झारखण्ड सरकार के NCVT के अर्न्तगत संचालित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भण्ड़रिया, गढ़वा में निदेशालय पत्रांक–642, दिनांक–07.05.2025 के अनुपालन में शैक्षणिक सत्र 2025–26–27 के विभिन्न व्यवसाय के लिए योग्य आवेदकों से जो झारखण्ड राज्य के स्थायी/ स्थायनीय निवासी के श्रणी में आते हो और नीचें दिए गये शैक्षणिक योगयता धारित करते हो, वे (https://iti.jharkhand.gov.in) में रजिस्ट्रेशन करने के उपरान्त नामांकन प्रकिया में भाग लेकर आनलाईन नामांकन करा सकतें है। इस संबंध में विस्तृत विवरणी निम्नवत् हैः–
2. न्यूनतम शैक्षणिक योगयताः– (क) विधुत, फिटर, मैकेनिक डीजल, दसवी पास एवं वेल्डर व्यवसाय आठवी/दसवी पास उत्तीणर्ता आवश्यक है।

(ख) 01.07.2025 को आवेदक की न्यूनतम आयु 14 वर्ष एवं अधिकतम आयु 40 वर्ष के बीच होना चाहिए।
(ग) दिव्यांग जनों/सैन्य कारवाई में मारे गये सैन्य कर्मियों के विधवाओं के मामले में अधिकतम आयु 45 वर्ष तक है।

3. महत्वपूर्ण तिथियाँः–

| क्र0स0 | विवरणी | तिथि |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि | 20.05.2025 |
| 2 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन पत्र भरने की आंतिम तिथि | 13.06.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक |
| 3 | 1st Round Admission (नामांकन) की अवधि | 04.07.2025 से 21.07.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक |
| 4 | 2nd Round Admission (नामांकन) की अवधि | 04.08..2025 से 14.08.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक |

4व्यवसायवार रिक्त सीटो की विवरणी निम्नवत् हैः–

| क्र0सं0 | ट्रेड | अवधि | GEN | EWS | ST | SC | BC-I | BC-II | PH | SMQ | TOTAL |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विधुत | 2 Year | 15 | 4 | 6 | 8 | 2 | 2 | 2 | 1 | 40 |
| 2 | फिटर | 2 Year | 15 | 4 | 6 | 8 | 2 | 2 | 2 | 1 | 40 |
| 3 | मैकेनिक डीजल | 1 Year | 18 | 5 | 7 | 10 | 3 | 2 | 2 | 1 | 48 |
| 4 | वेल्डर | 1 Year | 15 | 4 | 6 | 8 | 2 | 2 | 2 | 1 | 40 |
| कुल | | | 63 | 17 | 25 | 34 | 9 | 8 | 8 | 4 | 168 |

4. औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भण्ड़रिया, गढ़वा में नामांकन लेने वाले अभ्यर्थियों का वैध मोबाईल न0, ई –मेल ID एवं आधार न0 अनिवार्य है तथा सत्र की समाप्ति तक उनमें परिवर्तन करने की अनुमति किसी भी परिस्थिति में नहीं होगी।
5. नामांकन के समय मैट्रिक का सभी प्रमाण पत्र SLC/CLC/TC का मूल प्रति प्रस्तूत करना अनिवार्य है।

नोटः– नामांकन से संबंधित विशेष जानकारी के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भण्ड़रिया, गढ़वा के सूचना पट्ट या कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है। या https://iti.jharkhand.gov.in पर सम्पूर्ण जानकारी ले सकतें है।

प्रभारी प्राचार्य,
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,भण्ड़रिया, गढ़वा

PR 353171 (Labour Employment and Traning)25-26*D

## संक्षिप्त समाचार

### ठनका गिरने से 14 साल का किशोर की मौत

■ बारिश के बाद टहलने निकला था गोखुल, बड़े बेटे के जाने से परिवार में मातम

**मुंगेर, एजेंसी।** मुंगेर में बुधवार देर शाम ठनका की चपेट में आकर एक 14 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। घटना संग्रामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत दुर्गापुर गांव की है। मृतक की पहचान शंभू यादव के पुत्र गोखुल कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार, बुधवार शाम अचानक तेज आंधी और बारिश शुरू हुई। कुछ देर बाद जब मौसम शांत हुआ तो गोखुल घर से स्कूल की ओर घूमने निकल गया। इसी दौरान अचानक आकाशीय बिजली गिरी और वह चपेट में आ गया। हादसे में मौके पर ही गोखूल की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही गांव के समाजसेवी मृत्युंजय कुमार और परिजन उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर लेकर पहुंचे। ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक एएन साव ने जांच किया, जिसके बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही संग्रामपुर थाना के पुलिस निरीक्षक अंकित कुमार और सौरभ कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए मुंगेर भेज दिया है। संग्रामपुर अंचल अधिकारी ने बताया कि वज्रपात से मौत की सूचना मिल चुकी है। नियमानुसार मुआवजा देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मृतक परिवार को अविलंब उचित आर्थिक सहायता देने की मांग की है। मृतक गोखुल कुमार अपने माता-पिता का सबसे बड़ा बेटा था। उसके दो छोटे भाई और तीन बहनें हैं। उसकी असमय मौत ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। गांव में भी शोक की लहर है, लोग इस हादसे से स्तब्ध हैं।

### भोजपुर में जहरीले सांप ने मिस्त्री को काटा:अस्पताल पहुंचने से पहले गई जान

■ मौत के बाद परिजन झाड़-फूंक कराने ले गए

**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर में शटरिंग मिस्त्री को जहरीले सांप ने काट लिया। परिजनों को 2 घंटे बाद सूचना मिली। आनन-फानन में अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान हथरा निवासी हरेंद्र कुमार(25) के तौर पर हुई है। मृतक की पहचान उदवंतनगर थाना क्षेत्र के तेतरिया गांव की है। मृतक के चाचा शत्रुघ्न चौधरी ने बताया कि चार साल से किराए के मकान में रह रहा था। शटरिंग का काम करता था। बुधवार को शौच के लिए बधार गया था। इस दौरान जहरीले सांप ने काट लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मौत की खबर सुनते ही परिजनों के बीच कोहराम मच गया। सभी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। जानकारी के मुताबिक बिना पोस्टमार्टम कराए ही परिजन अस्पताल से शव लेकर चले गए। मौत के बाद झाड़-फूंक कराने के लिए उत्तर प्रदेश के अमवा स्थित सती माई मंदिर लेकर गए।

### एसबीआई ने जीविका समूहों को दिया 21 करोड़ का ऋण

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** एसबीआई के क्षेत्रीय कार्यालय ने दामोदरपुर स्थित एक निजी रिसोर्ट में विशेष ऋण शिविर का आयोजन बुधवार को किया। इसमें 450 जीविका समूहों के बीच बैंक के अधिकारियों ने 21 करोड़ का ऋण वितरित किया। शिविर में एसबीआई के उत्तर बिहार नेटवर्क के महाप्रबंधक आर नटराजन, मुजफ्फरपुर अंचल के उप महाप्रबंधक प्रफुल्ल कुमार झा, क्षेत्रीय प्रबंधक कुमार नीलोत्पल, स्टेट प्रोजेक्ट मैनेजर (माइक्रोफायनेंस) मनीष कुमार, जीविका डीपीएम अनीषा शामिल रहीं। नटराजन ने ऋण वितरण को ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने, स्वरोजगार को बढ़ावा देने तथा आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि जीविका समूहों से जुड़ी महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त किया जा रहा है।

# तेजस्वी ने मंगल पांडे चैलेंज कबूला कहा- बहस का दिन और समय बताएं



**पटना, एजेंसी।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने बिहार में स्वास्थ्य व्यवस्था चरमराने का आरोप लगाया है। बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में तेजस्वी ने कहा कि एनएमसीएच को लेकर हमने वीडियो भी जारी किया है। हकीकत है कि अस्पताल में चूहे घुस रहे हैं। लोगों को बेड नहीं मिल पा रहे हैं। माफिया बेड बेच रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री की ओर से बहस करने की खुली चुनौती देने के सवाल पर तेजस्वी ने कहा कि वे मंच लगवाएं। समय, दिन बताएं। हम आ जाएंगे। विधानसभा में जब जवाब देना होता है तो बोलते नहीं हैं। तेजस्वी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग को गंभीरता से काम करना चाहिए। स्वास्थ्य मंत्री को अस्पतालों का भी दौरा करना चाहिए। हमने अस्पताल नहीं आने वाले 700 डॉक्टरों को बर्खास्त किया था। आज तक ऐसा कभी नहीं हुआ था। हमने मिशन 60 चलाया। 500 से अधिक दवाएं निःशुल्क देने की शुरुआत की। स्वास्थ्य व्यवस्था बेहतर होने का दावा करने वालों को मधेपुरा, पूर्णिया सरकारी मेडिकल कॉलेज की स्थिति की जानकारी देनी चाहिए। जब मान्यता समाप्त होने की बात आती है तो कर्मचारी बहाल कर दिए जाते हैं। आरोप लगाया कि सरकार को गरीबी, महंगाई और बेरोजगारी से कोई मतलब नहीं है।

### मंगल पांडे ने दी थी डिबेट की चुनौती

बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा था कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव और उनके बड़े भाई ने स्वास्थ्य मंत्री रहते कोई काम नहीं किया। तेजस्वी यादव ने स्वास्थ्य सेवाओं में ना तो कोई सुधार किया और ना ही किसी को नौकरी दी। वे केवल भाषण देते रह गए। मंगल पांडेय ने चुनौती दी थी कि तेजस्वी यादव खुले मंच पर आकर बहस करें और बताएं कि उन्होंने क्या काम किया है?

### तेजस्वी विकास पर नहीं कर सकते बहस


इधर केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा है कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को चुनौती देता हूं कि वह बिहार के किसी भी भूमि पर विकास के मुद्दे पर बहस करने को तैयार हों। तेजस्वी यादव से हमारी पार्टी का कोई भी एक जिलाध्यक्ष हर विषय पर बहस को तैयार है। मगर तेजस्वी यादव में इसकी भी क्षमता नहीं है कि वे हमारे जिलाध्यक्ष से विकास के मुद्दे पर बहस कर सकें। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय पटना में मीडिया के सवालों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि बिहार में शांति, बेहतर विधि-व्यवस्था की बात हो या सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि क्षेत्रों में हुए विकास कार्यों का। हर क्षेत्र में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बड़े पैमाने पर विकास कार्य हुए हैं। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री ने कहा कि सांसदों का दल भारत से रवाना हुआ है। ये सभी सांसद पाकिस्तान का मुद्दा, जो आतंकवाद पैदा कर इसका फैलाव दुनिया में करता है, उसपर भारत का पक्ष विदेशों में रखेंगे। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि आतंकियों के माध्यम से विश्व को तबाह-तंग करने की पाकिस्तान की साजिश है। पाकिस्तान में पल रहे आतंकियों ने भारत के स्वाभिमान पर हमला किया, जिस घटना में 26 निर्दोष भारतीयों की जान गई। इसके बाद भारत सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर किया। ये सब वास्तविकता दुनिया पहले से जान रही है। फिर भी, भारत को लोकतंत्र में विश्वास है। भारत अपनी इस स्थिति को सांसदों के माध्यम से अन्य देशों को बताएगा। इसी मकसद से सांसदगण यहां से गए हैं।

## अधिवक्ताओं के हितों के लिए कई कमेटियां गठित

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** अधिवक्ताओं के विकास और हितों के लिए जिला बार एसोसिएशन की ओर से कई कमेटियों का गठन किया गया है। इसको लेकर बार लाइब्रेरी कक्ष में बुधवार को एसोसिएशन की कार्यकारिणी की बैठक हुई, इसकी अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष रामकृष्ण ठाकुर उर्फ रामबाबू ठाकुर ने की। इस दौरान सर्वसम्मति से कमेटियों के गठन का निर्णय लिया गया। एसोसिएशन के महासचिव सचिदानंद सिंह ने विभिन्न कमेटियों का गठन कर दिया। इसकी जानकारी एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष सुधीर कुमार ओझा ने दी। ओझा ने बताया कि तीन सदस्यीय अनुशासन समिति में उपाध्यक्ष केशव कुमार, जयमंगल प्रसाद व विनोद कुमार को शामिल किया गया है। क्रय समिति में सुधीर कुमार ओझा, सुशील कुमार सिंह, भारत भूषण, रवींद्र कुमार सिंह और दिलीप कुमार को शामिल किया गया है। साफ-सफाई कमेटी में सुशील कुमार सिंह, दीपक कुमार, सुनील कुमार ओझा, कामरान व आशुतोष चंदन को शामिल किया गया है। बिजली और तीनों भवनों को लेकर अलग-अलग कमेटियां गठित की गई हैं। इसमें बार लाइब्रेरी भवन के लिए गठित कमेटी में सुशील कुमार सिंह, सुनील कुमार ओझा, आशा सिन्हा, आशुतोष चंदन व शिल्पी कुमारी, वकालतखाना भवन के लिए विभूतिनाथ झा, कामरान, बेबी कुमारी, प्रीति कुमारी व श्वेता कुमारी और वकालतखाना ब्लॉक नंबर दो के लिए संयुक्त सचिव दीपक कुमार, सहायक सचिव दीपक कुमार, भारत भूषण व अरविंद कुमार को शामिल किया गया है। सिटिंग व्यवस्था की कमेटी में तीनों संयुक्त सचिव, तीनों सहायक सचिव, रमेश केजरीवाल, मो. अकिल एवं दिलीप कुमार तथा पेयजल कमेटी में तीनों संयुक्त सचिव व सहायक सचिवों को शामिल किया गया है।

## श्रीराम भक्त हनुमान स्मृति अन्तर्जालीय दशदिवसात्मक अन्तर्राष्ट्रीय संस्कृत सम्भाषण शिविर का समापन समारोह धूमधाम से सम्पन्न

निज संवाददाता | पटना




संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार और व्यावहारिक उपयोग को समर्पित 'आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान' के तत्त्वावधान में आयोजित श्रीराम भक्त हनुमान स्मृति अन्तर्जालीय दशदिवसात्मक अन्तर्राष्ट्रीय संस्कृत सम्भाषण शिविर का समापन समारोह दिनांक 21 मई 2025 को अत्यंत गरिमामयी और भावपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। दस दिनों तक चले इस ऑनलाइन शिविर में न केवल भारत के विभिन्न प्रांतों से बल्कि विदेशों से भी संस्कृत प्रेमियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और संस्कृत को अपने जीवन की संवाद भाषा बनाने का संकल्प लिया। यह शिविर 'संस्कृत केवल विषय नहीं, संवाद का माध्यम बने' इस उद्देश्य के साथ आरंभ हुआ था और अपने उद्देश्य में पूर्णतः सफल रहा। यह आयोजन इस अभियान की श्रृंखला में लगातार 32वाँ शिविर था, जिसमें संस्कृत के प्रति समर्पण, जीवंतता और आधुनिक उपयोग की अद्भुत झलक देखने को मिली। समापन समारोह का शुभारंभ उत्तर प्रदेश के पूर्व गृह सचिव और अभियान के प्रधान संरक्षक डॉ. अनिल कुमार सिंह द्वारा किया गया, जिन्होंने अपने उद्घाटन वक्तव्य में संस्कृत को दैनिक जीवन की भाषा बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। समारोह की अध्यक्षता कर रहे अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं फिरोज गांधी महाविद्यालय, पाटलिपुत्र के संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ. मुकेश कुमार ओझा ने शिविर को संस्कृत के नवजागरण का प्रतीक बताया। मुख्य अतिथि डॉ. अवन्तिका कुमारी, जो जगत नारायण लाल महाविद्यालय, खगौल, पटना की संस्कृत विभागाध्यक्ष हैं, ने आधुनिक युग में संस्कृत की आवश्यकता और उपयोगिता पर विस्तृत एवं सारगर्भित विचार रखे। मुख्य वक्ता उग्र नारायण झा ने कहा कि "संस्कृत पुस्तकालयों तक सीमित न रहे, यह जनजीवन में उतरे, यही इसका सच्चा सम्मान होगा।" इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों में डॉ. अनिल कुमार चौबे, डॉ. नीरा कुमारी और डॉ. राजेश कुमार मिश्र (विभागाध्यक्ष, पाली विभाग, गया कॉलेज, गया) ने भी उपस्थित रहकर शिविर की प्रशंसा की और प्रतिभागियों को प्रेरित किया। समारोह में मुरलीधर शुक्ल, बीजेन्द्र सिंह, ज्ञानी शारदेय, अमिता शर्मा, मीना आर्या, सुजाता घोष और वन्दना पटोरिया जैसे वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे। सभी वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि ऐसे शिविरों से संस्कृत को सामाजिक मुख्यधारा में लाने का मार्ग प्रशस्त होता है। समारोह का मंच संचालन और स्वागत भाषण डा. लीना चौहान ने अत्यंत भावपूर्ण ढंग से किया, वहीं वैदिक मंगलाचरण उग्र नारायण झा द्वारा प्रस्तुत किया गया जिससे समस्त वातावरण अध्यात्ममय हो गया। धन्यवाद ज्ञापन सुजाता घोष ने किया और ऐक्य मंत्र का पाठ तारा विश्वकर्मा द्वारा किया गया। शिविर के दौरान आयोजित रामभक्त हनुमत्स्मृति संस्कृत सम्भाषण प्रतियोगिता के परिणामों की घोषणा भी समापन समारोह में की गई। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रहीं सुजाता घोष, जो असम के सिल्चर विश्वविद्यालय की शोध छात्रा हैं। द्वितीय स्थान ज्ञानी शारदेय को मिला, जो जयपुर, राजस्थान से हैं। तृतीय स्थान साझा रूप से तारा विश्वकर्मा (मध्य प्रदेश), मुरलीधर शुक्ल (पटना, बिहार) और अमिता शर्मा (गुरुग्राम, हरियाणा) को मिला। साथ ही विशेष पुरस्कार बीजेन्द्र सिंह (दिल्ली विश्वविद्यालय) और मीना आर्या (अमरोहा, उत्तर प्रदेश) को प्रदान किया गया। इस समापन समारोह में एक बात स्पष्ट रूप से उभरकर सामने आई कि संस्कृत केवल शास्त्रों और ग्रंथों की भाषा नहीं, बल्कि एक जीवंत, भावपूर्ण और आधुनिक संवाद की भाषा बन सकती है। प्रतिभागियों ने इस शिविर को एक अविस्मरणीय और प्रेरणास्पद अनुभव बताया। आयोजकों ने घोषणा की कि अगला शिविर और अधिक व्यापक स्तर पर आयोजित किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक लोग इस अभियान से जुड़ सकें और संस्कृत को पुनः जनमानस की भाषा बनाया जा सके।

## जैव विविधता दिवस पर गौरैया संरक्षण प्रदर्शनी तथा डोकोमेंट्री फ़िल्म का प्रदर्शन



निज संवाददाता | पटना

'हमारी गौरैया' तथा 'एनवायरनमेंट वारियर्स' के संयुक्त तत्वावधान में पटना के प्रतिष्ठित बी. डी. पब्लिक स्कूल, बुद्धा कॉलोनी में गौरैया संरक्षण हेतु एक विशेष जागरूकता प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर न सिर्फ बच्चों को इस संकटग्रस्त पक्षी के महत्व को बताया गया, बल्कि उनके संरक्षण के लिए ठोस प्रयास भी किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत एक प्रभावशाली प्रदर्शनी से हुई, जिसमें बच्चों को गौरैया के जीवन, उसके निवास की चुनौतियों, भोजन की कमी तथा उसके अस्तित्व पर मंडरा रहे खतरे की विस्तृत जानकारी दी गई। बच्चों ने उत्साह के साथ विभिन्न प्रकार के घोंसले, गौरैया पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म, किताबें और फोटोग्राफ देखे, जिससे उन्हें गौरैया के जीवन चक्र को समझने में मदद मिली। इस आयोजन की मुख्य विशेषता रही मिट्टी के सकोरों की स्थापना, जो विद्यालय परिसर में कई स्थानों पर लगाए गए। इन सकोरों में गौरैया व अन्य पक्षियों के लिए पानी और दाना की व्यवस्था की गई, विद्यालय की प्रचार्य माधवी कुमारी ने इस अवसर पर अपने भावुक उद्बोधन में कहा कि गौरैया केवल एक पक्षी नहीं थी, बल्कि वह हर घर की सदस्य हुआ करती थी। उन्होंने कहा कि हम सबका बचपन गौरैया की चहचहाहट के बीच बीता है, परंतु हमारी ही लापरवाहियों, बढ़ते कंक्रीट जंगलों और पर्यावरणीय असंतुलन के कारण आज वह हमें दिखना तक बंद हो गई है। उन्होंने विद्यालय के इको क्लब के कोऑर्डिनेटर सुदर्शन कुमार को निर्देश दिया कि वे विद्यालय परिसर में गौरैया के संरक्षण हेतु हर संभव प्रयास करें और इसे एक स्थायी अभियान के रूप में आगे बढ़ाएं। एनवायरनमेंट वारियर्स के निदेशक निशांत रंजन ने कहा कि गौरैया की घटती संख्या का सबसे बड़ा कारण भोजन की कमी और आवासीय संकट है। उन्होंने बताया कि जब तक हम इन पक्षियों को अनुकूल वातावरण और सुरक्षित ठिकाने नहीं देंगे, तब तक इनका लौट पाना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि यदि हम सब मिलकर छोटे-छोटे प्रयास करें—जैसे घरों में सकोरे लगाना, पौधारोपण करना और रासायनिक खादों के प्रयोग से बचना—तो गौरैया को फिर से अपने घर-आँगन में लौटाया जा सकता है। इस अवसर पर विद्यालय की उप-प्राचार्य रश्मि श्रीवास्तव भी उपस्थित थीं, जिन्होंने बच्चों से अपील की कि वे न केवल स्कूल में बल्कि अपने घरों में भी पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था करें। कार्यक्रम के दौरान इको क्लब के सक्रिय सदस्य सुदर्शन कुमार, शादाब चमन, दिव्या भट्ट, तथा एनवायरनमेंट वारियर्स से शानू कुमार राज, निश्चल कुमार, रजनीश कुमार, प्रियांशु रंजन, और मासूम रंजन जैसे पर्यावरण प्रेमियों ने मिलकर आयोजन को सफल और प्रभावशाली बनाया।

## विधानसभा चुनाव से पहले अररिया में बड़ा फेरबदल: 28 पुलिस अवर निरीक्षकों का तबादला




**अररिया, एजेंसी।** अररिया में आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार ने 28 पुलिस अवर निरीक्षकों का स्थानांतरण किया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय की गोपनीय शाखा ने मंगलवार शाम 7 बजे स्थानांतरण आदेश जारी किया। यह कदम चुनावी प्रक्रिया को सुचारू और निष्पक्ष बनाने के लिए उठाया गया है।

### पुलिस अधीक्षक ने दिए तत्काल योगदान के आदेश

### मंगलवार शाम जारी किया ट्रांसफर आदेश

स्थानांतरण में पुअनि शिल्पा कुमारी को अररिया नगर थाना से भरगामा थाना में भेजा गया है। वहां वे अनुसंधान इकाई, महिला हेल्प डेस्क और बाल कल्याण पुलिस अधिकारी की जिम्मेदारी संभालेंगी। पुअनि अंकुर, काजल कुमारी और सुभाष कुमार को फारबिसगंज थाना अनुसंधान इकाई में नियुक्त किया गया है। काजल कुमारी को महिला हेल्प डेस्क और बाल कल्याण की अतिरिक्त जिम्मेदारी भी दी गई है। पुअनि आराधना कुमारी को नरपतगंज थाना में भेजा गया है। सिमरन दरख्शां को जोकीहाट थाना और सरोज कुमार को साइबर थाना अनुसंधान इकाई में स्थानांतरित किया गया है। अररिया आरएस थाना से पूजा कुमारी को महिला थाना में भेजा गया है। त्रिपुरारी कुमार को फारबिसगंज थाना और नितेश सिंह को भरगामा थाना में नई जिम्मेदारी मिली है। सुधा कुमारी को आरएस थाना में अनुसंधान इकाई और महिला हेल्प डेस्क की जिम्मेदारी दी गई है। प्रियंका कुमारी को अररिया नगर थाना और प्रभा कुमारी को फारबिसगंज थाना भेजा गया है। प्रीति कुमारी महिला थाना में अपर थानाध्यक्ष और लक्ष्मी कुमारी महिला थाना अनुसंधान इकाई में तैनात की गई हैं। नीतू कुमारी को फुलकाहा थाना, पूजा शर्मा को जोगबनी थाना में स्थानांतरित किया गया है। रूपा कुमारी और अंजना रंजन को अररिया थाना में नियुक्त किया गया है, जहां अंजना रंजन डाटा सेंटर में काम करेंगी। एसपी ने सभी अधिकारियों को तत्काल नए थानों में योगदान देने का निर्देश दिया है।



## सिलाव का प्रसिद्ध खाजा अब 10 देशों में होगा उपलब्ध, कीमत 4500 से 6500 रुपए प्रति किलो

### पोस्ट ऑफिस के जरिए भेजा जाएगा पार्सल

**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा के सिलाव का प्रसिद्ध खाजा अब अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अपनी मिठास बिखेरने को तैयार है। भारत सरकार द्वारा पोस्ट ऑफिस के माध्यम से जीआई टैग प्राप्त मिठाई को विदेश में भेजने की अनुमति मिल गई है। मिठाई अब दुनिया के 10 प्रमुख देशों में उपलब्ध होगी। पटना के ज्ञान भवन में आयोजित जीआई टैग प्राप्त बिहारी व्यंजनों के अंतरराष्ट्रीय क्रेता-विक्रेता सम्मेलन 2025 में इस महत्वपूर्ण घोषणा का स्वागत किया गया।

सम्मेलन में ऑस्ट्रेलिया, दुबई, कनाडा, सिंगापुर, लंदन, अमेरिका, रूस और अफ्रीका सहित कई देशों के व्यापारियों ने खाजा की बिक्री के लिए उत्साहपूर्वक अपनी रुचि दिखाई। केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान और बिहार के डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने सिलाव के खाजा को अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहचान मिलने पर तारीफ की है।

### विदेशों में बनेगा प्रीमियम उत्पाद

खाजा कारोबारी संजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि विदेशों में केवल शुद्ध घी और गुड़ से बने खाजे को ही भेजा जाएगा। जिससे इसकी गुणवत्ता और स्वाद दोनों बरकरार रहेंगे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत देश के अनुसार अलग-अलग निर्धारित की गई है।

कनाडा और अफ्रीका में 6,500 रुपए प्रति किलो।

लंदन और ऑस्ट्रेलिया में 5,100 रुपए प्रति किलो।

दुबई में 4,500 रुपए प्रति किलो।

अब तक सिलाव का खाजा अमेरिका, कनाडा, लंदन, अफ्रीका, दुबई और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में केवल ऑनलाइन ऑर्डर के माध्यम से ही भेजा जा रहा था। लेकिन अब पोस्ट ऑफिस के जरिए भेजने की अनुमति मिली है।

# छिनतई मामले में कोढ़ा गैंग के सदस्य के घर छापेमारी: 4.90 लाख हजार रुपए बरामद, बदमाश फरार

### भोजपुर में रुपए से भरा थैला छीना था



**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर पुलिस ने छिनतई मामले में कोढ़ा गैंग के सदस्य के घर छापेमारी की। मौके से 4.90 लाख रुपए बरामद हुआ है। 13 मई को नवादा थाना क्षेत्र के पश्चिम ओवर ब्रिज के पास वारदात को अंजाम दिया था। बरामद रुपए पीड़ित को सौंप दिया गया है। इस मामले में कोढ़ा गैंग के सुमित कुमार यादव और उसके 2 साथियों की तलाश की जा रही है। सुमित कटिहार जिले के जुरावगंज-नया टोला का रहने वाला है। सदर एएसपी परिचय कुमार ने इसकी पुष्टि की है।

**ससुर के साथ रुपए निकालने बैंक पहुंचे थे :** एएसपी ने बताया कि 13 मई को बक्सर के अरख निवासी सुमंत कुमार सिंह अपने ससुर लाल साहेब सिंह के साथ कतीरा एसबीआई बैंक पहुंचे थे। बैंक से चार लाख 90 हजार रुपए निकाला। निकासी करने के बाद प्लास्टिक के थैले में रुपए रखकर बैंक से बाहर निकले। ई-रिक्शा पकड़कर घर जा रहे थे।

इस दौरान बदमाशों ने ओवर ब्रिज के पास झपटा मारकर थैला छीन लिया। पहचान छिपाने के लिए एक ने गमछा से फेस कवर कर रखा था, दूसरे ने हेलमेट पहना था। पीड़ित ने अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए छानबीन शुरू की गई। नवादा इंस्पेक्टर बिपिन बिहारी के नेतृत्व में टीम ने सीसीटीवी फुटेज खंगाला। जिसके आधार पर रेकी करते हुए एक बदमाश को चिन्हित किया गया।

### कटिहार से रुपए बरामद

फुटेज को एसटीएफ कोढ़ा सेल के पास भेजा गया। जांच के दौरान कोढ़ा गैंग के सुमित यादव की संलिप्तता सामने आई। इसके बाद एक टीम को कटिहार भेजा गया। छापेमारी में सुमित के घर से 4 लाख 90 हजार रुपए बरामद हुआ। इस बीच वो भाग निकला। इससे पहले भी भोजपुर पुलिस ने दो घटनाओं में कोढ़ा गैंग के पास से 3 लाख 49 हजार रुपए बरामद किया था।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### सरायकेला में भर्ती कैम्प आज, होगी 210 पदों पर बहाली

**जमशेदपुर, एजेंसी।** जमशेदपुर। सरायकेला खरसावां जिले के सरायकेला नियोजनालय में शुक्रवार को भर्ती कैम्प का आयोजन किया जाएगा। शिविर में कुल 210 पदों पर नियुक्ति ली जाएगी। शिविर में दो कंपनियों की ओर से शिविर लगाए जाएंगे। इनमें से प्यूजन फाइनेंस लि. में रिलेशनशिप ऑफिसर के 50 पद हैं। इसके लिए 12वीं पास होना चाहिए। 35 वर्ष तक उम्रसीमा रखी गई है जबकि वेतन 12500 से 15000 रुपए दिए जाएंगे। इसके अलावा पेट्रोल, पीएफ, इएसआई और रहने की सुविधा भी मिलेगी। किसी अनुभव की जरूरत नहीं है। जॉब लोकेशन जमशेदपुर व चक्रधरपुर होगा। दूसरी ओर, युवा शक्ति फाउंडेशन 160 पदों पर बहाली करेगा। इनमें एमआईजी वेल्डर, मशीन ऑपरेटर, क्वालिटी पीडीआई व एमपीआई, प्रोडक्शन असिस्टेंट और डाटा इंट्री ऑपरेटर के क्रमशः 40, 40, 50, 20 और 10 पद हैं। वेल्डर के लिए दो वर्ष का अनुभव, बाकी फ्रेशर को भी मौका दिया जाएगा। सभी के लिए उम्र सीमा 18 से 30 साल अपेक्षित है। जहां तक वेतन की बात है, वेल्डर को 13,312 से 17,550 रुपए जबकि बाकी को 12,500 रुपए मिलेंगे। वेल्डर को पीएफ, इएसआईसी, बोनस, छुट्टी, यूनिफार्म आदि की सुविधा मिलेगी जबकि बाकी को कैंटीन और आने-जाने की सुविधा दी जाएगी। जॉब लोकेशन जमशेदपुर या सरायकेला खरसावां होगा।

### एकजुट होकर आतंकवाद खत्म करना हैः संतोष

**धनबाद, एजेंसी।** कांग्रेसियों ने बुधवार को पुण्यतिथि पर पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को याद किया। हाउसिंग कॉलोनी के जिला कांग्रेस कार्यालय भवन में श्रद्धांजलि सभा हुई। धनबाद जिला कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि को आतंकवाद विरोधी दिवस के रूप में मनाया। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह की। उन्होंने कहा कि एकजुट होकर देश से आतंकवाद खत्म करना है। कांग्रेसियों ने सर्वप्रथम राजीव गांधी की तस्वीर पर माल्यार्पण किया और श्रद्धांजलि दी। उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। इसके बाद आतंकवाद विरोधी दिवस पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। मौके पर संतोष कुमार सिंह ने कहा कि 1991 में आज ही के दिन पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या कर दी गई थी। आतंकवाद विरोधी दिवस मनाने के पीछे का उद्देश्य लोगों को आतंकवाद और हिंसा से दूर रखना है। यह दिन आतंकवाद को खत्म करने और शांति और सद्भाव को बढ़ावा देने के महत्व पर प्रकाश डालता है। आतंकवाद सिर्फ एक शब्द नहीं यह मानवता और विश्व शांति के लिए बड़ा खतरा है। आतंकवाद के खिलाफ देश को एकजुट रहना है। विचार गोष्ठी में योगेंद्र सिंह योगी, नवीन कुमार सिंह, इरफान खान चौधरी, संतोष राय, गुलजार अहमद, अनूप कुमार पांडे, मनोज हाड़ी, डीएन यादव, प्रमोद कुमार यादव, मनोहर दास, अरविंद कुमार सैनी, ऋषिकांत यादव, लाली महतो, मोहम्मद कलीम, रंजीत महतो, मधुसूदन सिंह चौधरी, राजेश्वर सिंह यादव, दिनेश सिंह, नवनीत नीरज, राखल दास आदि उपस्थित थे।

### उत्तम का इस्तीफा, विनय बने डीसीए के महासचिव

**धनबाद, एजेंसी।** जेएससीए के पूर्व कार्यकारिणी सदस्य विनय कुमार सिंह को धनबाद क्रिकेट संघ का नया महासचिव चुना लिया गया। डीसीए की प्रबंध समिति की मीटिंग में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया। डीसीए के पूर्व महासचिव उत्तम कुमार विश्वास ने जेएससीए के चुनाव में जिला प्रतिनिधि के रूप में निर्वाचित होने के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया। जेएससीए के नियम के अनुसार निर्वाचित सदस्य जिले में कोई पद पर नहीं रह सकता है। उनकी जगह पर विनय सिंह को नया महासचिव चुना गया। धनबाद क्रिकेट संघ की मैनेजिंग कमेटी की बैठक में उत्तम कुमार विश्वास को कार्यकाल में अच्छे कार्य करने के लिए धन्यवाद और बधाई दी गई। उत्तम विश्वास ने डीसीए को हरसंभव सहायता देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि शाहबाज नदीम और वे धनबाद के लिए ज्यादा से ज्यादा सुविधा उपलब्ध कराने में प्रयास करेंगे। उन्होंने सहयोग के लिए सभी का धन्यवाद किया। महासचिव विनय कुमार सिंह को क्रिकेट संघ के अध्यक्ष मनोज कुमार, साधवेंद्र सिंह, जावेद इकबाल खान, गुरमीत सिंह डांग, रविजीत सिंह डांग, ललित जगनानी, डॉ राजशेखर सिंह, दिवेन तिवारी, बीएच खान, सुनील कुमार, संजीव राणा, द्वारका तिवारी, संजय कुमार, राजन सिन्हा, धर्मेंद्र कुमार और अभिजीत घोष ने बधाई दी।

# प्रदेश में 7 जून तक मानसून की एंट्री , रांची में 27 मई तक हर दिन बारिश



**रांची, एजेंसी।** झारखंड में हो रहे बेमौसम बारिश से लोगों का राहत तो मिल रही है, लेकिन जानमाल का भी नुकसान हो रहा है। बुधवार को हुए बारिश और इस दौरान गिरे आकाशीय बिजली ने दो लोगों की जान ले ली। मौसम विभाग ने राज्य के 8 जिले में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। वहीं राजधानी रांची में दोपहर बाद मौसम बदलने की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने आज देवघर, गिरिडीह, जामताड़ा, धनबाद, हजारीबाग, कोडरमा और रांची के कुछ हिस्सों में मध्यम से भारी बारिश की संभावना जताई है। मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के अनुसार आज कई इलाकों में आंधी के साथ वज्रपात और बारिश होने की संभावना है।

**7 जून तक मानसून की एंट्री संभव :** वज्रपात की घटनाओं के बीच मौसम विभाग ने मानसून के प्रवेश को लेकर बड़ी घोषणा की है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि इस बार झारखंड में मानसून अच्छा रहेगा। केरल में 25 से 27 मई के बीच मानसून प्रवेश करेगा। झारखंड में 7 जून को आने की संभावना है। एक सप्ताह के अंदर पूरे राज्य में मानसून छा जाएगा। वहीं प्रदेश में बारिश की संभावनाओं को लेकर बताया कि आज तो बारिश होने के आसार है ही। 23 मई को 40 से 50 किमी की रफ्तार से तेज हवा चलने और वज्रपात की संभावना है। 25 मई को मध्यम दर्जे की बारिश के साथ वज्रपात हो सकती है।

26-27 मई को राज्य के कुछ स्थानों पर बारिश की संभावना है। रांची में 27 मई तक हर दिन बारिश हो सकती है। पिछले 24 घंटे के दौरान सबसे अधिक तापमान 40.3 डिग्री डालटनगंज का दर्ज किया गया।

**05 दिनों में वज्रपात से गई 21 की जान :** इधर, लगातार हो रही बारिश और इस दौरान हुए वज्रपात की वजह से पिछले पांच दिनों में रांची सहित राज्य के विभिन्न हिस्सों में वज्रपात से लगभग 21 लोगों की जान चली गई। वहीं लगभग 31 लोग जख्मी हो गए। मरने वालों की संख्या इससे भी अधिक है। क्योंकि, सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों के कई मामले सामने नहीं आते। इससे बचने के लिए कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है। मौसम विभाग की चेतावनी को नजरअंदाज न करें। बारिश के समय खुले स्थान पर जाने से बचें। ऊंचे या नुकीले स्थानों से दूर रहें, बारिश से बचने के लिए पेड़ के नीचे खड़ा न हों। बारिश और वज्रपात के समय बिजली के खंभे, पानी, बिजली तार या किसी धातु से बनी वस्तुओं से दूर रहें। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद की मानें तो राज्य में एक साल में 350 से अधिक लोगों की वज्रपात से मौत हो जाती है।

**वज्रपात से मौत पर मुआवजा के लिए आधे लोग भी नहीं पहुंचते :** आसमानी बिजली को प्राकृतिक आपदा की श्रेणी में रखा है। इससे होने वाली मौत पर मृतक के परिजनों को चार लाख रुपए मुआवजा दिए जाते हैं। घायल को भी इलाज के लिए पैसे दिए जाते हैं। इसके अलावा घर या मवेशी का नुकसान होता है तो उसके लिए भी मुआवजा तय है। लेकिन झारखंड में वज्रपात की घटना में जान-माल गंवाने वाले सभी परिवार मुआवजा के लिए आवेदन तक नहीं कर पाते। ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को इसकी जानकारी भी नहीं है।

## धनबाद में बनेगा शिबू-साहेब नेचुरल पार्क, 4.60 एकड़ वन भूमि चिह्नित




**बाघमारा, एजेंसी।** झारखंड सरकार ने धनबाद के तिलाटांड में शिबू-साहेब नेचुरल पार्क बनाने का निर्णय लिया है। यह पार्क सीएम हेमंत सोरेन के पिता दिशोम गुरु शिबू सोरेन और आंदोलन के दिनों में उनके सहयोगी रहे तिलाटांड़ गांव निवासी स्वर्गीय साहेब राम मांझी के नाम पर बनाया जायेगा।

इस पार्क का निर्माण लगभग 21 एकड़ जमीन पर तिलाटांड़ मौजा में किया जायेगा। सरकार ने इसकी कवायद शुरू कर दी है। यह पार्क फूलों की महक, औषधीय पौधों की शुद्धता और आधुनिक सुविधाओं से सजा होगा। जो न केवल पर्यावरण का संदेश देगा, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार और विकास का नया रास्ता भी खोलेगा। इस पार्क में झारखंड के संघर्ष, संस्कृति और सम्मान की झलक दिखायी देगी।

दिशोम गुरु शिबू सोरेन और आंदोलनकारी साहेबराम मांझी का गहरा नाता रहा है। इस संबंध में झामुमो नेता रतिलाल टुडू ने कहा कि आंदोलन के दिनों में गुरुजी तिलाटांड़ के स्व साहेबराम मांझी के घर रहते थे। उनके साथ मिलकर सामाजिक कार्यों व आंदोलनों की रणनीति बनाते थे। स्व साहेब राम मांझी सोनोत संताल समाज के नेता थे। झामुमो नेता बताया कि पार्क के निर्माण में स्व साहेबराम मांझी की भी जमीन जायेगी, जिस पर उनके पुत्रों ने एनओसी दे दिया है।

## पाकुड़ में रेलवे केबल चोरी का भंडाफोड़, कबाड़ दुकान से बरामद हुए चोरी के तार, मालिक हिरासत में



**पाकुड़, एजेंसी।** पाकुड़ जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में तिलभीटा रेलवे स्टेशन के पास एक कबाड़ दुकान में आरपीएफ और सीआईबी टीम ने संयुक्त छापेमारी की। टीम ने चोरी किए गए रेलवे केबल तार बरामद किए। दुकान के मालिक मकबूल शेख को हिरासत में लिया गया है। छापेमारी दल में आरपीएफ से सब इंस्पेक्टर प्रभाकर कुमार चौधरी और सीआईबी से एएसआई पी नारायण शामिल थे। गुप्त सूचना मिली थी कि इस कबाड़ खाने में रेलवे का केबल तार अवैध रूप से खपाया जा रहा है।

**छापेमारी टीम को देखते ही वह युवक मौके से फरार हो गया :** टीम ने दुकान में छापेमारी के दौरान बोरियों में भरे हुए रेलवे केबल तार बरामद किए। दुकान के सामने सड़क किनारे एक खाली जगह पर केबल तार जलाते हुए एक युवक को देखा गया। छापेमारी टीम को देखते ही वह युवक मौके से फरार हो गया। यह युवक कबाड़ दुकानदार का कर्मचारी बताया जा रहा है। वहीं, टीम तार बेचने वाले मुख्य सरगना की तलाश में जुटी हुई है अधिकारियों ने मकबूल से लंबी पूछताछ की।

उसके जवाबों से संतुष्ट न होने पर कागजी कार्रवाई के बाद उसे हिरासत में ले लिया गया। आरपीएफ सब इंस्पेक्टर प्रभाकर कुमार चौधरी ने बताया कि पूछताछ के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। सीआईबी अधिकारी पी नारायण ने पुष्टि की कि गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। क्षेत्र में हाल के दिनों में कबाड़ की दुकानों की संख्या में काफी वृद्धि देखी गई है।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद पाकिस्तान पर जमकर बरसे चंपई सोरेन



**राजनगर, एजेंसी।** राजनगर में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी की ओर से ऑपरेशन सिंदूर की सफलता व भारतीय सेना के शौर्य के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा की अगुवाई पूर्व मुख्यमंत्री व स्थानीय विधायक चंपई सोरेन ने किया।

तिरंगा यात्रा सहदेव चौके से रामदू चौक तक निकाली गई। इस दौरान वीर शहीद सिदो कान्हू की प्रतिमा पर चंपई सोरेन ने माल्यार्पण किया। यात्रा में हजारों की संख्या में तिरंगा झंडा थामे महिला पुरुष शामिल हुए। इस दौरान भारतीय सेना जिंदाबाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए।

चंपई ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पाकिस्तान पोषित आतंकवादियों ने जिस तरह से कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों का धर्म पूछकर निर्मम हत्या की थी। उससे देश की 140 करोड़ जनता में भारी आक्रोश था।

पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कुशल नेतृत्व एवं भारतीय सेना के अचूक रणनीति से ऑपरेशन सिंदूर सफल रहा। भारतीय सेना ने आतंकवादियों के ठिकाने व पाकिस्तान की एयरबेस को तहस-नहस कर दिया, जिससे पाकिस्तान घुटनों पर आ गया और युद्ध विराम के लिए गिड़गिड़ाया।

ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान को ऐसा जख्म दिया कि उनकी तीन पीढ़ी तक भारत की इस कार्रवाई को याद रखेंगी। चंपई सोरेन ने इसके लिए पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व व भारतीय सेना के शौर्य को सैल्यूट किया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने पहलगाम में अपने सिंदूर को खोने वाली महिलाओं को गर्व करने का क्षण दिया। यह सब भारत के ओजस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के कुशल नेतृत्व में ही संभव हो पाया।

तिरंगा यात्रा के दौरान हाता चाईबासा मुख्य मार्ग व सरायकेला राजनगर मार्ग पर काफी देर तक जाम की स्थिति देखी गई। कार्यक्रम को लेकर पुलिस की तैयारी नाकाफी देखी गई।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के बाद भी पर्याप्त संख्या में पुलिस बल नहीं थी। जिससे लोगों को काफी देर तक जाम में फंसते देखा गया। तिरंगा यात्रा में सिमल सोरेन, बबलू सोरेन, जिप सदस्य मालती देवगम, छायाकांत गोराई सहित हजारों की संख्या में महिला पुरुष शामिल थे।

## आईआईएम रांची को लेकर सामने आई नई जानकारी, जल्द ही बदल जाएगा बहुत कुछ, छात्रों के लिए लिया गया अहम फैसला



### शोधार्थी समेत प्रबंधन क्षेत्र के एक्सपर्ट अपने शोध कार्य को बढ़ावा दे सकेंगे। इस पूरी प्रक्रिया में सीपीडब्ल्यूडी सहयोग करेगी

**रांची, एजेंसी।** जल्द ही आईआईएम रांची का परिसर नए स्वरूप और नए कलेवर के साथ नजर आएगा। विभिन्न कार्ययोजनाओं को ले आईआईएम रांची और सेंट्रल पब्लिक वर्क डिपार्टमेंट के बीच एमओयू हुआ है।

एमओयू के तहत सीपीडब्ल्यूडी आईआईएम रांची के मौजूदा परिसर के रखरखाव के साथ द्वितीय चरण के निर्माण कार्य को पूरा किया जाएगा।

संस्थान के मौजूदा परिसर की आधारभूत संरचना को विकसित किया जाएगा। द्वितीय चरण के निर्माण कार्य के तहत जल्द ही विद्यार्थियों के अनुपात में नया हास्टल बनाया जाएगा ताकि संस्थान में पढ़ने वाले 1200 विद्यार्थी बेहतर शैक्षणिक परिवेश के साथ आरामदायक आश्रय का अनुभव ले सकेंगे।

द्वितीय चरण के निर्माण कार्य के दौरान ही कैंपस में स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स का भी निर्माण होगा। इसमें विद्यार्थियों के लिए स्विमिंग पूल, बास्केटबाल, वालीबाल, लांग टेनिस, बैडमिंटन कोर्ट, स्क्वैश और क्रिकेट व फुटबाल स्टेडियम को आकार दिया जाएगा। बता दें कि आईआईएम रांची प्रबंधन संस्थान के अंतरराष्ट्रीयकरण पर जोर दे रहा है।

इस संबंध में आईआईएम रांची के निदेशक प्रो. दीपक कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि आईआईएम रांची में पठन पाठन के साथ साथ बेहतर अनुभव देने को गति दी जा रही है।

यही नहीं इंस्टीट्यूट ऑफ नेशनल इंपार्टेंस होने के नाते आईआईएम रांची प्रबंधन क्षेत्र में लगातार शैक्षणिक विकास और शोध कार्य को बढ़ावा दे रहा है। इसके लिए अब संस्थान में मैनेजमेंट डेवलपमेंट सेंटर का भी निर्माण होना है।

जहां संस्थान के प्राध्यापक, शोधार्थी समेत प्रबंधन क्षेत्र के एक्सपर्ट अपने शोध कार्य को बढ़ावा दे सकेंगे। इस पूरी प्रक्रिया में सीपीडब्ल्यूडी सहयोग करेगी।वहीं सीपीडब्ल्यूडी के चीफ इंजीनियर एमपी सिंह ने कहा कि सीपीडब्ल्यूडी देशभर के कई शैक्षणिक संस्थानों को विकसित कर चुकी है। आईआईएम रांची के साथ भी संस्था का पुराना संबंध रहा है।नई जिम्मेवारियों का लक्ष्य तय कर लिया गया है। द्वितीय चरण की आधारभूत संरचना को तय समय पर पूरा करने का काम किया जाएगा। जिससे आईआईएम रांची को इस क्षेत्र के श्रेष्ठ शैक्षणिक संस्थान के रूप में पहचान मिलेगी।

## सरकार का नया नियम, अब क्यूआर कोड के बिना नहीं बिकेंगी ये दवाए



**रांची, एजेंसी।** झारखंड में नकली दवा के कारोबार पर लगाम लगाने के लिए स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि राज्य में दर्द निवारक, विटामिन सप्लीमेंट्स, डायबिटीज कंट्रोल की दवाएं, गर्भनिरोधक गोलियां और एंटीप्लेटलेट, थायरॉयड, एंटी एलर्जी व अन्य दवाएं बिना क्यूआर कोड के नहीं बेची जाएंगी। क्यूआर कोड स्कैन करने पर दवा से संबंधित मैन्युफैक्चरिंग लाइसेंस, बैच नंबर जैसी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की जा सकती है। क्यूआर कोड ही नकली और असली दवा के बीच की दीवार बनेगा।

दवा दुकानदारों को अंतिम चेतावनी देते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि कोई भी दुकान यदि बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित मिली तो सील करते हुए लाइसेंस रद्द किया जाएगा। बता दें कि केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने एक अगस्त 2023 से 300 प्रकार की दवाओं पर बारकोड या क्यूआर कोड अनिवार्य कर दिया है। कोड को स्मार्ट फोन से स्कैन कर दवा की पूरी जानकारी ले सकते हैं।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा है कि जो अधिकारी एक ही जगह पर वर्षों से जमे हैं, वह व्यवस्था को सड़ा रहे हैं। अब उनका तबादला होगा। जो भी अधिकारी एक ही जगह पर तीन साल या उससे अधिक समय से एक जगह पर जमे हैं, वह मिलीभगत कर भ्रष्टाचार बढ़ा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग में अब भ्रष्टाचार की कोई जगह नहीं है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि दवाओं की गुणवत्ता की जांच के लिए दुमका, जमशेदपुर और पलामू में ड्रग टेस्टिंग लैब की स्थापना की जाएगी। साथ ही खाद्य पदार्थों में मिलावट की जांच करने के लिए उक्त जिलों में खाद्य जांच प्रयोगशाला भी बनाई जाएगी।

## विधायक श्वेता सिंह केस-चीफ इलेक्शन ऑफिसर से मिले बीजेपी नेता



**रांची, एजेंसी।** बोकारो विधायक श्वेता सिंह पर लगाए गए आरोपों को लेकर राज्य का सियासी पारा चढ़ा हुआ है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का एक प्रतिनिधिमंडल राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) से मिला और बोकारो की कांग्रेस विधायक श्वेता सिंह के खिलाफ एक ज्ञापन सौंपा। भाजपा ने आरोप लगाया कि श्वेता सिंह ने 2019 विधानसभा चुनाव में नामांकन दाखिल करते समय शपथ पत्र में कई अहम जानकारियां छुपाई थीं, जो जनप्रतिनिधित्व अधिनियम का उल्लंघन है।

ज्ञापन में भाजपा ने आरोप लगाया है कि श्वेता सिंह ने नामांकन पत्र भरते समय बीएसएल द्वारा आवंटित आवास का नो ड्यूज सर्टिफिकेट नहीं संलग्न किया। इसके बावजूद उन्होंने शपथ पत्र में गलत जानकारी देते हुए सरकारी बकाया वाले कॉलम में 'एनए' यानी नॉट एप्लिकेबल लिखा। जबकि हकीकत यह है कि उनके ऊपर वर्ष 2022 से ही बीएसएल आवास का बकाया बकाया है।

**चार वोटर आईडी कार्ड और दो पैन की कही बात :** इसके अलावा भाजपा का आरोप है कि श्वेता सिंह के पास चार वोटर आईडी कार्ड और दो पैन कार्ड हैं। प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग को इन सभी दस्तावेजों की जानकारी भी उपलब्ध कराई है। प्रतिनिधिमंडल में शामिल भाजपा नेताओं ने मांग की कि इन सभी मामलों की उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए ताकि सत्य सामने आ सके। उन्होंने कहा कि यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो चुनाव आयोग को श्वेता सिंह की सदस्यता रद्द करनी चाहिए।

प्रतिनिधिमंडल में राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, बोकारो के पूर्व विधायक बिरंची नारायण, सरोज सिंह, सुधीर श्रीवास्तव और अशोक बड़ाईक शामिल थे। उन्होंने बताया कि इस मामले को पहले ही राजभवन को सूचित किया जा चुका है और वहां से इसे मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को भेजा गया है।

**श्वेता सिंह का पलटवार – मैं बिल्कुल सही हूं, ये लोग व्याकुल हैं :** भाजपा के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए बोकारो की विधायक श्वेता सिंह ने कहा कि भाजपा नेता अज्ञानता के कारण व्याकुल होकर इधर-उधर दौड़ लगा रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि वे पूरी तरह से सही हैं और चुनाव आयोग को सभी जरूरी और सही जानकारी पहले ही दे चुकी हैं। श्वेता सिंह ने कहा मैं वही पैन कार्ड उपयोग करती हूं जो आधार से लिंक है। जहां तक वोटर आईडी का सवाल है, स्थान बदलने के बाद नया वोटर कार्ड बनता है। पुराने को निरस्त करने के लिए मैंने आवेदन पहले ही दे रखा है। अगर वह रद्द नहीं हुआ है तो यह संबंधित चुनाव पदाधिकारी (आरओ) का मामला है, इसमें मेरी कोई गलती नहीं है।

## छोटे भाई को पेट्रोल छिड़ककर जला डाला था, गिरीडीह में कोर्ट ने सुनाई सख्त सजा



**रांची, एजेंसी।** सगे भाई की हत्या के दोषी को आजीवन कारावास एवं दस हजार रुपये अर्थ दंड से दंडित किया गया है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश चतुर्थ हरिओम कुमार की अदालत ने बुधवार को सरिया थाना क्षेत्र के कोयरीडीह निवासी अजय राम को यह दंड दिया है। अदालत ने अजय को अपने सगे छोटे भाई विजय राम को पेट्रोल छिड़कर जलाकर हत्या करने का दोषी पाये जाने पर दंडित किया है। इसके पूर्व अदालत में सजा के बिंदुओं पर सुनवाई शुरू हुई। बचाव पक्ष के अधिवक्ता अजय कुमार सिन्हा ने न्यूनतम सजा देने की अपील की। उन्होंने कहा कि अजय राम पर पहले से कोई आपराधिक मुक़दमा नहीं है। वहीं पीपी अशोक कुमार ने कहा कि यह एक जघन्य हत्या है। सगे भाई ने छोटी बात को लेकर घटना को अंजाम दिया था। न्यायालय ने दोनों पक्षों के दलीलें सुनने के बाद दोषी को दंडित किया। यह घटना सरिया थाना क्षेत्र के कोयरीडीह गांव की है। 20 सितंबर 2023 को यह घटना घटी थी।

इस मामले की प्राथमिकी मृतक विजय राम की पत्नी की शिकायत पर सरिया थाना में दर्ज की गई थी। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया था कि उसके पति विजय राम और अभियुक्त अजय राम सगे भाई थे। दोनों ने मिलकर व्यवसाय शुरू किया था। दोनों की शादी हो जाने के बाद घर और व्यवसाय में बंटवारा हुआ। दोनों की दुकान अगल-बगल है। घटना के दिन 20 सितंबर 2023 को ग्राहक पेट्रोल लेने उसकी दुकान पर आया था।

इस दौरान अजय दुकान पर आने से ग्राहक को रोकने का बहाना बनाकर विजय राम से झगड़ा करने लगा और अपनी पत्नी ज्योति देवी के साथ मिलकर उसके पति विजय राम पर बोतल से पेट्रोल डालकर आग लगा दिया जिससे वह पूरी तरह झुलस गया और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस मामले में ज्योति देवी लंबे समय से तक फरार रही। हालांकि 18 मई 2025 को सरिया पुलिस ने पचंबा थाना क्षेत्र में छापामारी कर ज्योति को उसके मायके से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


# विचार-मंथन

## संपादकीय

# पाकिस्तान के लिए जासूसी

भारत में पाकिस्तान के लिए जासूसी कर रही एक महिला की गिरफ्तारी चिंता का विषय है। पाकिस्तान की करतूतें किसी से छिपी नहीं हैं। आतंकवादियों को पालने और सीमा पर तनाव बढ़ाने के साथ एक के बाद एक वह साजिशें रचता रहा है। इसमें वह भारतीय नागरिकों को बहला-फुसला या किसी तरह फंसा कर खुफिया जानकारियां जुटाने का प्रयास करता रहा है। बीते कुछ दशक में उसने अपना यह जासूसी संजाल मजबूत कर लिया है।'आपरेशन सिंदूर' के बाद चलाए गए विशेष अभियान के तहत जिस तरह एक के बाद एक पाकिस्तान के लिए जासूसी कर रहे लोग गिरफ्तार हो रहे हैं, उससे स्पष्ट है कि उसका संजाल काफी फैला हुआ है। पर सवाल यह भी उठता है कि भारतीय खुफिया एजंसियों की जो सतर्कता अब दिखाई दे रही है, वह पहले क्यों नहीं थी। हरियाणा की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को दुश्मन देश की खुफिया एजंसियां 'अपने संपर्क' के तौर पर काफी समय से तैयार कर रही थी।हैरानी है कि इसकी भनक भारतीय एजंसियों को इतनी देर से क्यों लगी? इसके अलावा कई भारतीयों का आइएसआइ के संपर्क में आना गंभीर खतरे की ओर इशारा करता है। एनआइए ने कैथल में एक पाक जासूस को पकड़ा, तो पंजाब पुलिस ने सैन्य जानकारी साझा कर रहे गुरदासपुर के दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। अब तो जासूसी की जांच उत्तर प्रदेश के रामपुर तक जा पहुंची है।ऐसा लगता है कि पहलगाम आतंकी हमले के पहले से पाकिस्तान, भारत में जासूसों का जाल बना रहा था। अगर वह ऐसा कर रहा था, तो इस कड़ी को पकड़ने में चूक कैसे हुई। अगर यह दावा किया जा रहा है कि आतंकी हमले से पहले ज्योति मल्होत्रा पहलगाम गई थी, तो यह निश्चित रूप से गंभीर मामला है और इसकी तह में जाने की जरूरत है। कुछ जासूसों का राजनीतिक संपर्क भी देखा गया है।डीआरडीओ के एक वैज्ञानिक की गिरफ्तारी को लोग आज भी नहीं भूले हैं। तब उसकी राजनीतिक गतिविधियों पर सवाल भी उठा था। जासूसों को वीजा कौन और कैसे दिलवाता है, इसकी जांच भी होनी ही चाहिए।

# अमरावती मॉडल देगा दुनिया के देशों को नई दिशा

**( डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा )**

> *अमरावती को पूरी तरह से ग्रीन सिटी बनाने की दिशा में जो कार्य आरंभ हो रहा है वह समूची दुनिया के लिए एक मिसाल है। वहां पर सरकारी भवनों के साथ ही अन्य स्थानों पर सोलर पेनल और पवन उर्जा के स्रोत लगाये जाएंगे। पनबिजली परियोजना का संचालन होगा।*

ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए जहां दुनिया के देशों में टुकड़ो-टुकड़ों में काम हो रहा है वहीं आंध्रप्रदेश की नई राजधानी अमरावती को पूरी तरह से ग्रीन एनर्जी से संचालित शहर बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री चन्द्रबाबू नायडू ने काम भी शुरु कर दिया है। अमरावती को पूरी तरह से ग्रीन एनर्जी से संचालित शहर बनाने में करीब करीब 65 हजार करोड़ रुपए की लागत आयेगी और सोलर, पवन और जल विद्युत पर आधारित इस परियोजना में अमरावती में उपयोग आने वाली सारी बिजली रिन्यूवल एनर्जी स्त्रोत से ही प्राप्त होगी। सर्वाधिक कार्बन उत्सर्जन करने वाली जीवाश्म ऊर्जा का अमरावती में नामोनिशान नहीं होगा। अपने आप में यह दुनिया के लिए ग्रीन एनर्जी के सपने को अमली जामा पहनाने की बड़ी, महत्वाकांक्षी और दुनिया के देशों के लिए प्रेरणीय पहल मानी जानी चाहिए। कोई इसे इतिहास रचने की बात करता है तो कोई ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में बड़ी और रचनात्मक पहल के रुप में देख रहे हैं। कहा जाए तो दुनिया के देश जिस तरह से ग्रीन एनर्जी के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहे हैं और जिस तरह से बड़े बड़े शिखर सम्मेलनों के साझा घोषणा पत्रों में घोषणाएं होती है उससे अलग हटकर आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री चन्द्रबाबू नायडू की इस पहल को माना जाना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वयं इस परियोजना की आधारशिला रखने जा रहे हैं। कृष्णा नदी के तट पर आंध्र की नई राजधानी की आधारशिला रखी जाएगी तो ग्रीन एनर्जी का यह प्रोजेक्ट 217 वर्गमीटर को समाये हुए होगा। अमरावती को पूरी तरह ग्रीन एनर्जी युक्त दुनिया का पहला शहर बनाने के लिए 2050 तक की मांग का आकलन कर लिया गया है करीब 2700 मेगावाट विद्युत की आवश्यकता होगी। इसमें स 30 प्रतिशत सोलर और पवन आधारित उर्जा होगी तो 70 प्रतिशत बिजली का उत्पादन पनबिजली आधारित होगी।

ग्रीन एनर्जी के चार प्रमुख स्त्रोत है। इसमें सूर्य की गर्मी आधारित सोलर ऊर्जा, हवा के झोकों पर आधारित पवन ऊर्जा, जल आधारित पन बिजली परियोजना और भूगर्भ के ताप आधारित भूतापीय ऊर्जा को रिन्यूवल एनर्जी के नाम से जाना जाता है। इसमें प्रमुखता से सोलर, पवन और पन बिजली को लिया जाता है। दरअसल जीवाश्म आधारित उर्जा जिसमें प्रमुखत: कोयला व लिग्नाइट का प्रयोग होता है उसके चलते जलवायु में तेजी से परिवर्तन हुआ है और आज दुनिया के देश तापमान वृद्धि को 1.5 प्रतिशत तक रखने के लिए जूझ रहे हैं। 2 प्रतिषत वृद्धि दर को डेढ प्रतिशत लाना टेड़ी खीर बना हुआ है। पेरिस घोषणा के अनुसार दुनिया के देशों को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई है अन्यथा जलवायु परिवर्तन के जिस तरह के परिणाम हम आये दिन देखने लगे हैं जिसमें तापमान में बढ़ोतरी, ग्लेशियरों का सिकुड़ना, अनपेक्षित मौसम चक्र कभी तेज गर्मी तो कभी तेज सर्दी और कभी तेज बरसात। आंधी तूफान, जंगलों में दावानल, तूफानों चक्रवातों के नए नए रुप और बार बार आवृति हमारे सामने हैं। समुद्र का जल स्तर बढ़ने से समुद्र किनारे के शहरों के सामने अस्तित्व का संकट आ गया है तो जंगलों के दावानलों का असर आसपास के शहरों खासतौर से अमेरिकी शहरों में देखा जा चुका है। सूखा और बाढ़ आम होती जा रही है तो दवाओं के बेअसर होने और संक्रामक रोगों की बढ़ोतरी सामने हैं। दुनिया के देश खासतौर से मौसम विज्ञानी इन हालातों को लेकर चिंतित है और जलवायु परिवर्तन के नकारात्मक प्रभावों को सीमित करने के उपायों को लेकर प्रयासरत है। हांलाकि इसमें सरकारों की ईच्छा शक्ति, संसाधन, आर्थिक सामाजिक हालात के साथ ही विकसित देशों द्वारा खुले दिल से सहयोग नहीं करना बड़ा कारण बनता जा रहा है। ऐसा नहीं है कि जलवायु परिवर्तन के संकट से दुनिया के देश सावचेत नहीं हो। बल्कि इस दिशा में किये जा रहे प्रयासों को लेकर रेंकिंग भी जारी होने लगी है। जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन रेकिंग में भारत दसवें स्थान पर है हांलाकि यह इससे पहले के साल की तुलना में रेंकिंग पिछड़ी है। मजे की बात यह है कि हालिया सूचकांक के विश्लेषण से साफ हो जाता है कि आज भी इस सूचकांक को एक से तीन नंबर की रेंकिंग वाले देश की प्रतीक्षा है। रेकिंग में डेनमार्क शीर्ष पर है और उसका चौथे स्थान है। नीदरलैंड, इंग्लेण्ड, फिलिपिन्स, मोरक्को, नार्वे क्रमश: है तो भारत दसवें स्थान पर है। देश में रिन्यूवल एनर्जी की दिशा में ठोस प्रयास हो रहे हैं। गुजरात के कांडला सेज को पूरी तरह से हरित औद्योगिक क्षेत्र बनाया गया है तो तमिलनाडु के महाबलीपुरम के शोर मंदिर को ग्रीन एनर्जी पुरातात्विक स्थल के रुप में पहचान मिल चुकी है। डेनमार्क का कोपेनहेगेन भी इसी श्रेणी में आता है। आस्ट्रेलिया का एडिलेड, कोरिया का सियोल, आइवरकोस्ट का कोकोडी, स्वीडन का मालमो और दक्षिणी अफ्रिका का केपटाउन ग्रीन एनर्जी की दिशा में बढ़ते हुए शहरों में से हैं। गुजरात के कांडला सेज में 1000 एकड में साढ़े तीन लाख पेड़ लगाया गया है। समुद्र के नमक के पानी से प्रभावित क्षेत्र को जलवायु की दृष्टि से करीब करीब बदल ही दिया गया है। अमरावती को पूरी तरह से ग्रीन सिटी बनाने की दिशा में जो कार्य आरंभ हो रहा है वह समूची दुनिया के लिए एक मिसाल है। वहां पर सरकारी भवनों के साथ ही अन्य स्थानों पर सोलर पेनल और पवन उर्जा के स्त्रोत लगाये जाएंगे। पनबिजली परियोजना का संचालन होगा। पूरी तरह से ग्रीन एनर्जी का ही उपयोग होगा। हांलाकि यह अपने आप में चुनौतीभरा काम होगा पर ईच्छा शक्ति और कुछ नया करने की भावना से आगे बढ़ा जाता है तो फिर कोई कार्य असंभव नहीं होता है। हांलाकि केन्द्र व राज्य सरकारें अक्षय ऊर्जा के इस क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रही हैं। राजस्थान रिन्यूवल एनर्जी उत्पादन के क्षेत्र में समूचे देश में आगे है और भड़ला पार्क जैसे सोलर पार्क यहां विकसित हो चुके हैं। सरकार अब घरों की छतों पर सोलर एनर्जी के उत्पादन को बढ़ावा दे रही है तो खेती में सोलर पंपों और अन्य कार्यों में उपयोग सकारात्मक प्रयास माने जा सकते हैं। पर अमरावती इन सबसे अलग इसलिए हो जाती है कि यहां समग्रता से प्रयास करते हुए समूचे शहर को ग्रीन एनर्जी युक्त बनाया जा रहा है यइ सराहनीय होने के साथ ही प्रेरक भी है।

## हाइपरटेंशन -यानि उक्तचाप

हाइपरटेंशन को उच्च रक्तचार भी कहा जाता है। बता दें कि यह वह स्थिति है जिसमें धमनियों में रक्त का दबाव लगातार अधिक होता है। हाइपरटेंशन की स्थिति में स्ट्रोक और दिल का दौरा जैसी गंभीर समस्याओं का खतरा रहता है। हर साल 17 अप्रैल को विश्व हाइपरटेंशन डे मनाया जाता है। हाइपरटेंशन को उच्च रक्तचार भी कहा जाता है। बता दें कि यह वह स्थिति है जिसमें धमनियों में रक्त का दबाव लगातार अधिक होता है।

हाइपरटेंशन की स्थिति में स्ट्रोक और दिल का दौरा जैसी गंभीर समस्याओं का खतरा रहता है। इस दिन का मुख्य उद्देश्य लोगों को उच्च रक्तचाप यानी की हाइपरटेंशन के खतरे, लक्षण, रोकथाम और उपचार के बारे में जागरुक किया जाता है। तो आइए जानते हैं इस दिन का इतिहास, लक्षण, महत्व और थीम के बारे में... पहली बार विश्व हाइपरटेंशन दिवस 14 मई, 2005 में मनाया गया था। हालांकि अगले साल 2006 में हाइपरटेंशन डे को 17 मई से स्थायी रूप से मनाया जाने लगा। इसका मकसद दुनिया भर में हाइपरटेंशन के बढ़ते मामलों के बारे में लोगों को जागरूक करना है।

**क्या है हाइपरटेंशन :** हाई ब्लड प्रेशर एक 'साइलेंट किलर' है। क्योंकि यह बिना किसी स्पष्ट लक्षण के आपके शरीर को नुकसान पहुंचा सकता है। इससे स्ट्रोक, हृदय रोग और किडनी फेलियर जैसी गंभीर बीमारियों की वजह बन सकता है।

## बराबरी की शर्त

**( प्रणव प्रियदर्शी )**

डेटिंग ऐप्स के दौर ने जहां शहरों की पढ़ी-लिखी और कामकाजी लड़कियों को मुक्त जिंदगी की एक झलक दिखलाई है, वहीं शादी, परिवार और रिश्तों को लेकर उनमें उभरते नए नजरिए को भी रेखांकित किया है। इन ऐप्स का दुरुपयोग और इनकी आड़ में बढ़ता अपराध भी एक अहम पहलू है। मगर फिलहाल अपराध को अलग कर दें तो भी समाज में इस वजह से प्यार, रोमांस और शादी की पारंपरिक अवधारणाओं में भारी बदलाव देखने को मिल रहे हैं। जहां व्यक्तिगत स्तर पर इससे धोखा, विश्वासघात से भरे और प्रतिबद्धता से रहित रिश्ते बनते हैं जो मन पर गहरे घाव छोड़ जाते हैं और जिनसे उबरना जिंदगी में आगे एक बड़ी चुनौती बनी रहती है, वहीं सामाजिक स्तर पर इससे शादी और परिवार जैसी संस्थाओं के भविष्य पर खतरा दिखने लगा है। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि डेटिंग ऐप्स के सहारे प्यार और रोमांस ढूंढने वाली आज की लड़कियां क्या वाकई शादी नहीं करना चाहतीं और सिंगल वुमन के रूप में जिंदगी गुजारना चाहती हैं? यूनिवर्सिटी ऑफ कैंब्रिज में सोशियॉलजी की प्रफेसर पारुल भंडारी ने इस पर काफी काम किया है। इस बारे में उनकी एक किताब 'डिसेंट ऑफ लवः एंबिग्युटी, ऐफेक्ट एंड ट्रांसफॉर्मेशन इन साउथ एशिया' भी हाल में आई है। उनका कहना है कि आम धारणा के विपरीत शादी की जल्दबाजी में नहीं दिखने वाली मिलेनियल्स (जिनका जन्म 1980 से 2000 के बीच हुआ) लड़कियां शादी को लेकर उदासीन नहीं होतीं। वे, दरअसल अलग तरह का रिश्ता चाह रही होती हैं। वे अपने मां-बाप की शादीशुदा जिंदगी जैसा जीवन अपने लिए नहीं चाहतीं। ज्यादा बराबरी वाला, ज्यादा सम्मानपूर्ण रिश्ता सुनिश्चित करने की उनकी इच्छा या कहिए संकल्प ही उन्हें शादी के बंधन में पड़ने की जल्दबाजी से रोके रहता है। उनकी इस इच्छा के औचित्य पर, जाहिर है, कोई सवाल नहीं उठाया जा सकता। अगर समाज उनकी यह इच्छा

# डिजिटल दुनिया में खोता बचपन

**(वेद आलोक)**

आजकल, हमारे आसपास हर तरफ मोबाइल, कंप्यूटर और इंटरनेट छाया हुआ है। ये सब चीजें डिजिटल दुनिया का हिस्सा हैं। यह दुनिया बहुत मजेदार और ज्ञान से भरी है। हम इसमें गेम खेल सकते हैं, कार्टून देख सकते हैं, और दुनिया भर की जानकारी पल भर में पा सकते हैं। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि इस डिजिटल दुनिया में हमारा बचपन कहीं खोता जा रहा है? पहले के समय में बच्चे गलियों में खेलते थे, पेड़ों पर चढ़ते थे, और दोस्तों के साथ मिलकर खूब मस्ती करते थे। वे कहानियों की किताबें पढ़ते थे, दादा-दादी से रोचक बातें सुनते थे, और अपने हाथों से खिलौने बनाते थे। उनकी दुनिया असली थी, जिसमें धूप थी, मिट्टी थी, और ढेर सारी हंसी थी। लेकिन आजकल, बहुत से बच्चों का ज्यादातर समय मोबाइल या कंप्यूटर स्क्रीन के सामने बीतता है। वे घंटों तक वीडियो गेम खेलते हैं या सोशल मीडिया पर दोस्तों से चैट करते हैं। बाहर खेलने और प्रकृति को महसूस करने का समय उन्हें कम ही मिल पाता है।

**डिजिटल दुनिया के फायदे भी हैं :** यह सच है कि डिजिटल दुनिया के कई फायदे भी हैं। इससे हम नई चीजें सीख सकते हैं, अपनी रचनात्मकता को बढ़ा सकते हैं, और दूर बैठे लोगों से भी जुड़े रह सकते हैं। ऑनलाइन कक्षाएं हमें घर बैठे ही अच्छी शिक्षा दिलाती हैं, और एजुकेशनल ऐप्स पढ़ाई को मजेदार बना देते हैं।

**लेकिन कुछ नुकसान भी हैं :** लेकिन हर सिक्के के दो पहलू होते हैं। डिजिटल दुनिया के कुछ नुकसान भी हैं, खासकर बच्चों के लिए-

*आंखों पर जोर- लगातार स्क्रीन देखने से हमारी आंखें थक जाती हैं और कमजोर भी हो सकती हैं।

*नींद की कमी- रात को देर तक मोबाइल चलाने से नींद पूरी नहीं हो पाती, जिससे हम दिन भर थका हुआ महसूस करते हैं।

*मोटापा- घर के अंदर बैठे रहने और खेलने-कूदने की कमी से मोटापा बढ़ सकता है, जो कई बीमारियों का कारण बनता है।

*अकेलापन- भले ही हम ऑनलाइन कई लोगों से जुड़े रहें, लेकिन असली दोस्तों के साथ खेलने और बात करने की खुशी अलग होती है। डिजिटल दुनिया हमें कभी-कभी अकेला महसूस करा सकती है।

*सीखने में कमी- हर चीज आसानी से मिल जाने के कारण, हम खुद से सोचने और मेहनत करने की आदत खो सकते हैं। किताबें पढ़ने और अपने हाथों से कुछ करने से जो सीखते हैं, वह डिजिटल जानकारी से अलग होता है।

*गलत जानकारी- इंटरनेट पर हर तरह की जानकारी मौजूद होती है, जिसमें कुछ गलत भी हो सकती है। बच्चों के लिए यह पहचानना मुश्किल हो सकता है कि क्या सही है और क्या गलत।

*साइबर बुलिंग- ऑनलाइन किसी को परेशान करना या बुरा कहना साइबर बुलिंग कहलाता है। यह बच्चों को बहुत दुख पहुंचा सकता है।

हमें क्या करना चाहिए?

यह जरूरी है कि हम डिजिटल दुनिया का इस्तेमाल समझदारी से करें। हमें यह याद रखना चाहिए कि यह एक उपकरण है, और हर उपकरण का सही इस्तेमाल करना जरूरी होता है।

*समय तय करें- हमें अपने माता-पिता से मिलकर तय करना चाहिए कि हम दिन में कितनी देर मोबाइल या कंप्यूटर इस्तेमाल करेंगे। पढ़ाई और खेलने के लिए समय निकालना बहुत जरूरी है।

*बाहर खेलें- हमें हर दिन कुछ समय के लिए बाहर जरूर खेलना चाहिए। दौड़ना, कूदना, और दोस्तों के साथ मस्ती करना हमारे शरीर और मन दोनों के लिए अच्छा होता है।

*किताबें पढ़ें- कहानियों और ज्ञान की किताबों को पढ़ना एक अद्भुत अनुभव होता है। यह हमारी कल्पना को बढ़ाता है और हमें नई चीजें सिखाता है।

*परिवार के साथ समय बिताएं- हमें अपने परिवार के सदस्यों के साथ बातें करनी चाहिए, उनके साथ खेलना चाहिए, और उनसे सीखना चाहिए।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5739

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | 6 | 9 | | | | | |
| 2 | | | | 8 | | | | 5 |
| | | | 1 | | 6 | 8 | | |
| | 2 | 7 | 4 | | 1 | | 9 | |
| | 1 | | | | | | 4 | |
| | 4 | | 2 | | 8 | 7 | 3 | |
| | | 2 | 8 | | 5 | | | |
| 1 | | | | 3 | | | | 6 |
| | | | | | 9 | 2 | 8 | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खडी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5738

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 2 | 3 | 1 | 9 | 4 | 8 | 5 |
| 9 | 4 | 3 | 5 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 4 | 6 | 9 | 3 |
| 6 | 3 | 4 | 9 | 7 | 5 | 1 | 2 | 8 |
| 1 | 9 | 7 | 8 | 3 | 2 | 5 | 6 | 4 |
| 2 | 5 | 8 | 4 | 6 | 1 | 3 | 7 | 9 |
| 3 | 2 | 5 | 1 | 9 | 7 | 8 | 4 | 6 |
| 8 | 1 | 9 | 6 | 4 | 3 | 2 | 5 | 7 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 9 | 3 | 1 |

## वर्ग पहेली 5739



**संकेत: बाएं से दाएं**

1. भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित प्रथम हिंदी साहित्यकार (8)
7. ताकत सहित, बलवान, ताकतवर (3)
8. आपस में गुथी एवं फैली हुई चीजों का विस्तार (2)
9. निग्रह, दो की संख्या, मृत्युदेव (2)
11. रिपोर्ट का अपभ्रंश, फिसलाहट (3)
12. सिख संप्रदाय के आदि गुरू (3)
13. एक दिवंगत हास्य अभिनेता जिन्होंने (1937 से 1989 के बीच 180 से अधिक फिल्मों में अभिनय किया) (2)
15. युद्ध, लड़ाई, रण, संग्राम (3)
16. विशाल भूभाग में फैलाना (4)
18. इंद्रधनुष में रंगों की संख्या (2)
19. नतीजा, परिणाम, सुख-दुख का भोग (2)
20. जलीय अंश, शोरबा (2)
22. आहुति के रूप में दिया हुआ (2)
23. कार्यालय, ऑफिस (3)

**ऊपर से नीचे**

1. सुलोचना, सुंदर नेत्रों वाली (4)
2. अनिष्ट का डर या खौफ, कष्ट (2)
3. संख्या सूचक अंक, अदद, संख्या (3)
4. गिरोह का मुखिया (4)
5. पांच उंगलियों सहित हथेली का अगला भाग (2)
6. ख्वाहिशमंद, इच्छा रखने वाला (5)
10. मन के अनुसार, मन के अनुकूल (5)
13. आने-जाने का भाव या क्रिया (5)
14. शिष्टता, नम्रता, यह धर्मेंद्र के साथ हेमामालिनी की पहली फिल्म थी (4)
17. कमल, लोहे का अर्द्धचंद्राकार टुकड़ा, कुमुद आदि फूलों की लंबी व खोखली नली या डंडी (2)
18. परस्पर साथ रहने वाला व्यक्ति, मित्र, सखा (2)
21. महाशय या श्रीमान का अंग्रेजी में यह कहते है (2)
20. भिन्न का नीचे का अंक, प्रत्येक (2)
22. बुनियाद, नींव, जड़ (2)

### वर्ग पहेली 5738 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | ई | | | गं | ध | | आ |
| ह | | म | | ड | र | | ज |
| ज | न | क | | क | ना | ग | त |
| | दा | स | ती | | | वा | क |
| ना | र | द | | स | म | क्ष | |
| जु | | | अ | त | ल | | कु |
| क | ह | र | वा | | मा | मू | ली |
| ता | र | | म | | स | ल | |

# आज का राशिफल

### मेष
अधूरे कार्यों को पूर्ण करने का प्रयास कर सकते हैं। पैतृक सम्पत्ति को लेकर विवाद शान्त होंगे। घर के सदस्यों के बीच सामंजस्य बहुत ही अच्छा रहेगा। प्रेमी जन के साथ एकान्त समय बिताना पसन्द करेंगे। व्यवसाय में आपको अधिक व्यय करना पड़ेगा।

### वृष
उच्चाधिकारियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। पिता के स्वास्थ्य की चिन्ता हो सकती है। नया व्यवसाय आरम्भ करने का विचार बनायेंगे। मित्रों के प्रति आपको उदार रहना चाहिये। सिरदर्द और एसिडिटी की समस्या हो सकती है।

### मिथुन
कार्यक्षेत्र में आपको अतिरिक्त ध्यान देना पड़ेगा। दूसरों के मामले में हस्तक्षेप न करें। आपका बहुमूल्य समय अनावश्यक कार्यों में व्यर्थ हो सकता है। मौसम परिवर्तन के कारण वायरल और दर्द-बुखार की समस्या हो सकती है। अहंकार के कारण पुराने मतभेद दोबारा उभर सकते हैं।

### तुला
आपकी विचारधारा से लोग अलगाव की भावना रख सकते हैं। सामाजिक कार्यक्रम में भाग ले सकते हैं। युवाओं को करियर में अच्छे विकल्प मिल सकते हैं। खराब स्वास्थ्य के कारण बेचैनी महसूस हो सकता है। धन के मामले में आज दिन शुभ दिन रहेगा।

### वृश्चिक
आज आपका मूड बहुत ही अच्छा रहेगा। घर में अधिकाधिक समय बिताने का प्रयास करेंगे। व्यापार में विस्तार करने की योजना बनायेंगे। मनोरञ्जन और भोग-विलास में रुचि लेंगे। परिवार में शुभ मांगलिक आयोजन हो सकते हैं।

### धनु
नौकरीपेशा लोगों को तनाव हो सकता है। परिजनों की भावनाओं का ध्यान रखें। रियल एस्टेट से जुड़े लोगों को निवेश करते समय सावधानी रखनी चाहिये। क्रोध के कारण आपके काम बिगड़ सकते हैं। छात्रों को पढ़ाई में असुविधा होगी।

### कर्क
यात्राओं के माध्यम से लाभ होगा। आज आपको मेहनत बहुत अधिक करनी पड़ेगी। आय के नये विकल्प निर्मित हो सकते हैं। छोटे-मोटे कार्य निपटाने के लिये दिन बहुत अच्छा है। व्यवसाय में आपकी स्थिति मजबूत रहेगी। छात्रों को शिक्षा में उत्तम परिणाम मिलेंगे।

### सिंह
जो लोग आपका विरोध करते थे वे भी आपके अनुकूल होते प्रतीत होंगे। धर्म-कर्म के प्रति आस्थावान रहेंगे। मधुमेह से पीड़ित जातकों को सेहत का ध्यान रखना चाहिये। परिवार में आपका प्रभाव बढ़ेगा। दिनचर्या थोड़ी अस्त-व्यस्त रहेगी। नौकरीपेशा लोगों की आय बढ़ सकती है।

### कन्या
आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। वैवाहिक जीवन को आज पर्याप्त समय नहीं दे पायेंगे। गरिष्ठ भोजन का सेवन न करें। अन्यथा पाचन खराब हो सकता है। घर में शुभ प्रसंग हो सकते हैं। व्यावसायिक साझेदारों के प्रति विश्वास में कमी हो सकती है।

### मकर
कार्यक्षेत्र में आपके प्रदर्शन की सराहना होगी। किसी उत्सव को लेकर यात्रा कर सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सरकारी कार्यों की उलझनें दूर होंगी। अपनी मेहनत और योग्यता पर विश्वास रखें। आपके अच्छे कार्यों की प्रशंसा होगी।

### कुंभ
आपको दूसरों के प्रभाव में नहीं रहना चाहिये। महत्वपूर्ण वस्तुओं के गुम होने की सम्भावना है। धन को लेकर थोड़ी समस्या होगी। मित्रों के साथ वैचारिक मतभेद होने की सम्भावना है। गैस और एसिडिटी से बचने के लिये दिनचर्या और खानपान में संयम रखें।

### मीन
आज पुराने मित्रों से मिलना हो सकता है। विपरीत परिस्थितियों पर नियन्त्रण पा लेंगे। किसी परिजन या रिश्तेदार के विवाह की तैयारी हो सकती है। बच्चों की संगति और व्यवहार पर ध्यान दें। नयी परियोजनाओं में निवेश कर सकते हैं। आपकी सामाजिक स्थिति में सुधार होगा। आज आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com



### मंत्री दीपिका ने अबुआ आवास योजना में धीमी प्रगति पर जताई नाराज़गी

# लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी, ज़िम्मेदारों पर होगी कार्रवाई : मंत्री दीपिका पांडेय

- योजना का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों को समय पर और पूरी पारदर्शिता के साथ मिले
- मंत्री ने विशेष रूप से जियो टैगिंग के बाद किस्तों के भुगतान में हो रही देरी को घोर लापरवाही करार दिया



निज संवाददाता | गोड्डा

गोड्डा जिले सहित झारखंड के अन्य क्षेत्रों में अबुआ आवास योजना के अंतर्गत आवास निर्माण कार्य की धीमी रफ्तार और सरकारी तंत्र की उदासीनता पर झारखंड सरकार की ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कड़ी नाराज़गी जताई है। उन्होंने यह साफ शब्दों में कहा है कि यह योजना केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि राज्य के लाखों गरीब और वंचित परिवारों के जीवन में सम्मान, सुरक्षा और स्थायित्व का प्रतीक है। ऐसे में इसकी प्रगति में किसी प्रकार की लापरवाही न तो बर्दाश्त की जाएगी और न ही नजरअंदाज किया जाएगा। मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने हाल ही में आयोजित एक समीक्षा बैठक के दौरान योजना के क्रियान्वयन की स्थिति पर गहरी चिंता प्रकट करते हुए कहा कि वित्तीय वर्ष 2023-24 और 2024-25 के दौरान जितने आवास पूर्ण होने चाहिए थे, उनकी संख्या बेहद कम है, जो कि राज्य सरकार की मंशा और जनता की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरता।

उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि संबंधित अधिकारी और कर्मचारी यदि अपनी जिम्मेदारियों का सही ढंग से निर्वहन नहीं करते हैं, तो उनके विरुद्ध कठोर प्रशासनिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मंत्री ने विशेष रूप से जियो टैगिंग के बाद किस्तों के भुगतान में हो रही देरी को घोर लापरवाही करार दिया। उन्होंने कहा कि जब एक लाभुक अपने बनते हुए घर की तस्वीरें समय पर अपलोड करता है, तब विभाग की यह जिम्मेदारी बनती है कि 10 दिनों के भीतर उसकी किस्त की राशि उसके बैंक खाते में पहुंच जाए। परंतु कई मामलों में यह देखा गया है कि न तो समय पर सत्यापन हो रहा है और न ही भुगतान, जिससे गरीब लाभुकों को मानसिक और आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मंत्री ने निर्देश दिया कि यदि जियो टैगिंग के सात दिनों के भीतर स्थल सत्यापन नहीं किया गया, तो संबंधित कर्मियों से स्पष्टीकरण मांगा जाएगा और अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार अबुआ आवास योजना के अंतर्गत पारदर्शिता और जवाबदेही को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। योजना का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों को समय पर और पूरी पारदर्शिता के साथ मिले, यह सुनिश्चित करना प्रत्येक अधिकारी और कर्मी की अनिवार्य जिम्मेदारी है। उन्होंने यह भी बताया कि अब लाभुकों को अपने आवास का जियो टैगिंग स्वयं करने की सुविधा दी गई है, जिससे प्रक्रिया अधिक सरल और सुलभ हो गई है। मंत्री ने सभी जिलों के उपायुक्तों और जिला योजना कार्यान्वयन इकाइयों को निर्देश दिया है कि योजना की राशि को जियो टैगिंग के सत्यापन के बाद लाभुकों के खाते में तुरंत हस्तांतरित किया जाए।

इसके लिए हर स्तर पर निगरानी मजबूत की जाएगी और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या लापरवाही पाए जाने पर "जीरो टॉलरेंस" की नीति के तहत कार्रवाई की जाएगी। मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने यह भी स्पष्ट किया कि सरकार ने 15 जून 2025 तक 1 लाख आवास पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके अलावा, वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्वीकृत सभी लंबित आवासों को आगामी छह महीनों के भीतर हर हाल में पूर्ण कराने के निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि योजना की गति और गुणवत्ता दोनों सुनिश्चित करने के लिए जिन पदों पर नियुक्तियां लंबित हैं, उन्हें शीघ्र भरा जाए। उन्होंने यह दोहराया कि अबुआ आवास योजना केवल घर बनाने की योजना नहीं है, बल्कि यह झारखंड सरकार की उस सोच का हिस्सा है, जिसमें राज्य के सबसे अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को भी सम्मान से जीने का अधिकार दिया जाए। यह उनके जीवन में आत्मनिर्भरता, सुरक्षा और सामाजिक सम्मान की नींव है। उन्होंने कहा कि जब एक गरीब परिवार के सिर पर छत होती है, तभी असली विकास की तस्वीर उभरती है और यही इस योजना का मूल उद्देश्य है। मंत्री ने अंत में यह भी कहा कि आने वाले समय में अबुआ आवास योजना के अंतर्गत गृह प्रवेश कार्यक्रमों का जिलावार आयोजन किया जाएगा, ताकि लाभुकों को सामाजिक रूप से भी यह महसूस हो कि राज्य सरकार उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध है। गोड्डा समेत पूरे झारखंड में अबुआ आवास योजना को गति देने के लिए जो सख्ती दिखाई गई है, वह आने वाले दिनों में निश्चित रूप से बेहतर परिणाम लेकर आएगी।

# बेसहारा और असहाय बच्चों को पहचान व अधिकार दिलाने हेतु साथी अभियान तेज

निज संवाददाता | गोड्डा



गोड्डा जिले में झारखंड विधिक सेवा प्राधिकरण, रांची के निर्देश पर और राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा प्रारंभ किए गए 'साथी अभियान' को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए जिला स्तर पर विशेष पहल की जा रही है। यह अभियान विशेष रूप से उन बच्चों को मुख्यधारा में लाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है जो बेसहारा, असहाय हैं और जिनके पास पहचान का कोई वैध दस्तावेज नहीं है। साथी अभियान का मुख्य उद्देश्य इन बच्चों को कानूनी पहचान देना, उन्हें सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराना और उनका भविष्य सुरक्षित करना है। इस दिशा में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गोड्डा के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रमेश कुमार के मार्गदर्शन और प्राधिकरण के सचिव दीपक कुमार के नेतृत्व में अभियान की रणनीति तैयार की गई है। इसी क्रम में व्यवहार न्यायालय परिसर स्थित लाइब्रेरी हॉल में एक दिवसीय 'आइडेंटिटी एंड डिग्निटी उन्मुखीकरण कार्यशाला' का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्घाटन दीप प्रज्वलन कर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रमेश कुमार, सचिव दीपक कुमार, बाल संरक्षण पदाधिकारी सह विधि पदाधिकारी राजेश कुमार और एलएडीसी प्रमुख संजय कुमार सहाय ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रमेश कुमार ने कहा कि जिन बच्चों का कोई साथी नहीं है, उन्हें सामाजिक जीवन में पहचान दिलाना बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि उनका आधार कार्ड बनवाना और उनकी पहचान सुनिश्चित करना ही इस अभियान का सबसे बड़ा उद्देश्य है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह कार्य सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में किया जा रहा है और इसकी सफलता सभी विभागों और समाज के सहयोग से ही संभव है। प्राधिकरण के सचिव दीपक कुमार ने जानकारी दी कि यह अभियान 26 मई से 26 जून 2025 तक एक माह तक चलेगा। इस दौरान जिले भर के उन बच्चों की पहचान की जाएगी जो निराश्रित, बेसहारा या असहाय हैं और किसी भी तरह की सरकारी सुविधा से वंचित हैं। ऐसे बच्चों का आधार पंजीकरण, शैक्षणिक और स्वास्थ्य सुविधा से जुड़ाव, सुरक्षा और सरकारी लाभकारी योजनाओं से समेकन सुनिश्चित किया जाएगा। अभियान के प्रभावी संचालन हेतु एक साथी जिला समिति का गठन भी किया गया है, जिसमें डालसा सचिव दीपक कुमार को अध्यक्ष बनाया गया है। इस समिति में महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आधार पंजीयन पदाधिकारी, बालगृहों के प्रतिनिधि, अधिवक्ता और पीएलवी को भी शामिल किया गया है। कार्यशाला में उपस्थित सभी सदस्यों को उनकी भूमिका, जिम्मेदारियों और कार्य प्रणाली से अवगत कराया गया ताकि अभियान का कार्य सुव्यवस्थित तरीके से आगे बढ़ाया जा सके। उन्मुखीकरण कार्यक्रम में यह भी तय किया गया कि साथी अभियान का प्रचार-प्रसार प्रखंड और पंचायत स्तर पर किया जाएगा, ताकि कोई भी बच्चा इस अभियान से वंचित न रह जाए। सामाजिक स्तर पर भी लोगों को इसके प्रति जागरूक किया जाएगा ताकि यह कार्य सिर्फ एक सरकारी प्रक्रिया बनकर न रह जाए, बल्कि समाज के हर व्यक्ति की नैतिक जिम्मेदारी का हिस्सा बने। यह अभियान न केवल इन बच्चों को एक कानूनी पहचान प्रदान करेगा बल्कि उन्हें एक गरिमापूर्ण जीवन जीने का अवसर भी देगा। उनके शिक्षा, पोषण, स्वास्थ्य और संरक्षा से जुड़ी समस्याओं को दूर करने में यह अभियान मील का पत्थर साबित हो सकता है।

# प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रमेश कुमार ने किया मंडल कारा का औचक निरीक्षण

निज संवाददाता | गोड्डा



गोड्डा जिले के मंडल कारा में गुरुवार को एक अहम कदम के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रमेश कुमार तथा सचिव दीपक कुमार ने औचक निरीक्षण किया। यह निरीक्षण बंदियों की स्थिति, उनके अधिकारों की रक्षा और जेल में दी जा रही मूलभूत सुविधाओं के आकलन के उद्देश्य से किया गया। निरीक्षण के दौरान न्यायालय की टीम ने जेल परिसर का गहन अवलोकन किया और बंदियों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं और जरूरतों की जानकारी ली। इस विशेष निरीक्षण के तहत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने मंडल कारा के विभिन्न वार्डों, चिकित्सालय, भोजनालय और साफ-सफाई की व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने भोजन, पेयजल, वस्त्र, स्वास्थ्य सेवाएं, चिकित्सा सुविधा, सुरक्षा और सबसे महत्वपूर्ण – निःशुल्क विधिक सहायता की उपलब्धता पर विशेष जोर दिया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने स्पष्ट किया कि जेल में रह रहे बंदियों को भी संविधान के तहत मानवाधिकार और कानूनी अधिकार प्राप्त हैं, जिन्हें हर हाल में सुनिश्चित किया जाना चाहिए। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रमेश कुमार ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा बंदियों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं और यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि उनका लाभ हर योग्य बंदी को मिले। उन्होंने जेल प्रशासन को निर्देश दिया कि किसी भी बंदी को महज लाचारी, अज्ञानता या आर्थिक तंगी के कारण न्याय से वंचित नहीं रहने दिया जाए। उन्होंने कहा कि यह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की प्राथमिक जिम्मेदारी है कि वह हर बंदी को उनकी स्थिति और अधिकारों की जानकारी दे तथा समय-समय पर कानूनी सहायता भी मुहैया कराए। निरीक्षण के दौरान कई विचाराधीन बंदियों ने भी अपनी लाचारी और समस्याओं से न्यायिक पदाधिकारियों को अवगत कराया। जिनमें नंदलाल मंडल, रौशन कुमार साह, अविनाश यादव, मो० जफीर, शेख जलवा, परमहंस रविदास प्रमुख रूप से शामिल थे। इन बंदियों ने न्यायिक टीम को बताया कि किस प्रकार वे आर्थिक तंगी, परिवार की दूरी और कानूनी जानकारी के अभाव में न्याय की प्रक्रिया में पिछड़ रहे हैं। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने उन्हें आश्वस्त किया कि उनके मामलों की विधिक सहायता अधिवक्ताओं (एलएडीसी) के माध्यम से समुचित पैरवी करवाई जाएगी।

### योग प्रतियोगिता में गोड्डा के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

गोड्डा (नि.सं.)। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार एवं राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, नई दिल्ली द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगमय झारखंड कार्यक्रम के राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में गोड्डा के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते अंडर 17 बालक वर्ग की टीम स्पर्धा में साहिल कुमार, आशीष कुमार, हिमांशु राज और कर्ण कुमार ने सिल्वर मेडल जीत कर राज्य में दूसरा स्थान प्राप्त कर गोड्डा जिला का नाम रोशन किया है। उक्त प्रतियोगिता रांची के खेलगांव में आयोजित हुई थी। खिलाड़ियों के साथ गए प्रशिक्षक अमर कुमार रजक और संगीता टुडू ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर खुशी जाहिर की है। खिलाड़ियों के इस शानदार उपलब्धि पर शारीरिक शिक्षा शिक्षको अजय कुमार राय, धर्मेंद्र प्रसाद साह, महानंद यादव, अनंत कुमार यादव, नीरज कुमार सिंह, सुशील कुमार सिंह, हर्षवर्धन कुमार साहब, सनी भारती, संजीव रंजन, संतोष शर्मा, प्रशांत सिंह, नीरज कुमार, राजेश कुमार यादव, नीरज कुमार सिंह, किशोर कुमार ठाकुर, अंजर अहमद, जहीर आलम, जहीर अब्बास, संजीव तिवारी, अतुल राय, बच्चन सिंह, ललन कुमार, सुशील दास, विनय महतो ने बधाई दी है।

# क्रशर प्लांट में करंट लगने से टैंकर चालक की मौत

निज संवाददाता | हरिहरगंज



हरिहरगंज अनुमंडल क्षेत्र के पीपरा थाना अंतर्गत घासीखाप स्थित एमवीएस क्रशर प्लांट में एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जिसने पूरे इलाके को शोक और आक्रोश से भर दिया। बुधवार देर शाम डीजल जनरेटर में डीजल डालने के दौरान करंट लगने से 35 वर्षीय एक टैंकर चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान छतरपुर थाना क्षेत्र के दिनादाग गांव निवासी राजेंद्र यादव, पिता सीताराम यादव के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि राजेंद्र एमवीएस क्रशर प्लांट में मिनी डीजल टैंकर चलाता था और नियमित रूप से डीजी जेनरेटर में डीजल भरने का कार्य करता था। हादसा उस वक्त हुआ जब राजेंद्र प्लांट के भीतर ही डीजल डालने के क्रम में डीजी जेनरेटर से अचानक करंट की चपेट में आ गया। स्थानीय कर्मचारियों और परिजनों ने तत्परता दिखाते हुए उसे आनन-फानन में इलाज के लिए छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल ले जाने की कोशिश की, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। घटना की खबर जैसे ही उसके गांव और परिजनों तक पहुँची, पूरे इलाके में मातम पसर गया और परिजन घटनास्थल पर पहुँचकर आक्रोशित हो उठे। राजेंद्र की मौत को लेकर परिजनों का स्पष्ट कहना था कि यह दुर्घटना काम के दौरान हुई है और इसकी जिम्मेदारी सीधे तौर पर प्लांट प्रबंधन की बनती है। ऐसे में उन्होंने शव को प्लांट परिसर में रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया और साफ तौर पर ऐलान कर दिया कि जब तक पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिलेगा, शव को नहीं उठने देंगे। परिजनों ने प्लांट संचालक से 15 लाख रुपये की मुआवजा राशि की माँग रखी, साथ ही मृतक की पत्नी को हर महीने भरण-पोषण भत्ता देने की शर्त भी रखी। इसके अलावा उन्होंने दाह संस्कार के लिए तुरंत नकद राशि की माँग करते हुए कहा कि बिना इन शर्तों के पूरा हुए वे शव को नहीं उठने देंगे। मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल भी पहुँच गया, जिसमें पीपरा थाना पुलिस समेत स्थानीय प्रशासन के अधिकारी मौजूद थे। पुलिस द्वारा प्रदर्शनकारी परिजनों और स्थानीय ग्रामीणों को समझाने-बुझाने का प्रयास किया गया, लेकिन लोग अपने माँगों पर अड़े रहे। भीड़ ने प्लांट मालिक को मौके पर बुलाने की भी माँग की और जब तक उनकी मौजूदगी नहीं हुई, तब तक वे किसी भी तरह की बातचीत के लिए तैयार नहीं हुए। करीब 20 घंटे तक शव वहीं क्रशर प्लांट में रखा रहा। यह समय मृतक के परिजनों और स्थानीय लोगों के लिए असहनीय पीड़ा का रहा, लेकिन वे अपने बेटे, पति और भाई के लिए न्याय की उम्मीद में डटे रहे। अंततः जब क्रशर प्लांट के प्रबंधन की ओर से परिजनों को मुआवजे का आश्वासन दिया गया, तब जाकर शव को उठाया गया। इस दौरान प्रशासन ने भी हस्तक्षेप करते हुए मामले को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाने की कोशिश की। घटना के संबंध में पीपरा थाना पुलिस ने बताया कि शव को अंत्यपरीक्षण के लिए कब्जे में लेकर भेज दिया गया है। पीपरा थाना के एसआई नकुल शर्मा ने जानकारी दी कि पुलिस घटना की पूरी गंभीरता से जाँच कर रही है और मृतक के परिजनों को न्याय दिलाने का प्रयास किया जाएगा। वहीं, जब इस संबंध में क्रशर प्लांट के संचालक अंजनी सिंह से पूछा गया तो उन्होंने घटना पर कोई भी प्रतिक्रिया देने से साफ इनकार कर दिया। यह घटना एक बार फिर यह सवाल खड़ा करती है कि क्या कामगारों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त उपाय किए जा रहे हैं।

# अमृत मिशन के तहत वृक्षारोपण अभियान का पहला चरण शुरू, एक पेड़ मां के नाम को मिला जनसहभागिता का साथ

निज संवाददाता | हरिहरगंज



हरिहरगंज नगर पंचायत क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण को लेकर एक नई पहल की शुरुआत की गई है। अमृत मिशन 2.0 योजना के तहत वृक्षारोपण अभियान के पहले चरण का शुभारंभ गुरुवार को हुआ। इस अभियान का उद्देश्य केवल हरियाली बढ़ाना नहीं, बल्कि इसे एक भावनात्मक पहल के रूप में जोड़कर जनमानस में पर्यावरण के प्रति चेतना जागृत करना है। 'ओमेन फॉर ट्री' कैंपेन के अंतर्गत 'एक पेड़ माँ के नाम' जैसे सन्देश के माध्यम से इस कार्य को विशेष भावनात्मक स्वरूप दिया गया है। नगर विकास एवं आवास विभाग के दिशा-निर्देशों पर आधारित इस अभियान का निरीक्षण स्वयं नगर पंचायत के सिटी मैनेजर नजीबुल्लाह अंसारी, कनीय अभियंता नीरज कुमार गुप्ता, कुलदीप कुमार एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इन सभी लोगों ने चिन्हित स्थलों का दौरा कर आवश्यक तैयारियों का जायजा लिया और पौधारोपण की संभावनाओं को परखा।

इस वृक्षारोपण अभियान की खास बात यह है कि इसे महिलाओं की भागीदारी से जोड़ा गया है। नगर पंचायत के तहत गठित स्वयं सहायता समूह की महिलाएं सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। महिलाओं ने अपने स्तर पर स्थल निरीक्षण शुरू कर दिया है, ताकि आगामी चरणों में वृक्षारोपण पूरी योजना के साथ प्रभावशाली ढंग से संपन्न हो सके। गुरुवार को जिन प्रमुख स्थलों का निरीक्षण किया गया, उनमें ब्लॉक परिसर, सीता प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर, सीता प्लस टू उच्च विद्यालय का मैदान, बालिका उच्च विद्यालय परिसर, मिडिल स्कूल परिसर एवं संबंधित विद्यालयों के मैदान शामिल हैं। इन सभी स्थलों पर पौधारोपण के लिए उचित स्थान चिह्नित कर लिया गया है और ज़मीन की स्थिति, जल स्रोत और सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए योजना बनाई जा रही है। निरीक्षण टीम में सिटी मैनेजर के साथ-साथ सीओ विचित्रा कुमारी, सीआरपी साहदा अंजुम, लालमनी कुमारी, रिशु कुमारी और अन्य स्थानीय पदाधिकारी भी मौजूद रहे। इन सभी ने मिलकर अभियान को सफल बनाने की रणनीति पर चर्चा की और तय किया कि यह अभियान सिर्फ औपचारिकता न रह जाए, बल्कि इसके माध्यम से नगर पंचायत क्षेत्र में स्थायी हरियाली स्थापित हो।

### असामाजिक तत्वों ने शिलान्यास पट्ट को तोड़ा

गोड्डा/ मेहरमा(नि.सं.)। प्रखंड अंतर्गत ग्राम बुद्धासन में मुख्य मार्ग से उच्च विद्यालय तक तथा पंचवटी से गदरिया तालाब तक सड़क का निर्माण कार्य होना है, जिसके लिए शिलान्यास पट्ट भी बनवाया गया था। वहीं शिलापट्ट लगने के ठीक तीसरे दिन ही सुबह को शिलान्यास पट्ट टूटा हुआ पाया गया। सुबह जब ग्रामीण टहलने गए तो उन्होंने पाया कि किसी असामाजिक तत्वों द्वारा सड़क निर्माण कार्य शिलापट्ट तोड़ दिया गया है। जिसके ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना सड़क निर्माण कार्य से जुड़े संबंधित अधिकारियों एवं लोगों को दी गई। ग्रामीणों ने बताया कि ऐसी घटना समाज को तोड़ने तथा गांव को विकास से दूर रखने के लिए किया जाता है। सभी ग्रामीणों ने इस घटना का विरोध किया। जिसमें मुख्य रूप से उज्ज्वल सिंह, नीरज सिंह, झकसु सिंह, मोहन सिंह, आशीष कुमार, पप्पू यादव, मनीष कुमार सिंह एवं अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

# हरिहरगंज में की गई फर्जी चिकित्सालय की जांच

निज संवाददाता | हरिहरगंज



हरिहरगंज शहर में स्वास्थ्य सेवा के नाम पर चल रहे फर्जी चिकित्सालयों पर प्रशासन ने सख्ती दिखानी शुरू कर दी है। गुरुवार को विभागीय निर्देश के आलोक में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. गोपाल प्रसाद और पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार की संयुक्त टीम ने विभिन्न निजी क्लिनिकों की जांच की। इस जांच में कई चौंकाने वाली अनियमितताएं सामने आईं, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि शहर में कई ऐसे चिकित्सालय संचालित हो रहे हैं, जिनके पास न तो वैध कागजात हैं और न ही स्वास्थ्य सेवा देने का अधिकृत अधिकार। जांच टीम सबसे पहले शहर के आदर्श क्लिनिक, स्वास्तिक क्लिनिक, डॉ. मजहर हुसैन के क्लिनिक और आनंद क्लिनिक पहुंची। यहां जांच के दौरान कई मरीज भर्ती मिले, जिनमें खासकर आनंद क्लिनिक में बच्चेदानी का ऑपरेशन कराए हुए महिलाएं इलाजरत पाई गईं। यह स्थिति तब और गंभीर हो गई, जब क्लिनिक के संचालक डॉ. विरेन्द्र कुमार सिंह द्वारा टीम को किसी भी प्रकार के वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किए गए।

वहीं डॉ. मजहर हुसैन ने भी यह स्वीकार किया कि उनके पास न तो रजिस्ट्रेशन है और न ही कोई मान्यता प्राप्त दस्तावेज। इस बात ने चिकित्सा प्रशासन को चौंका दिया, क्योंकि बिना अनुमति के इस तरह मरीजों का इलाज किया जाना न केवल अवैध है, बल्कि मरीजों की जान के साथ भी खिलवाड़ है। जांच के दौरान यह भी देखा गया कि कई क्लिनिकों में मरीज तो भर्ती थे, लेकिन डॉक्टर नदारद मिले। इससे यह संदेह और गहराता गया कि ऐसे संस्थान केवल व्यावसायिक लाभ के उद्देश्य से मरीजों का शोषण कर रहे हैं और उन्हें स्वास्थ्य सुविधा के नाम पर गंभीर जोखिम में डाल रहे हैं।

# अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर गरगा नदी की सफाई और पौधरोपण



निज संवाददाता | बोकारो

अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस प्रकृति के साथ सामंजस्य और सतत विकास विषय के अंतर्गत मनाया जाता है। बीएसएल और जिला गरगा समिति के सौजन्य से इस वर्ष "प्रकृति के साथ सामंजस्य और सतत विकास" की थीम पर मुख्य महाप्रबंधक (नगर सेवा) के नेतृत्व और मार्गदर्शन में गरगा नदी की सफाई और पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जैविक विविधता भविष्य की पीढ़ियों के लिए आवश्यक है तथा इसके प्रति सजगता बरतना सभी का कर्तव्य है। कार्यक्रम में नगर सेवा विभाग के महाप्रबंधक (जन स्वास्थ्य) ए के अविनाश की टीम द्वारा गरगा नदी के आस -पास वृहद् साफ- सफाई के साथ-साथ नदी के समीप पौधरोपण किया गया।

# ईसीएल राजमहल ऐरिया अंतर्गत निर्माण कार्यों का श्रम अधीक्षक ने किया निरीक्षण

निज संवाददाता | गोड्डा/ महागामा

श्रम अधीक्षक द्वारा गुरुवार को प्रखण्ड अवस्थित ईसीएल राजमहल ऐरिया अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में यह पाया गया कि ईसीएल द्वारा विभिन्न संवेदकों से निर्मित कराये जा रहे भवन एवं अन्य सन्निर्माण कार्यों के अंतर्गत कुल निर्माण लागत का 1% श्रम उपकर का भुगतान बीओसी बोर्ड के खाते में नहीं किया जा रहा है। श्रम अधीक्षक द्वारा ईसीएल को पत्र प्रेषित कर निदेश दिया गया कि वर्ष 2000 के उपरांत निर्माण कार्यों की सूची उपलब्ध कराते हुए उक्त कार्य में कुल निर्माण लागत का 1% श्रम उपकर की राशि बीओसी बोर्ड के नेपाल हाउस स्थित खाते में जमा करें। उक्त निदेश के आलोक में ईसीएल के द्वारा वर्ष 2020 से अब तक निर्मित कराये जा रहे विभिन्न कार्यों के कुल लागत का 1% श्रम उपकर की राशि 2,14,88,562.90 (दो करोड़ चौदह लाख अटठासी हजार पाँच सौ बासठ रूपये नब्बे पैसे) का भुगतान "भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण निधि" नाम से भारतीय स्टेट बैंक, नेपाल हाउस डोरण्डा, राँची में संधारित खाता संख्या 30613895935, IFSC Code SBIN0004432 में जमा करते हुए सूचित किया गया है। वहीं श्रम अधीक्षक के द्वारा जानकारी दी गयी है कि भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण उपकर निधि अधिनियम 1996 के अंतर्गत किसी भी सरकारी अथवा निजी निर्माण कार्यों के कुल लागत का 1% श्रम उपकर जमा करते हुए लागत का निर्धारण श्रम अधीक्षक-सह-उपकर निर्धारण पदाधिकारी से कराना अनिवार्य है। निर्माण कार्य समाप्ति के उपरांत उपकर जमा नही किये जाने की स्थिति में व्याज के साथ उपकर की राशि वसूली करने का प्रावधान है।

# डायरेक्टर-इन-चार्ज ट्रॉफी के विजेताओं को किया गया सम्मानित

निज संवाददाता | बोकारो



बीएसएल द्वारा आयोजित 'डायरेक्टर-इन-चार्ज ट्रॉफी फॉर यंग मैनेजर्स – 2024-25' प्रतियोगिता के विजेताओं के सम्मान में एक समारोह का आयोजन बोकारो निवास में किया गया। कार्यक्रम में बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी बी.के. तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया और उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन, प्रतिबद्धता एवं टीम भावना की सराहना की। इस अवसर पर अधिशासी निदेशक (संकार्य) सी.आर. महापात्रा, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) सुराजबनर्जी, अधिशासी निदेशक (माइंस) विकास मनवटी, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) सी.आर. मिश्रा, अधिशासी निदेशक (परियोजना) अनीश सेनगुप्ता, प्रभारी–बोकारो जनरल हॉस्पिटल डॉ. बी.बी. करुणामय, मुख्य महाप्रबंधक (तकनीकी) एल दास तथा मुख्य महाप्रबंधक (एचआर-एलएंडडी) सुनीता बा समेत कई वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि बी.के. तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि युवा प्रबंधक किसी भी संगठन की रीढ़ होते हैं। वे जटिल परिस्थितियों में नवाचारी सोच और प्रभावी निर्णय लेने की क्षमता रखते हैं तथा संगठन के भविष्य के नेतृत्व की आधारशिला बनते हैं। उन्होंने युवा प्रबंधकों को निरंतर सीखने और संगठन की प्रगति में सक्रिय भागीदारी निभाने हेतु प्रेरित किया। अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी प्रतिभागियों को बधाई दी और रणनीतिक सोच तथा व्यावसायिक दक्षताओं को लगातार विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उल्लेखनीय है कि 'डायरेक्टर-इन-चार्ज ट्रॉफी फॉर यंग मैनेजर्स–2024-25' प्रतियोगिता का आयोजन विगत 30 और 31 जनवरी 2025 को बोकारो स्टील प्लांट के लर्निंग एंड डेवलपमेंट सेंटर में किया गया था, इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम में सहायक महाप्रबंधक (मानव संसाधन) सुशिप्रा एन. हेमरोम, वरीय प्रबंधक (इलेक्ट्रिकल एवं टेली कम्युनिकेशन) वाई.एस.एन. रेड्डी तथा उप प्रबंधक (फायर सर्विसेज) अनिरुद्ध डी. रामटेके शामिल थे। यह टीम बोकारो स्टील प्लांट का प्रतिनिधित्व आगामी 'चेयरमैन ट्रॉफी फॉर यंग मैनेजर्स – 2024-25' प्रतियोगिता में करेगी, जिसका आयोजन मैनेजमेंट ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट (एमटीआई), रांची में किया जाएगा। प्रथम रनर-अप टीम में सहायक महाप्रबंधक (सी एंड आईटी) चंदन कुमार, प्रबंधक (मार्केटिंग) तनु प्रिया और प्रबंधक (सीटीएस) ।जी. स्नेहा राजू शामिल थे। वहीं, द्वितीय रनर-अप टीम में प्रबंधक (आरसीएल) शुभम, प्रबंधक (जीयू) अमन कुमार मिश्रा और सहायक प्रबंधक (जीयू) मनीष स्नेही सम्मिलित थे। कार्यक्रम का संचालन सहायक महाप्रबंधक (एचआर-एलएंडडी) अमित आनंद द्वारा किया गया।

# यूपी में ताबड़तोड़ छापेमारी में कई को उठाया

## डिजिटल अरेस्ट कर लाखों लूटने वाले 4 पकड़े



**मेरठ, एजेंसी।** हरियाणा के फरीदाबाद में एक कारोबारी को डिजिटल अरेस्ट कर 77 लाख रुपये वसूलने वाले चार आरोपियों को फरीदाबाद साइबर थाना एनआईटी ने गिरफ्तार किया है। तीन आरोपियों को हरियाणा और पंजाब से गिरफ्तार किया है, जबकि चौथा आरोपी मेरठ का स्पोर्ट्स कारोबारी है, जिसे बुधवार शाम को उठाया गया है। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों का पांच दिन का रिमांड भी लिया है और पूछताछ की जा रही है। फरीदाबाद के नालंदा अपार्टमेंट निवासी राजेन्द्र शर्मा के पास 22 अप्रैल को एक व्हाट्सएप वीडियो कॉल आया था।

बताया जा रहा है कि कॉल करने वाला युवक पुलिस की वर्दी में था। उसने राजेंद्र शर्मा को बताया कि वह मुंबई पुलिस से है। राजेंद्र शर्मा के आधार कार्ड का इस्तेमाल कर कैनरा बैंक में अकाउंट खुलवाया गया है और जेट एयरवेज के मालिक से की गई धोखाधड़ी की रकम इसी खाते में डलवाई गई थी। मुकदमा दर्ज किया गया था और इस मामले में राजेंद्र दास का वारंट जारी हुआ है। इस मामले को निपटाने के लिए राजेंद्र शर्मा को धमकाया गया।

राजेंद्र शर्मा ने 77 लाख रुपये आरोपियों के बताए खाते में ट्रांसफर कर दिए थे। बाद में राजेंद्र शर्मा ने एक मुकदमा ऑनलाइन दर्ज कराया था। बुधवार को टीम ने इसी मामले में केशव निवासी अग्रवाल कालोनी कैथल हरियाणा, सुरेंद्र निवासी गांव घौला जींद और 48 वर्षीय प्रवेश निवासी अशोक कालोनी कैथल को जिरकपुर पंजाब से गिरफ्तार किया है।

### मेरठ में ताबड़तोड़ छापे कई को उठाया

फरीदाबाद साइबर क्राइम एनआईटी थाना पुलिस की टीम ने बुधवार को मेरठ में अलग अलग जगहों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की। व्यापारी अंकित सोम के अलावा भी चार लोगों को उठाया गया है। इन सभी के खातों में हरियाणा के व्यक्ति को डिजिटल अरेस्ट कर हड़पी गई रकम आई थी। इसी को लेकर सभी आरोपियों को उठाकर पूछताछ की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### हिमाचल प्रदेश में अफ्रीकी स्वाइन फ्लू का खतरा, सूअरों की खरीद-बिक्री पर प्रतिबंध

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के पशुपालन विभाग ने राज्य में स्वाइन फ्लू के मामले सामने आने के बाद सूअरों की खरीद-बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। हाल ही में बिलासपुर के झंडूता



उपमंडल की कोलका पंचायत में अफ्रीकी स्वाइन फ्लू से संक्रमण का मामला सामने आने के बाद ये आदेश जारी किए गए। इस संक्रमण के कारण एक सूअर पालन केंद्र में 36 सूअरों की मौत हो गई थी जबकि चार को विभाग ने नियमानुसार मार दिया था। पशुपालन विभाग ने सूअर पालन केंद्र को खाली कराकर सैनिटाइजेशन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अधिकारी ने बताया कि पशु औषधालय दसलेहरा के अंतर्गत आने वाले इस फार्म में कुल 40 सूअर पाले गए थे।

### केंद्रीय मंत्री आठवले ने पीओके को वापस लेने के लिए निर्णायक लड़ाई का आह्वान किया

**मुंबई, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने सरकार से पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को वापस लेने के लिए निर्णायक लड़ाई शुरू करने की बुधवार को मांग की और इस बात पर बल दिया कि कूटनीतिक प्रयासों से अपेक्षित परिणाम नहीं मिले हैं। उन्होंने कहा कि पीओके को भारतीय नियंत्रण में वापस लाया जाना चाहिए।



आठवले ने कहा कि सात मई को 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू करने के बाद पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई को रोकना एक सही कदम नहीं था। उन्होंने कहा, ''सैन्य कार्रवाई को रोकना अच्छी बात नहीं थी। आतंकवादियों के खिलाफ भारत सरकार की कार्रवाई बंद नहीं हुई है। हमारे रक्षा बल आतंकवादियों के खिलाफ लड़ रहे हैं। हम आतंकवाद के खिलाफ अपनी लड़ाई जारी रखेंगे।'' भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सहयोगी 'रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया' (आठवले) के प्रमुख ने 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम शहर में हुए आतंकवादी हमले के बाद मोदी सरकार की त्वरित जवाबी कार्रवाई की प्रशंसा की।

### दुष्कर्म के मामलों में तीन दोषियों को 20-20 साल की कैद और जुर्माने की सजा

**बहराइच, एजेंसी।** बहराइच और श्रावस्ती जिलों की विशेष अदालतों ने दुष्कर्म के अलग-अलग मामलों में आरोपी तीन लोगों को दोषी करार देते हुए उन्हें 20-20 साल के कठोर कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई है। बहराइच जिले में विशेष जिला शासकीय अधिवक्ता (पाक्सो अधिनियम) संत प्रताप सिंह ने बृहस्पतिवार को पीटीआई- को बताया कि 19 जनवरी 2018 को कैसरगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की 14 वर्षीय बालिका को लाले उर्फ राकेश यादव तथा कल्लू उर्फ रामराज यादव बहला फुसलाकर ले गए और कई दिनों तक उसके साथ दुष्कर्म किया।

उन्होंने बताया कि बुधवार को विशेष अपर सत्र न्यायाधीश (पाक्सो) दीप कांत मणि की अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद लाले व कल्लू को 20-20 साल की कैद और 60-60 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। उधर, श्रावस्ती जिले में ऐसे ही एक मामले में पांच वर्ष पूर्व 15 वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म करने के एक आरोपी को दोषी ठहराते हुए पाक्सो अदालत ने बुधवार को 20 साल कैद व 50 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई। ि

# राजस्थान में राजपूत बनाम जाट कर रहे हैं हनुमान बेनीवाल

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान के नागौर से सांसद हनुमान बेनीवाल इन दिनों खूब चर्चा में हैं। वजह है राजपूतों को लेकर उनकी आपत्तिजनक टिप्पणियां। पहले राजपूतों को लेकर बेटी वाली टिप्पणी और अब जाटों को सबसे बड़ा क्षत्रिय बताने वाले उनके बयानों के पीछे छिपी राजनीतिक वजहों की तलाश की जा रही है।

सांसद हनुमान बेनीवाल का एक नया वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें सांसद बेनीवाल ये कहते नजर आ रहे है कि हिंदुस्तान में जाट सबसे बड़ा क्षत्रिय है, उसके बाद यादव, फिर गुर्जर हैं। इसके बाद पटेल, पाटिल और मराठे आते हैं, फिर तुम्हारा (राजपूतों का) नंबर आता है। यही नहीं, उन्होंने यह भी कहा कि जो लड़ा है वो क्षत्रिय है, क्षत्रिय कोई शब्द नहीं, वर्ण है राजस्थान की राजनीति में जातीय ध्रुवीकरण कोई नई बात नहीं, लेकिन हाल ही में



नागौर सांसद और आरएलपी प्रमुख हनुमान बेनीवाल के एक बयान से समुदाय में हलचल सी पैदा हो गई है।

यह बयान सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, और इसके बाद राजपूत समाज में तीव्र आक्रोश देखने को मिला। राजपूत नेताओं और संगठनों ने इसे न सिर्फ एक जाति पर हमला, बल्कि संपूर्ण वीर जातियों का अपमान बताया। मारवाड़ राजपूत सभा भवन के सचिव केवी सिंह चांदरख ने इसे बेनीवाल की राजनीतिक हताशा का परिणाम बताया और चेतावनी दी कि सर्व समाज की बैठक बुलाकर आगे की रणनीति तय की जाएगी। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि बेनीवाल का यह बयान यूं ही नहीं आया। यह 2028 के विधानसभा चुनावों के लिए एक जातीय समीकरण गढ़ने की कोशिश का हिस्सा हो सकता है। जाट, यादव, गुर्जर, पटेल, पाटिल और मराठा—ये सभी सामाजिक रूप से प्रभावशाली जातियां हैं और विभिन्न क्षेत्रों में निर्णायक वोटबैंक भी मानी जाती हैं। बेनीवाल इन जातियों को एक बहुजन क्षत्रिय फ्रेम में जोड़कर गैर-भाजपा, गैर-कांग्रेस ध्रुवीकरण की रणनीति बना रहे हैं। हालांकि यह दांव उल्टा भी पड़ सकता है। राजस्थान में जाट और राजपूत दोनों ही समुदाय ऐतिहासिक रूप से ताकतवर रहे हैं और कई बार एक-दूसरे के विरोध में आ खड़े हुए हैं। इस बयान से राजपूत समुदाय में गहरी नाराजगी फैलना स्वाभाविक है, लेकिन इसके साथ ही यह राज्य के सामाजिक सौहार्द्र पर भी चोट करता है। कई राजपूत नेताओं ने इसे वीरभूमि का अपमान बताया है। शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी ने कहा कि जनता पहले भी ऐसे बयानों का जवाब दे चुकी है और आगे भी देगी।

# धुले जिले के दौरान महाराष्ट्र विधानमंडल की समिति को रिश्वत देने का प्रयास हुआ: संजय राउत




**मुंबई, एजेंसी।** शिवसेना (उबाठा) के सांसद संजय राउत ने दावा किया है कि उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने धुले जिले के दौरे के दौरान राज्य विधानमंडल की प्राक्कलन समिति को 'रिश्वत' देने की कोशिश को नाकाम कर दिया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

राउत ने बुधवार रात को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में आरोप लगाया कि धुले शहर में सरकारी अतिथि गृह के एक कमरे में पांच करोड़ रुपये से अधिक की नकदी मिली। राज्यसभा सदस्य ने दावा किया, ''जब विधानमंडल की प्राक्कलन समिति ने आज (बुधवार को) धुले जिले का दौरा किया तब समिति को रिश्वत देने के लिए धुले के सरकारी विश्राम गृह गुलमोहर के कमरा नंबर 102 में लगभग साढ़े पांच करोड़ रुपये रखे गए थे।''

राउत ने कहा कि शिवसेना के पूर्व विधायक अनिल अन्ना गोटे और स्थानीय शिवसेना (उबाठा) नेताओं ने कमरे को बंद कर दिया और बाहर पहरा देने लगे। उन्होंने आरोप लगाया, ''जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो को सूचित करने के बावजूद चार से पांच घंटे बीत गए और कोई नहीं आया... प्रशासन की ओर से कोई सहयोग नहीं मिला। रिश्वत का उद्देश्य विकास कार्यों में भ्रष्टाचार और इसमें अधिकारियों की संलिप्तता को दबाना था।'' राउत ने बताया कि उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुट के विधायक अर्जुन खोतकर समिति के अध्यक्ष हैं। प्राक्कलन समिति को राज्य बजट में किसी विशेष क्षेत्र को आवंटित धन के उपयोग की जांच करने का अधिकार है। इस बीच, धुले के पुलिस अधीक्षक श्रीकांत धीवरे ने संवाददाताओं से कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

# फिर से जांची जाएंगी अंग्रेजी की कॉपियां, हिमाचल बोर्ड का बड़ा फैसला

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड 12वीं कक्षा की अंग्रेजी की उत्तरपुस्तिकाओं का फिर से मूल्यांकन करेगा। बोर्ड ने बुधवार को कहा कि अंकों के संकलन में मानवीय त्रुटि के कारण गलत उत्तर कुंजी अपलोड हो गई थी, जिससे कई छात्रों को कम अंक मिले। हिमाचल प्रदेश बोर्ड का कहना है कि इन कॉपियों की फिर से जांच की जाएगी,



इसमें छात्रों के नंबर घटाए नहीं जाएंगे। यह परीक्षा मूल रूप से आठ मार्च को होनी थी, लेकिन सात मार्च को चंबा जिले के चौरी स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शिक्षकों द्वारा कक्षा दसवीं की जगह गलती से कक्षा बारहवीं का प्रश्नपत्र खोले जाने के कारण इसे रद्द कर 29 मार्च को दोबारा आयोजित किया गया था। बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम शनिवार को घोषित किए गए थे, जिसके बाद कई छात्रों ने अंग्रेजी में कम अंक आने की शिकायत की। यह मामला हिमाचल प्रदेश सरकारी शिक्षक संघ और निजी स्कूल संघों द्वारा उठाया गया, जिसके बाद शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने बोर्ड को मामले की जांच कर उचित कार्रवाई के निर्देश दिए। बोर्ड सचिव विशाल शर्मा ने बताया कि जांच में पाया गया कि मानवीय त्रुटि के कारण रद्द किए गए प्रश्नपत्र की गलत उत्तर कुंजी अपलोड हो गई थी। बोर्ड ने इस त्रुटि को स्वीकार करते हुए कहा कि जिन छात्रों को कम अंक मिले हैं, उनकी कॉपियां फिर से जांची जाएंगी और केवल अंक बढ़ाए जाएंगे, घटाए नहीं जाएंगे। संशोधित परिणाम जल्द जारी किए जाएंगे।

# गहलोत बोले-हम जादूगर हैं, ट्रिक करते हैं...

## डोटासरा को बताया सियासी ट्रिक का हिस्सा!




**जयपुर, एजेंसी।** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय में आयोजित राजीव गांधी पुण्यतिथि कार्यक्रम में अपने राजनीतिक अनुभवों, पार्टी में अपनी भूमिका और कांग्रेस के आंतरिक सियासी समीकरणों पर बेबाक टिप्पणी कर नई सियासी बहस छेड़ दी है। खास बात यह रही कि उन्होंने एक बार फिर अपने 'जादू' वाले अंदाज में सियासी संकेतों की ट्रिक दिखाई - इस बार निशाने पर रहे कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और साल 2020 का पायलट खेमे का बगावती दौर।

गहलोत ने कहा, तीन बार मुख्यमंत्री बनना बड़ी बात है। तीसरी बार तो आप जानते हैं... सरकार बच गई, वह तो चमत्कार ही था। यह तो हाईकमान का आशीर्वाद और आपकी दुआओं से ही संभव हो सका। वरना पांच साल पूरे करने का सवाल ही नहीं था। डोटासरा भी उसी की देन हैं। उनके इस बयान को सीधे तौर पर 2020 में सचिन पायलट खेमे की बगावत और उसके बाद बने सियासी हालात से जोड़कर देखा जा रहा है, जब पायलट को डिप्टी सीएम और प्रदेशाध्यक्ष पद से हटाकर डोटासरा को अध्यक्ष बनाया गया था।

राजनीतिक विश्लेषक इसे गहलोत का एक 'मैसेज' मान रहे हैं – खासकर तब जब विधानसभा चुनाव हारने के बाद कांग्रेस राजस्थान में नए सिरे से समीकरण साध रही है।

### एक लाख का इनामी बदमाश ज्ञानचंद एसटीएफ से मुठभेड़ में घायल

**बाराबंकी, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के बाराबंकी में बुधवार को रामनगर क्षेत्र के चौकाघाट इलाके में एसटीएफ ने मुठभेड़ के दौरान एक लाख रुपए के इनामी अपराधी ज्ञानचंद पासी को घायल हालत में गिरफ्तार कर लिया। हालांकि, इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इसकी पुष्टि एडीजी लॉ एंड ऑर्डर अमिताभ यश ने की है। पुलिस ने बताया कि यूपी के गोंडा जिले में लंबे समय से फरार शातिर अपराधी ज्ञान की एसटीएफ से मुठभेड़ हो गई, जिसमें वह घायल हो गया। उसके ऊपर एक लाख रुपए का इनाम रखा गया था। पुलिस को उसके पास से एक अवैध पिस्टल, एक राइफल और एक बंदूक एवं भारी मात्रा में कारतूस भी मिले।

उन्होंने बताया कि एक लाख का इनामी ज्ञानचंद पासवान पर हत्या-डकैती, चोरी समेत 70 से अधिक आपराधिक इतिहास दर्ज थे। एसटीएफ टीम को बड़ी कामयाबी मिली। पुलिस ने बताया कि 24/25 अप्रैल की रात घर में डकैती के दौरान बदमाश युवक के घर में घुसे थे। जगने पर युवक की गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने बताया कि ज्ञानचंद पर हत्या, डकैती और लूट समेत 70 से अधिक संगीन मुकदमे दर्ज थे।

# शिमला में संजौली मस्जिद के बाहर हंगामा, हनुमान चालीसा का पाठ

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल की राजधानी शिमला के सबसे बड़े उपनगर संजौली में स्थित विवादित मस्जिद को लेकर एक बार फिर माहौल गरमा गया है। मंगलवार शाम हिंदू संगठन देवभूमि संघर्ष समिति के सदस्यों ने मस्जिद के बाहर सड़क पर हनुमान चालीसा का पाठ कर विरोध जताया। वे मस्जिद स्थल की ओर बढ़ रहे थे लेकिन पुलिस ने उन्हें मौके पर जाने से रोका। इसके बाद उन्होंने सड़क पर ही बैठकर पाठ शुरू कर दिया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की।

संघर्ष समिति के सह-संयोजक विजय शर्मा ने कहा कि मस्जिद को अवैध घोषित किया गया है। ऐसे में इस विवादित स्थल पर किसी भी प्रकार की नमाज की अनुमति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने दावा किया कि मस्जिद जिस भूमि पर यह बनी है, वह जमाबंदी में देवस्थान के रूप में दर्ज है। विजय शर्मा ने चेतावनी दी कि अगर शुक्रवार को नमाज अदा की गई तो पूरे प्रदेश से सनातनी संजौली पहुंचेंगे और बड़ा आंदोलन खड़ा किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि अगर प्रशासन ने उन्हें हनुमान चालीसा पढ़ने से रोका है तो मुस्लिम समुदाय को भी वहां नमाज पढ़ने की अनुमति नहीं मिलनी चाहिए।

**बिजली-पानी काटने और आवाजाही पर रोक की मांग-** वहीं देवभूमि संघर्ष समिति के एक अन्य सह-संयोजक मदन ठाकुर ने आरोप लगाया कि कुछ बाहरी लोग शिमला में अवैध रूप से रह रहे हैं और प्रशासन उन्हें रोकने में विफल रहा है। उन्होंने मांग की है कि विवादित मस्जिद स्थल की बिजली-पानी की आपूर्ति तत्काल काटी जाए और वहां आवाजाही पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए। साथ ही उन्होंने चेताया कि यदि शुक्रवार को दोबारा नमाज हुई, तो वह अंतिम जुमे की नमाज होगी, इसके बाद संघर्ष से भी परहेज नहीं किया जाएगा। उन्होंने पूछा कि जब हिंदू समुदाय कानून का पालन कर रहा है तो मुस्लिम समुदाय को भी संविधान और इस्लाम के नियमों का पालन करना चाहिए।



मदन ठाकुर ने कहा कि उन्हें सड़क पर बैठाकर हनुमान चालीसा पढ़ने के लिए मजबूर किया गया। उन्होंने मुख्यमंत्री और पुलिस प्रशासन का धन्यवाद किया कि उनकी सुरक्षा की गई लेकिन सवाल उठाया कि अगर समय रहते सुरक्षा न मिलती तो बड़ी अनहोनी हो सकती थी।

### नगर निगम अदालत ने दी थी ढहाने की अंतिम चेतावनी

गौरतलब है कि संजौली मस्जिद को लेकर पिछले कुछ समय से विवाद चला आ रहा है। नगर निगम शिमला के आयुक्त भूपिंदर अत्री की अदालत ने 3 मई 2025 को मस्जिद के पूरे निर्माण को अवैध करार देते हुए इसे ध्वस्त करने का आदेश जारी किया था। इससे पहले 5 अक्टूबर 2024 को अदालत ने मस्जिद की ऊपरी तीन मंजिलें गिराने को कहा था। मस्जिद कमेटी को दो महीने का समय मिला था लेकिन समय पर निर्माण नहीं हटाया गया। बाद में दो बार और मोहलत मांगी गई परंतु अब भी एक मंजिल और पिलर अधूरे हैं। दरअसल मस्जिद का निर्माण रिहायशी इलाके के बीच है जिससे प्रशासन के लिए ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया आसान नहीं रही। सुरक्षा, यातायात और कानून-व्यवस्था की दृष्टि से प्रशासन अतिरिक्त सतर्कता बरत रहा है।

**11 सितंबर को भी खूब हुआ था हंगामा-** संजौली मस्जिद विवाद अगस्त 2024 में उस वक्त सुर्खियों में आया, जब शहर के मल्याणा क्षेत्र में दो समुदायों के बीच झड़प हो गई थी। इसमें एक व्यक्ति घायल हुआ था। इसके बाद 1 सितंबर को मस्जिद के बाहर तनाव की स्थिति उत्पन्न हुई। 11 सितंबर को हिंदू संगठनों ने मस्जिद के अवैध निर्माण के खिलाफ प्रदर्शन किया जो हिंसक हो गया और पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। कई प्रदर्शनकारी और पुलिसकर्मी घायल हुए थे।

# यूएई ने शारजाह में रचा इतिहास



**शारजाह, एजेंसी।** हैदर अली (3 विकेट) की घातक गेंदबाजी के बाद आलीशान शराफ (नाबाद 68) और आसिफ खान (नाबाद 41) की विस्फोटक पारियों की बदौलत संयुक्त अरब अमीरात ( यूएई) ने शारजाह में तीसरे टी20 मुकाबले में 5 गेंदे शेष रहते बांग्लादेश के खिलाफ 7 विकेट से जीत दर्ज करते हुए तीन मैचों की सीरीज को ऐतिहासिक रूप से 2-1 से अपने नाम कर लिया।

टेस्ट खेलने वाले देश के खिलाफ यूएई की दूसरी और बांग्लादेश के खिलाफ पहली सीरीज जीत है। इससे पहले यूएई ने साल 2021 में आयरलैंड को इसी अंतर से हराया था। शारजाह स्टेडियम में बुधवार की रात खेले गए टी-20 मुकाबले में यूएई ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की शुरुआत खराब रही और उसने 57 के स्कोर तक अपने पांच विकेट गवां दिये। बांग्लादेश के बल्लेबाजे हैदर अली की घातक गेंदबाजी के आगे बेबस नजर आए। बांग्लादेश का पहला विकेट दूसरे ओवर में परवेज हुसैन इमॉन (शून्य) के रूप में गिरा। कप्तान लिटन कुमार दास (14), मो. तौहीद हृदोय (शून्य), महेदी हसन (दो) और तंजिद हसन 18 गेंद पर (40) रनों की पारी खेली। इसके बाद शमीम हुसैन (नौ), रिशाद हुसैन (छह) और जाकेर अली 34 गेंदों में (41) रन बनाकर आउट हुये। यूएई के गेंदबाजों ने बांग्लादेश को निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 162 के स्कोर पर रोक दिया। यूएईकी ओर से हैदर अली ने चार ओवर में सात रन देकर तीन विकेट लिए। मतिउल्लाह खान और सगीर खान को दो-दो विकेट मिले।

अकिफ राजा और ध्रुव पराशर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी यूएई की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और उसने अपना पहला विकेट दूसरे ही ओवर में कप्तान मुहम्मद वसीम (नौ) के रूप में गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये आलीशान शराफु ने मुहम्मद जोहैब के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों के बीच 44 रनों की साझेदारी हुई। आठवें ओवर में रिशाद हुसैन ने मुहम्मद जोहैब (29) को बोल्ड इस साझेदारी का अंत किया। इसके बाद तंजीम अहमद ने राहुल चोपड़ा (13) को आउटकर पवेलियन भेज दिया।

इस दौरान दूसरे छोर पर खड़े आलीशान शराफु तेजी के साथ रन बनाते रहे। इसके बाद आसिफ खान ने आलीशान शराफ के साथ मोर्चा संभाला और टीम को ऐतिहासिक जीत की ओर ले गये। यूएई ने 19.1 ओवर में तीन विकेट पर 166 रन बनाकर मुकाबला सात विकेट से जीत लिया। आलीशान शराफ ने 47 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के लगाते हुए (नाबाद 68) रन बनाये। आसिफ खान ने 26 गेंदों में पांच छक्के लगाते हुए (41) रनों की नाबाद पारी खेली। बांग्लादेश की ओर से शोरिफुल इस्लाम, तनजीम हसन साकिब और रिशाद हुसैन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।



## आईपीएल 2025:

# जैकब बेथेल के जाने के बाद आरसीबी ने टिम सेफर्ट को टीम में किया शामिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने एक महत्वपूर्ण बदलाव की घोषणा की है। न्यूजीलैंड के धमाकेदार विकेटकीपर बल्लेबाज टिम सेफर्ट को युवा इंग्लिश खिलाड़ी जैकब बेथेल के अस्थायी प्रतिस्थापन के रूप में टीम में शामिल किया गया है।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने गुरुवार को न्यूजीलैंड के विस्फोटक विकेटकीपर बल्लेबाज टिम सेफर्ट को इंग्लैंड के युवा खिलाड़ी जैकब बेथेल के स्थान पर अस्थायी रूप से टीम में शामिल करने की घोषणा की। बेथेल को इंग्लैंड की राष्ट्रीय टीम के लिए अपनी सेवाएं देनी हैं, जिसके चलते वह सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ होने वाले मुकाबले के बाद स्वदेश लौटेंगे। आरसीबी ने एक आधिकारिक बयान में कहा, न्यूजीलैंड के विस्फोटक विकेटकीपर बल्लेबाज टिम सेफर्ट को जैकब बेथेल के स्थान पर आरसीबी में अस्थायी रूप से शामिल किया गया है। बेथेल सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ हमारे मैच के बाद इंग्लैंड के लिए राष्ट्रीय ड्यूटी पर लौटेंगे।

टिम सेफर्ट का अनुभव और प्रदर्शन

30 वर्षीय टिम सेफर्ट एक अनुभवी टी20 खिलाड़ी हैं, जिन्होंने न्यूजीलैंड के लिए 66 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और इस दौरान 1540 रन बनाए हैं। उनकी आक्रामक बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग कौशल उन्हें एक मूल्यवान खिलाड़ी बनाता है। सेफर्ट इससे पहले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के लिए 2021 में और दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के लिए 2022 में खेल चुके हैं। वह 2 करोड़ रुपये की कीमत पर आरसीबी में शामिल होंगे और 24 मई से टीम के साथ जुड़ेंगे।

# दिल्ली कैपिटल्स के इस खिलाड़ी ने आचार संहिता का किया उल्लंघन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल की एक विज्ञप्ति में कहा गया, मुकेश कुमार ने अनुच्छेद 2.2 के लेवल एक के उल्लघंन को और मैच रेफरी का जुर्माना स्वीकार कर लिया है। आईपीएल 2025 में बुधवार को मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को हराकर प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की की। हार के साथ-साथ दिल्ली के एक खिलाड़ी पर आईपीएल की आचार संहिता का उल्लंघन करने के आरोप में भारी जुर्माना लगा है। दिल्ली के तेज गेंदबाज मुकेश कुमार पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। मुकेश को अनुच्छेद 2.2 के अंतर्गत लेवल एक के उल्लघंन के लिए एक डिमेरिट अंक भी दिया गया जो मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण या कपड़े, मैदानी उपकरण या फिक्स्चर और फिटिंग के दुरुपयोग से संबंधित है। दिल्ली कैपिटल्स बुधवार को वानखेड़े में मुंबई इंडियंस से 59 रन से हारकर प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई।



# धमाकेदार शुरुआत करने के बाद पटरी से उतर गई दिल्ली कैपिटल्स की गाड़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में दिल्ली कैपिटल्स टीम का प्लेऑफ में जाने का सपना टूट गया है। डीसी को आईपीएल 2025 के 63वें मैच में मुंबई इंडियंस ने 59 रनों से हरा दिया। इसके साथ ही पांच बार की चैंपियन एमआई की टीम एक बार फिर प्लेऑफ में पहुंच चुकी है। एमआई के लिए आईपीएल 2025 की शुरुआत जिस तरह से हुई थी, उसके अनुसार उनका प्लेऑफ तक पहुंचना सराहनीय है। वहीं, डीसी की गाड़ी अच्छी शुरुआत के बाद भी पटरी से उतर गई। आईपीएल 2025 में एक के बाद एक लगातार चार मैच जीतकर धमाकेदार शुरुआत करने वाली दिल्ली कैपिटल्स की टीम एक समय शानदार लग रही थी। लेकिन उसके बाद उन्हें अहम मौकों पर हार का सामना करना पड़ा।

खास बात यह है कि डीसी को पहली हार एमआई के ही खिलाफ मिली थी। इस हार के बाद डीसी की लय कभी पहले जैसी नहीं रही। आईपीएल के इतिहास पर एक नजर डालें तो पता चलता है कि अक्सर शानदार शुरुआत के बाद भी कई टीमों को प्लेऑफ में जाने में सफलता नहीं मिलती है। इसका बड़ा कारण लीग स्टेज का लंबा होना है। डीसी के साथ 2016 सीजन में भी ऐसा हो चुका है, जब यह टीम शुरुआत के 7 मैचों में 5 मुकाबले जीतने के बाद भी प्लेऑफ में नहीं जा पाई थी। बिल्कुल यही स्थिति सीजन 2022 में सनराइजर्स हैदराबाद के साथ थी। पंजाब किंग्स की टीम भी सीजन 2018 में शुरुआती छह मैचों में पांच जीत के बावजूद प्लेऑफ की रेस से बाहर हो गई थी। हालांकि दिल्ली कैपिटल्स के लिए आईपीएल 2025 सीजन अधिक निराशाजनक साबित हुआ है। इसका कारण यह है कि वह पहली ऐसी टीम बन गई है जिसने शुरुआत के लगातार चार मैच जीतने के बाद भी प्लेऑफ में जगह हासिल नहीं की।

# बहुत तकलीफ में हैं हिटमैन

## आईपीएल 2025 के बाद रोहित शर्मा का ऑपरेशन!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रोहित शर्मा ने हाल ही में टेस्ट करियर को अलविदा कहा है, वो पहले ही टी20 फॉर्मेट से संन्यास ले चुके हैं. ऐसे में रोहित अब केवल ओडीआई मैच ही खेलेंगे. हिटमैन अभी आईपीएल 2025 में मुंबई इंडियंस के लिए खेल रहे हैं, जिसमें वो 11 मैचों में 300 रन बना चुके हैं. अब एक मीडिया रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि आईपीएल 2025 समाप्त होने के बाद रोहित बाईं हैमस्ट्रिंग की सर्जरी करवा सकते हैं. चूंकि रोहित अब सिर्फ ओडीआई मैच खेलेंगे और टीम इंडिया की अगली वनडे सीरीज बांग्लादेश के खिलाफ है, जो 17 अगस्त से शुरू होगी. आईपीएल 2025 का समापन 3 जून को होगा और उसके बाद रोहित को सर्जरी से उबरने के लिए करीब ढाई महीने का समय मिल सकता है. क्रिकब्लॉगर के हवाले से एक सूत्र ने बताया, रोहित शर्मा अगर 2027 वर्ल्ड कप में खेलना चाहते हैं तो यह उनकी सर्जरी के लिए सबसे सही समय है. रोहित कप्तान होने की जिम्मेदारी के कारण इस चोट को कई सालों से ढो रहे हैं, लेकिन रिटायरमेंट के बाद का शेड्यूल उन्हें सर्जरी से उबरने में मदद करेगा. इस मामले पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड या रोहित शर्मा की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है.



### रोहित ने अब तक क्यों नहीं करवाई सर्जरी

रोहित शर्मा ने सर्जरी करवाने में देरी क्यों की? इस पर सूत्र ने बताया कि तीनों फॉर्मेट में टीम इंडिया की कप्तानी के कारण उनके कंधों पर जिम्मेदारियों का बोझ था. चूंकि अब उन्हें केवल ओडीआईफॉर्मेट पर ध्यान लगाना होगा, ऐसे में आईपीएल 2025 के बाद मिलने वाले ब्रेक का रोहित फायदा उठा सकते हैं. बताते चलें कि रोहित शर्मा पूरे आईपीएल 2025 में इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर खेलते आए हैं. वो ऐसा क्यों कर रहे हैं, इसकी वजह का खुलासा नहीं हुआ है, लेकिन हैमस्ट्रिंग इंजरी इसका एक मुख्य कारण हो सकती है.

# टॉटेनहॅम हॉटस्पर ने यूरोपा लीग का खिताब जीता

- फाइनल में मैनचेस्टर यूनाइटेड को 1-0 से हराया, ब्रेनन ने मैच का इकलौता गोल किया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** टॉटेनहॅम हॉटस्पर ने यूरोपा लीग का खिताब जीत लिया है। टीम ने गुरुवार एथलेटिक बिलबाओ के सैन मैम्स स्टेडियम में खेले गए फाइनल में मैनचेस्टर यूनाइटेड को 1-0 से हराया।

इसी के साथ टॉटेनहॅम का यूरोपीय ट्रॉफी के लिए 41 साल का इंतजार खत्म हो गया। टीम ने पिछला खिताब 1984 में जीता था। टॉटेनहॅम का यह तीसरा यूरोपा लीग टाइटल है। टॉटेनहॅम का यह तीसरा यूरोपा लीग टाइटल है। ब्रेनन जॉनसन ने मैच का इकलौता गोल किया। मैच में दोनों टीमों के लिए मौके बनाना मुश्किल था। हालांकि, 42वें मिनट में टॉटेनहॅम को सफलता मिल गई। ब्रेनन जॉनसन ने मैच के 42वें मिनट में गोल किया। गोल का जश्न मनाते ब्रेनन।

टॉटेनहॅम ने 17 साल बाद कोई मेजर ट्रॉफी जीती है। टीम ने अपना पिछला बड़ा खिताब 2008 में जीता था.

# आईपीएल के उभरते सितारे सूर्यवंशी और म्हात्रे इंग्लैंड दौरे के लिए भारत की अंडर-19 टीम में शामिल



**मुंबई, एजेंसी।** आईपीएल 2025 के उभरते स्टार खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी और आयुष म्हात्रे को इंग्लैंड के आगामी दौरे के लिए भारत की अंडर-19 टीम में शामिल किया गया है। इन दोनों ने टूर्नामेंट के मौजूदा संस्करण में अपने-अपने पक्ष के लिए शानदार प्रदर्शन किया है। म्हात्रे इस दौरे पर टीम की अगुवाई करेंगे, जिसमें 24 जून से 23 जुलाई तक 50 ओवर का अभ्यास मैच, उसके बाद पांच मैचों की यूथ वनडे सीरीज और इंग्लैंड अंडर-19 के खिलाफ दो मल्टी-डे मैच शामिल हैं। मुंबई के अभिज्ञान कुंडू को म्हात्रे का डिप्टी नियुक्त किया गया है। सूर्यवंशी ने महज 14 साल की उम्र में आईपीएल में सबसे कम उम्र के शतक बनाने के बाद सुर्खियां बटोरीं। पिछले साल की नीलामी में राजस्थान रॉयल्स ने उन्हें 1.1 करोड़ रुपये में खरीदा था। सात मैचों में, इस किशोर ने एक शतक और एक अर्धशतक सहित 252 रन बनाए हैं। दूसरी ओर, म्हात्रा को चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की चोट के कारण मध्य सत्र में टीम में शामिल किया गया था। 17 वर्षीय मुंबई के बल्लेबाज ने पीली जर्सी में प्रभावशाली प्रदर्शन किया है और चेन्नई की कमजोर बल्लेबाजी इकाई में तुरंत प्रभाव डाला है। सलामी बल्लेबाज ने छह मैचों में 206 रन बनाए हैं, जिसमें एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 94 रनों की सर्वश्रेष्ठ पारी भी शामिल है।

यह जोड़ी पिछले साल यूएई में अंडर-19 एशिया कप में भारत की उपविजेता टीम का भी हिस्सा थी। अन्य उल्लेखनीय चयन में पंजाब के बल्लेबाज विहान मल्होत्रा और केरल के लेग स्पिनर मोहम्मद एनान शामिल हैं, दोनों ने चेन्नई और पुडुचेरी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2024 युवा श्रृंखला के दौरान प्रभावित किया।

**भारत अंडर19 टीम:**

आयुष म्हात्रे (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, विहान मल्होत्रा, मौल्यराजसिंह चावड़ा, राहुल कुमार, अभिज्ञान कुंडू (उप-कप्तान और विकेटकीपर), हरवंश सिंह (विकेटकीपर), आरएस अंबरीश, कनिष्क चौहान, खिलान पटेल, हेनिल पटेल, युधाजीत गुहा, प्रणव राघवेंद्र, मोहम्मद एनान, आदित्य राणा, अनमोलजीत सिंह।
**स्टैंडबाय खिलाड़ी :** नमन पुष्पक, डी दीपेश, वेदांत त्रिवेदी, विकल्प तिवारी, अलंकृत रापोल (विकेटकीपर)।

## डब्ल्यूडब्ल्यूई के बाद

# हॉलीवुड में तबाही मचाने को तैयार रोमन रेंस, मिल सकता है ये बड़ा रोल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** रोमन रेंस को प्रोफेशनल रेसलिंग में एक बड़ा नाम माना जाता है और वह डब्ल्यूडब्ल्यूई के इतिहास में सबसे महान सुपरस्टार्स में से एक माने जाएंगे। उनकी लोकप्रियता ने उन्हें मनोरंजन जगत में भी एक बड़ा नाम बना दिया है। रोमन रेंस कुछ फिल्म प्रोजेक्ट्स में पहले भी नजर आ चुके हैं। पिछले साल एक बड़ी हॉलीवुड फिल्म में अपनी पहली प्रमुख भूमिका के बाद रेंस को एक और बड़ा प्रोजेक्ट मिल सकता है। 21 मई, 2025 को डेडलाइन ने रिपोर्ट किया कि रोमन रेंस लोकप्रिय वीडियो गेम स्ट्रीट फाइटर के लाइव-एक्शन वर्जन का हिस्सा बनने के लिए बातचीत कर रहे हैं।

### अभी तक कुछ फाइनल नहीं

फाइटफुल के अनुसार, अभी तक कुछ भी फाइनल नहीं हुआ है। उन्होंने फिल्म और गेमिंग इंडस्ट्री में इस बारे में जानकारी हासिल की। हालांकि, वे यह रिपोर्ट करने में सक्षम थे कि रेंस को अकुमा के किरदार के लिए विचार किया जा रहा है। वीडियो गेम्स में अकुमा एक भावहीन और शक्तिशाली योद्धा है। फरवरी में यह खबर आई थी कि डायरेक्टर किताओ सकुराई इस प्रोजेक्ट का नेतृत्व करेंगे। उन्होंने डैनी और माइकल फिलिप्पो की जगह ली है, जो अप्रैल 2023 में इस प्रोजेक्ट से जुड़े थे। यह तब हुआ जब लेजेंडरी ने स्ट्रीट फाइटर आईपी के विशेष फिल्म और टीवी अधिकार हासिल कर लिए।

# 23 मई को नीरज और वेबर फिर आमने-सामने, दोनों ने दोहा में 90+ मीटर भाला फेंक कर मचाया था तहलका

**चोरजोव (पोलैंड), एजेंसी।** नीरज 2018 में 88 मीटर पार करने के बाद से 90 मीटर का थ्रो लगाने की कोशिश में जुट रहे। वह इस बात से राहत महसूस कर रहे हैं कि आखिरकार उनके कंधों से बोझ उतर गया है। पिछले हफ्ते दोहा में 90 मीटर का थ्रो फेंकने वाले दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा और जूलियन वेबर एक बार फिर आमने सामने होंगे। दोनों ही शुक्रवार को ओरलेन जानुस कुसोसिन्स्की मेमोरियल प्रतियोगिता की पुरुष भाला फेंक स्पर्धा में फिर इससे बड़ा थ्रो फेंकने की कोशिश करेंगे। नीरज ने दोहा डायमंड लीग में 90.23 मीटर दूर तक भाला फेंका, लेकिन उन्हें दूसरे स्थान से संतोष करना पड़ा क्योंकि जर्मनी के जूलियन वेबर ने अपने अंतिम प्रयास में 91.06 मीटर की दूरी से भारतीय एथलीट को पछाड़ दिया।



### नीरज और वेबर के साथ होंगे पीटर्स

2022 यूरोपीय चैंपियन और 2024 में रजत पदक विजेता वेबर ग्रेनाडा के दो बार के विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स (व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 93.07 मीटर) के साथ पोलैंड में होंगे। ग्रेनाडा दोहा में 84 मीटर के थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे। पोलैंड के राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारी मार्सिन क्रुकोव्स्की (व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 89.55 मीटर) के साथ हमवतन साइप्रियन मिर्जग्लोड (व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 84.97 मीटर), डेविड वेगनर (व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 82.21 मीटर), मोल्दोवा के एंड्रियन मार्डरे (86.66 मीटर) और यूक्रेन के आर्टूर फेलनर (व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 84.32 मीटर) आठ पुरुष खिलाड़ियों में शामिल हैं।

### 90 मीटर फेंक कर राहत महसूस कर रहे नीरज

नीरज 2018 में 88 मीटर पार करने के बाद से 90 मीटर का थ्रो लगाने की कोशिश में जुट रहे। वह इस बात से राहत महसूस कर रहे हैं कि आखिरकार उनके कंधों से बोझ उतर गया है, उन्होंने स्पष्ट किया कि 'यह तो बस शुरुआत थी' और वह आने वाले लंबे सत्र में और अधिक दूर भाला फेंकने की कोशिश करेंगे।

सोन वर्षा वाणी, हिन्दी दैनिक
औरंगाबाद, शुक्रवार, 23 मई 2025

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## न्यूज बाइट्स

### नाबालिग के लापता होने पर मां ने दर्ज कराई प्राथमिकी

**रफीगंज (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** रफीगंज प्रखंड के भदवा बाजार में नाबालिग बच्ची के लापता होने पर नाबालिग की मां ने रफीगंज थाना में आवेदन दिया। बताया कि कि 19 मई को मेरी बच्ची 7 वर्षीय पीहू कुमारी गायब है। काफी खोजबीन किया तो पता चला कि मेरी गोतनी की बेटी छोटी कुमारी भदवा बाजार से लेकर कहीं चली गई है। छोटी कुमारी पूर्व में किसी लड़का को लेकर 20 जनवरी को भाग गई थी। उसके माता-पिता ने रफीगंज थाना में भी पूर्व में भी मुकदमा किया था।

### मारपीट एवं हत्या के प्रयास के मामले में अभियुक्त गिरफ्तार

**औरंगाबाद (एसवीवी.सं.)।** जिले में अपराध और असामाजिक गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बन्देया थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। मारपीट एवं हत्या के प्रयास के एक गंभीर कांड में वांछित अभियुक्त को ग्राम झीकटिया से गिरफ्तार किया गया है।

खरीफ महाभियान-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन, किसानों को नई योजनाओं की दी गई जानकारी

# ड्रोन के माध्यम से कीटनाशक के छिड़काव और उस पर मिलने वाले अनुदान की दी गई जानकारी

- खरीफ मौसम में वैज्ञानिक खेती को बढ़ावा देना, उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाना।
- 100 क्विंटल मक्का बीज का लक्ष्य, 150/किग्रा या 50% अनुदान जो कम हो।
- जिले के 15 क्लस्टरों में 750 हेक्टेयर भूमि पर प्राकृतिक खेती की योजना। चयन प्रक्रिया पूरी।



**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

जिले में कृषि क्षेत्र को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने और किसानों को सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से गुरुवार को संयुक्त कृषि भवन, औरंगाबाद के प्रांगण में जिला स्तरीय शारदीय (खरीफ) महाभियान-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम 2025-26 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अपर समाहर्ता (आपदा), संयुक्त कृषि निदेशक (शस्य) मगध प्रमंडल, गया, जिला कृषि पदाधिकारी, औरंगाबाद, सहायक निदेशक कृषि अभियंत्रण, रसायन, पौधा संरक्षण, भूमि संरक्षण तथा आत्मा के उप परियोजना निदेशक और कृषि विज्ञान केन्द्र, सिरीस के वरीय वैज्ञानिक-सह-प्रधान ने संयुक्त रूप से किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य खरीफ मौसम में वैज्ञानिक तरीकों से खेती को बढ़ावा देना है ताकि उत्पादन और उत्पादकता में बढ़ोतरी हो सके। जिला कृषि पदाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि परंपरागत खेती के साथ-साथ नई तकनीक पर आधारित फसलों की खेती को अपनाना समय की मांग है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत औरंगाबाद जिले को 2025-26 के लिए 100 क्विंटल मक्का बीज का लक्ष्य मिला है, जिसमें किसानों को प्रति किलोग्राम बीज पर 150 रुपये या बीज दर का 50 प्रतिशत, जो न्यूनतम हो, अनुदान मिलेगा। इसी योजना में बेबी कॉर्न और स्वीट कॉर्न के उत्पादन के लिए भी अनुदान की व्यवस्था की गई है। बेबी कॉर्न के लिए 750 रुपये प्रति किलो अथवा 50 प्रतिशत अनुदान और स्वीट कॉर्न के लिए 2250 रुपये प्रति किलो अथवा 75 प्रतिशत, जो कम हो, सहायता दी जाएगी।

सहायक निदेशक, पौधा संरक्षण द्वारा ड्रोन के माध्यम से कीटनाशक के छिड़काव की प्रक्रिया और उस पर मिलने वाले अनुदान की जानकारी दी गई। वहीं सहायक निदेशक, उद्यान ने बताया कि अंजीर, ड्रैगन फ्रूट, केला और गेंदा के पौधे किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसके लिए किसान बिहार कृषि ऐप या horticulture.bihar.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

कार्यक्रम में मिट्टी जांच प्रयोगशाला के सहायक निदेशक ने मिट्टी नमूना लेने की विधि और प्राकृतिक खेती पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि जिले के 15 क्लस्टरों में कुल 750 हेक्टेयर भूमि पर प्राकृतिक खेती का कार्य प्रारंभ किया जा रहा है और इसके लिए आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। संयुक्त कृषि निदेशक, मगध प्रमंडल ने फार्मर रजिस्ट्री में औरंगाबाद को पहला स्थान मिलने पर विभाग को बधाई दी और अन्य योजनाओं को भी समय पर पूरा करने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम के अंत में अपर समाहर्ता (आपदा) ने कृषि विभाग के अधिकारियों और कर्मियों से अपील की कि वे किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करें और सरकार की योजनाओं को हर किसान तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। विदित हो कि प्रखंड स्तर पर भी शारदीय (खरीफ) महाभियान 26 मई से 6 जून के बीच आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन में प्रखंड कृषि पदाधिकारी, कृषि समन्वयक, तकनीकी प्रबंधक, किसान सलाहकार और जिले के प्रगतिशील किसान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# विधायक जनता की शिकायत पर पहुंचे अंचल कार्यालय, लोगों की समस्याओं का किया समाधान

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



चुनावी मौसम में जहां तमाम जनप्रतिनिधि प्रचार में व्यस्त हैं, वहीं औरंगाबाद सदर विधायक आनंद शंकर सिंह लगातार जनता दरबार लगाकर आम जनता की समस्याएं सुन रहे हैं। गुरुवार को एक बार फिर उनके आवास पर आयोजित जनता दरबार में बड़ी संख्या में फरियादी पहुंचे, जिनमें से कई लोगों ने औरंगाबाद अंचल अधिकारी की कार्यशैली को लेकर गंभीर शिकायतें कीं। ये पहली बार नहीं था जब अंचल अधिकारी को लेकर विधायक को शिकायत मिली हो। इससे पहले भी शिकायतें आ चुकी थीं, लेकिन जब शिकायतें बार-बार दोहराई जाने लगीं तो विधायक का सब्र टूट गया। जनता दरबार में फरियादियों की बात सुनने के बाद विधायक अचानक आवेश में आ गए और फरियादियों को अपने साथ लेकर सीधे औरंगाबाद अंचल कार्यालय की ओर निकल पड़े। जैसे ही वे अंचल कार्यालय पहुंचे, उन्हें पता चला कि अंचल अधिकारी वहां मौजूद ही नहीं हैं। यह देखकर विधायक का गुस्सा और भी ज्यादा भड़क गया। उन्होंने वहां मौजूद कर्मियों को जमकर फटकार लगाई और कहा कि सरकार वेतन इसलिए नहीं देती कि अधिकारी अपने घरों में बैठें, बल्कि उन्हें जनता की सेवा करनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार, घूसखोरी और बिचौलियों का बोलबाला है, जिससे आम जनता और किसान बेहद परेशान हैं।

विधायक ने चेतावनी दी कि यदि कार्यशैली में सुधार नहीं हुआ तो वे इस मामले को विधानसभा में भी उठाएंगे और जरूरत पड़ने पर सीधे कार्रवाई करेंगे। उन्होंने कहा कि अब बर्दाश्त की सीमा खत्म हो चुकी है, और जनता को परेशान करने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कदम उठाना जरूरी हो गया है। विधायक के गुस्से की सूचना जिला प्रशासन तक पहुंचते ही अधिकारी प्रशांत, शशि सिंह सहित अन्य जिम्मेदार लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभालने की कोशिश की। हालांकि अधिकारी उन्हें शांत कराने की कोशिश करते रहे, लेकिन विधायक ने साफ कह दिया कि जब तक फरियादियों की समस्याओं का समाधान नहीं होगा, वे वहां से नहीं हटेंगे।

इसके बाद अंचल कार्यालय परिसर में गर्मी और चिलचिलाती धूप के बीच कुर्सियां लगाकर खुले मैदान में ही ऑन स्पॉट जनता की समस्याओं का समाधान शुरू किया गया। विधायक खुद उन कुर्सियों पर बैठे, उनके साथ वरीय अधिकारी और अंचल कार्यालय के कर्मी भी बैठ गए। फरियादियों की शिकायतों को वहीं सुना गया और जिन मामलों का तत्काल समाधान संभव था, उसका मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया। समस्याओं के निपटारे के बाद विधायक ने सभी से अनुमति ली और अपने आवास की ओर रवाना हुए, लेकिन जाते-जाते उन्होंने अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि जिन मामलों की शिकायतें आई हैं, उनकी कार्रवाई रिपोर्ट उन्हें समय पर उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अगर कार्यशैली में सुधार नहीं हुआ तो वे सप्ताह में एक दिन औरंगाबाद और देव अंचल कार्यालय में स्वयं जनता दरबार लगाएंगे और आम लोगों की समस्याओं का समाधान कराएंगे। विधायक की इस सक्रियता और तेवर को लेकर लोगों में चर्चा है कि चुनावी मौसम में उन्होंने जनता की समस्याओं को प्राथमिकता देकर एक मिसाल पेश की है। वहीं अंचल कार्यालय की लापरवाही एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है।

# बीआरबीसीएल में 'बालिका सशक्तिकरण अभियान' का शुभारंभ, 40 बालिकाओं का हुआ पंजीकरण



**निज संवाददाता | नवीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर स्थित भारतीय रेल बिजली कंपनी लिमिटेड (बीआरबीसीएल) पावर प्लांट में गुरुवार को बालिकाओं के भविष्य को संवारने की दिशा में एक नई पहल की शुरुआत हुई। बीआरबीसीएल और भारतीय रेल के संयुक्त सीएसआर फ्लैगशिप परियोजना के अंतर्गत 'बालिका सशक्तिकरण अभियान 2025' की शुरुआत बालिकाओं के पंजीकरण कार्यक्रम के साथ की गई। इस अवसर पर बीआरबीसीएल के कॉरपोरेट कम्युनिकेशन एक्जीक्यूटिव देवेश मिश्रा ने जानकारी दी कि इस अभियान के लिए कुल 40 बालिकाओं का पंजीकरण किया गया है। यह कार्यक्रम न केवल पंजीकरण तक सीमित है, बल्कि एक दूरगामी सोच और परिवर्तनकारी प्रयास की दिशा में बढ़ा हुआ कदम है। अभियान का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को शिक्षा, कौशल विकास और नेतृत्व क्षमता के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर देना है, जिससे वे समाज में आत्मनिर्भर और सशक्त बन सकें। देवेश मिश्रा ने बताया कि यह पहल बीआरबीसीएल की सामाजिक प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिसमें जमीनी स्तर पर प्रतिभाओं को निखारकर एक समान और समावेशी भविष्य के निर्माण की सोच शामिल है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम केवल शिक्षा तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसमें व्यक्तिगत विकास, करियर गाइडेंस, तकनीकी प्रशिक्षण और नेतृत्व कौशल को भी शामिल किया जाएगा, जिससे इन बालिकाओं को समाज में आत्मविश्वास के साथ अपने सपनों को साकार करने का मार्ग मिले। इस अभियान के तहत जिन बालिकाओं का चयन हुआ है, उन्हें साल भर विभिन्न प्रशिक्षणों, सेमिनारों और प्रेरणात्मक कार्यक्रमों में भाग लेने का मौका मिलेगा। बीआरबीसीएल की यह पहल न केवल नबीनगर और औरंगाबाद क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है, बल्कि यह संदेश भी देती है कि उद्योग जगत सामाजिक दायित्व को भी गंभीरता से निभा रहा है।

# पुनपुन नदी तटबंध व सिंचाई कार्यों में तेजी लाने के निर्देश, 658 करोड़ की योजनाओं की समीक्षा




**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

जिले में पुनपुन नदी के तटबंध, नहरों और अन्य सिंचाई संरचनाओं के निर्माण व मरम्मत कार्यों को लेकर एक अहम समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल की अध्यक्षता में पटना स्थित सिंचाई भवन के सभागार में संपन्न हुई, जिसमें विभागीय अभियंताओं के साथ-साथ औरंगाबाद क्षेत्र के मुख्य अभियंता (सिंचाई सृजन) तथा संवेदक भी उपस्थित रहे। बैठक में बताया गया कि औरंगाबाद जिले के लिए कुल 658.12 करोड़ की योजनाओं को प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त है, जो जिले के किसानों के लिए बड़ी सौगात है। इनमें पुनपुन नदी के तटबंध और उससे जुड़े अवयवों के निर्माण हेतु 89.57 करोड़, पुनपुन शाखा नहर के लिए 43.94 करोड़, जबकि किंजर वितरणी नहर निर्माण हेतु 9.12 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है। इन योजनाओं का उद्देश्य जिले के विभिन्न इलाकों में सिंचाई नेटवर्क को सशक्त बनाना है, जिससे खेती की निर्भरता मानसून पर कम हो और किसानों को सालभर जल की सुविधा मिल सके। प्रधान सचिव ने समीक्षा के दौरान अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि कार्यों की गति में और तेजी लाई जाए तथा निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी भी कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही हो, तो उसे अविलंब दूर किया जाए, ताकि सभी योजनाएं निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरी हों। उन्होंने यह भी हिदायत दी कि सभी कार्यों का सतत निरीक्षण किया जाए और उसकी प्रगति की नियमित रिपोर्टिंग विभाग को उपलब्ध कराई जाए।

प्रधान सचिव ने कहा कि जल संसाधन विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराना है और इसके लिए पूरी कार्य प्रणाली को चुस्त-दुरुस्त रखने की जरूरत है। पुनपुन नदी तटबंध योजना से न सिर्फ क्षेत्र में बाढ़ नियंत्रण और जल संचयन की सुविधा बढ़ेगी, बल्कि नहरों और वितरणी संरचनाओं के माध्यम से खेतों तक पानी पहुंचाना भी आसान होगा। इस योजना के पूर्ण होने से औरंगाबाद जिले के हजारों किसान लाभान्वित होंगे।

# मादक पदार्थ के तस्कर को कोर्ट ने दिया दोषी करार, 31 मई को सुनाई जाएगी सजा

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

औरंगाबाद व्यवहार न्यायालय के जिला जज-1 सह एनडीपीएस कोर्ट के विशेष न्यायाधीश इसरार अहमद की अदालत ने मादक पदार्थ की तस्करी के एक मामले में तस्कर को दोषी करार दे दिया। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि कोर्ट ने बारूण थाना कांड संख्या-117/22, जीआर-13/22 में निर्णय पर सुनवाई करते हुए एकमात्र काराधीन अभियुक्त को मादक पदार्थ तस्करी के आरोप में दोषी ठहराया है। स्पेशल पीपी परवेज अख्तर ने बताया कि अभियुक्त पंजाब के गुरदासपुर के पावरझांगी निवासी बलजीत सिंह को कोर्ट ने एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं में दोषी करार देते हुए सज़ा के बिंदु पर सुनवाई की तारीख 31 मई निर्धारित की है। अभियुक्त घटना के समय से ही जेल में बंद हैं। उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय से भी उसे जमानत नहीं मिली है। अधिवक्ता ने बताया कि बारूण थाना को गुप्त सूचना मिली थी कि जोगिया के पास एनएच-19 पर एक लाइन होटल के संचालक बलजीत सिंह मादक पदार्थ बेचता है। सूचना की सत्यता की जांच के लिए बारूण थाना की टीम ने होटल पर 25 मार्च 2022 को छापेमारी की। तलाशी के दौरान 29 किलो डोडा चूरा, पोश्ता, सुखा, टिकीया, कैप्सूल के साथ बलजीत सिंह को गिरफ्तार किया गया था। मामले में अभियोजन के पक्ष में 08 गवाही हुई थी।

## 30 साल बाद डकैती मामले में आया कोर्ट का फैसला, मिली पांच साल की कैद




**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

बिहार की एक अदालत ने डकैती के एक मामले में तीस साल बाद गुरुवार को सजा सुनाई। मामले में औरंगाबाद व्यवहार न्यायालय के जिला जज-8 मनीष जायसवाल की अदालत ने डकैत को पांच साल कैद और जुर्माना की सजा सुनाया है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि कोर्ट ने ओबरा थाना कांड संख्या-132/95, एसटीआर-259/96, 245/24 में सज़ा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए आरोपी गयाजी के चंदौती भिखनपुर निवासी अमित कुमार सिंह को पांच साल कैद और पांच हजार के जुर्माना की सजा सुनाई है। उन्होने बताया कि आरोपी को कोर्ट ने 16 मई को डकैती के प्रयास के आरोप में दोषी करार दिया था और बंधपत्र विखंडित कर जेल भेज दिया था। मामले में अभियोजन की ओर से एपीपी प्रदीप कुमार सिंह ने सरकार की ओर से न्यायिक बहस में भाग लिया।

# सड़क हादसे में मजदूर की मौत

**औरंगाबाद(एसवीवी सं.)।** औरंगाबाद में तेज रफ्तार वाहन ने सड़क किनारे खड़े मजदूर को रौंद दिया। आनन-फानन में परिजन सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के अजकरवे हसौली गांव के पास की है। मृतक की पहचान यारी टोला अमोला बिगहा निवासी नीतीश ठाकुर(36) के तौर पर हुई है। परिजनों ने बताया कि हर दिन की तरह मजदूरी करने के लिए सुबह घर से निकला था। पिपरडीह जाने के लिए गाड़ी का इंतजार कर रहा था। इस दौरान अनियंत्रित गाड़ी ने टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों से हादसे की जानकारी मिली। जिसके बाद परिवार के सदस्य अस्पताल पहुंचे। जिला परिषद सदस्य अनिल यादव ने बताया कि मृतक चार भाइयों में सबसे छोटा था। 10 साल पहले उसकी शादी हुई थी। घर की आर्थिक हालत ठीक नहीं है। प्रशासन से पीड़ित परिवार के लिए उचित मुआवजा देने की मांग की है। घरवालों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं, थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि सड़क हादसे में मजदूर की मौत हुई है। पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार के लिए शव परिजनों को सौंप दिया गया है। आरोपी ड्राइवर का पता लगाया जा रहा है।

# पुलिस पदाधिकारियों और जवानों को दिया गया तकनीकी प्रशिक्षण, अनुसंधान कार्य में बढ़ेगी दक्षता

- विशेषज्ञों ने विभिन्न केस स्टडी के जरिए तकनीक के व्यावहारिक उपयोग को बताया।



**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

गुरूवार को पुलिस कार्यालय स्थित सभा कक्ष में एक विशेष तकनीकी प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मियों को कांड के अनुसंधान में तकनीकी उपकरणों और डिजिटल माध्यमों के प्रभावी उपयोग से संबंधित जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण सत्र में प्रोजेक्टर के माध्यम से विभिन्न तकनीकी पहलुओं को समझाया गया, जैसे—डिजिटल एविडेंस का संकलन, मोबाइल डाटा विश्लेषण, सीसीटीवी फुटेज की जांच, साइबर अपराधों की पहचान, कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) का विश्लेषण और अन्य तकनीकी टूल्स की मदद से केस के अनुसंधान को बेहतर बनाने की विधियाँ। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य यह था कि पुलिसकर्मी आधुनिक तकनीकी उपकरणों से लैस होकर अनुसंधान कार्य को तेज़, सटीक और न्यायसंगत बना सकें। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों ने विभिन्न केस स्टडी के माध्यम से तकनीक के व्यावहारिक उपयोग को विस्तार से समझाया। प्रशिक्षण में जिले के थानों से आए पुलिस अधिकारी, दारोगा, सिपाही एवं अन्य तकनीकी इकाइयों के कर्मी शामिल रहे। सभी ने उत्साहपूर्वक प्रशिक्षण लिया और इस बात पर जोर दिया कि आज के डिजिटल युग में तकनीकी जानकारी पुलिस अनुसंधान का एक अनिवार्य हिस्सा बन चुकी है। कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण सत्र आगे भी आयोजित किए जाएंगे, ताकि हर स्तर पर पुलिस बल को तकनीकी रूप से और अधिक सशक्त किया जा सके। इस पहल से यह उम्मीद की जा रही है कि आने वाले दिनों में आपराधिक मामलों की जांच अधिक प्रभावी और वैज्ञानिक तरीके से हो सकेगी, जिससे न्याय व्यवस्था को गति मिलेगी और आम जनता का पुलिस प्रशासन पर विश्वास और भी मजबूत होगा।

# अनुग्रह मध्य विद्यालय में मशाल खेलकूद कार्यक्रम का संकुल स्तरीय आयोजन



**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

शहर के अनुग्रह मध्य विद्यालय में मशाल खेलकूद कार्यक्रम के तहत संकुल स्तरीय स्पोर्ट्स इवेंट का आयोजन किया गया। इवेंट का शुभारंभ प्रभारी डीईओ सह डीपीओ लेखा योजना दीपक कुमार एवं विद्यालय के हेडमास्टर उदय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथियों एवं संकुल से आए अन्य बच्चों का स्वागत करते हुए हेडमास्टर ने कहा कि राज्य भर में बिहार राज्य खेल प्राधिकार के महानिदेशक रवींद्रन शंकर के पत्रानुसार संकुल स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता 22 से 24 मई के बीच होना है, जिसमें स्कूल स्तर के विजेता भाग लेंगे। इसी क्रम में संकुल के बच्चों ने आज एथलेटिक्स के कई प्रतियोगिताओं में भाग लिया। हेडमास्टर ने कहा कि खेलकूद का करिकुलम में समावेशन एक प्रभावी हस्तक्षेप है जिससे बच्चों में टीम वर्क, अनुशासन एवं बेहतर स्वास्थ के प्रति संचेतना जागृत होती है। प्रभारी डीईओ सह लेखा योजना के डीपीओ ने कहा कि जिले भर में सभी संकुल स्तर पर आज से मशाल कार्यक्रम आरंभ हो गया है। डीपीओ ने अनुग्रह स्कूल एवं अन्य स्कूलों के बच्चों के चेहरे पर तरंगित खुशी को सरकार की सफलता बताया।

# संज्ञा समिति जिला इकाई की बैठक सम्पन्न, 25 मई को गयाधाम में होने वाले चुनाव को लेकर बनी रणनीति

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



संज्ञा समिति जिला इकाई औरंगाबाद की एक महत्वपूर्ण बैठक गुरुवार को अहरी हनुमान नगर स्थित जिला कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अशोक पांडेय ने की, जबकि संचालन समिति के संरक्षक शैलेन्द्र मिश्र शैल ने किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य 25 मई 2025 को गयाधाम में आयोजित होने वाले संज्ञा समिति के नई कार्यकारिणी के चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न कराना था। इसी सिलसिले में संज्ञा समिति के केंद्रीय पदाधिकारियों की एक विशेष टीम औरंगाबाद पहुंची, जहां उन्होंने जिला इकाई के सदस्यों के साथ विचार-विमर्श किया और ज्यादा से ज्यादा लोगों को आगामी चुनाव में भाग लेने की अपील की। बैठक में केंद्रीय कमेटी के पदाधिकारियों ने औरंगाबाद जिला इकाई द्वारा विगत दो महीनों में किए गए कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि समिति ने समाजिक जुड़ाव और संगठन विस्तार की दिशा में सराहनीय प्रयास किए हैं। साथ ही यह भी कहा गया कि समिति से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ना ही संगठन की मजबूती का आधार होगा। जिला अध्यक्ष अशोक पांडेय ने कहा कि औरंगाबाद जिला इकाई पूरी तैयारी के साथ 25 मई को गयाधाम में होने वाले चुनाव में भाग लेने जा रही है और जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में प्रतिनिधि वहां पहुंचेंगे। उन्होंने आमजन से भी अपील की कि वे संगठन की मजबूती के लिए अधिक संख्या में चुनाव में भाग लें। इस बैठक में केंद्रीय कार्यकारिणी के वरिष्ठ पदाधिकारी भूतपूर्व अध्यक्ष देवेंद्र कुमार पाठक, भूतपूर्व सचिव गोपाल मिश्र, महासचिव बृजनंदन पाठक तथा कोषाध्यक्ष डॉ. राघवेन्द्र मिश्र गुणी की गरिमामयी उपस्थिति रही। वहीं जिला इकाई के प्रमुख सदस्य पूर्व अध्यक्ष गोवर्धन पाठक, संरक्षक शैलेन्द्र मिश्र शैल, सचिव विनय कुमार मिश्र, उपाध्यक्ष आशुतोष पाठक, उज्ज्वल रंजन, उप संयोजक हरी पाठक और कोषाध्यक्ष संतोष मिश्रा भी बैठक में उपस्थित रहे। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई और सभी सदस्यों ने आगामी चुनाव को लोकतांत्रिक और पारदर्शी तरीके से कराने के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया।

# महिला की सांप काटने से मौत

**निज संवाददाता | दाउदनगर(औरंगाबाद)**

औरंगाबाद में खेत की ओर गई एक महिला को सांप ने डंस लिया, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। सांप के काटने के बाद महिला किसी तरह घर पहुंची। यहां से परिजन पहले दाउदनगर अनुमंडल अस्पताल लेकर गए। यहां डॉक्टर ने प्राथमिक इलाज के बाद महिला की गंभीर हालत को देखते हुए उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि परिजन सदर अस्पताल न ले जाकर झाड़फूंक के लिए तांत्रिक के पास ले गए, जहां महिला ने दम तोड़ दिया। घटना दाउदनगर प्रखंड के रेपूरा गांव की है। जानकारी के मुताबिक, तांत्रिक के पास ले जाने के बाद करीब एक घंटे तक महिला का झाड़-फूंक चला। लेकिन जब महिला की स्थिति में सुधार नहीं हुआ, तो तांत्रिक ने हाथ खड़ा कर दिया। इसके बाद महिला को औरंगाबाद सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने नब्ज टटोलते ही उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद सदर अस्पताल में मौजूद कई लोगों ने डॉक्टर की ओर से मृत घोषित किए जाने के बावजूद दोबारा महिला को झाड़-फूंक के लिए बक्स बाबा मंदिर ले जाने को कहा। लेकिन परिजनों को विश्वास हो चुका था कि सुनैना देवी की मौत हो गई है। परिजन बिना पोस्टमार्टम कराए ही शव को अंतिम संस्कार के लिए घर लेकर चले गए। मृतका के दो बेटे और एक बेटी हैं, जिनमें से किसी की भी अभी शादी नहीं हुई है। पति उदय साव रेपुरा बाजार में ठेला लगाकर परिवार का पालन-पोषण करते हैं।

# एक जून को पृथ्वीराज चौहान जयंती समारोह पर विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन




**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

जिला मुख्यालय औरंगाबाद की महत्वपूर्ण सामाजिक संस्था पृथ्वीराज चौहान चैरिटेबल ट्रस्ट की महत्वपूर्ण बैठक ब्लॉक मोड स्थित पृथ्वीराज चौहान स्मृति स्थल के प्रांगण में आयोजित की गई। ट्रस्ट अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप नारायण सिंह के अध्यक्षता में आयोजित बैठक का संचालन सचिव स्वर्णजीत कुमार सिंह द्वारा किया गया। मासिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए सचिव ने गत बैठक की संपुष्टि की और आगामी एक जून को वीर शिरोमणि, सनातन संस्कृति के रक्षक पृथ्वीराज चौहान जयंती समारोह धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। कोषाध्यक्ष विकास कुमार सिंह द्वारा मासिक आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया।जयंती समारोह धूमधाम से मनाने वास्ते उपाध्यक्ष डॉ संजीव रंजन के नेतृत्व में एक समिति का गठन किया गया।

# अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन पर निकली पर्यावरण जागरूकता रैली



**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

पूर्व मध्य रेल के डीडीयू मंडल अंतर्गत औरंगाबाद के अनुग्रह नारायण रोड रेलवे स्टेशन पर गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस को लेकर पर्यावरण जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई। 5 जून तक चलने वाले इस अभियान में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, कचरा प्रबंधन एवं प्लास्टिक मुक्त वातावरण आदि की दिशा में रेल कर्मियों सहित आमजन को जागरूक करने हेतु पर्यावरण एवं गृह प्रबंधन विभाग के समन्वय में अन्य रेल विभागों के सहयोग से अनेक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इसी कड़ी में आज स्टेशन पर पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली गई। गौरतलब है कि पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे इन कार्यक्रमों का उद्देश्य जनभागीदारी के माध्यम से पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाना तथा हरित एवं स्वच्छ भारत की दिशा में एक मजबूत कदम उठाना है।

# 65 लीटर महुआ शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

जिले में अवैध शराब निर्माण, भंडारण, सेवन और परिवहन पर पूर्णतः अंकुश लगाने हेतु औरंगाबाद पुलिस लगातार मुस्तैदी से कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में बारुण थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बारुण थानांतर्गत एनएच-19 पर एक मोटरसाइकिल से भारी मात्रा में शराब की तस्करी किए जाने की गुप्त सूचना पुलिस को मिली थी। सूचना के आधार पर बारुण थाना की पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक मोटरसाइकिल को रोककर तलाशी ली, जिसमें कुल 65 लीटर महुआ निर्मित अवैध देशी शराब बरामद की गई।

इस दौरान मौके से एक अभियुक्त को गिरफ्तार भी किया गया है, जिसकी पहचान की जा रही है और उससे पूछताछ जारी है। गिरफ्तार अभियुक्त से यह जानकारी भी प्राप्त करने का प्रयास किया जा रहा है कि यह शराब कहाँ से लाई गई थी और कहाँ इसकी आपूर्ति की जानी थी। बारुण थाना की यह कार्रवाई अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ एक कड़ा संदेश है कि किसी भी हाल में शराब तस्करी और निर्माण जैसे कार्यों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।